वर्ष- 13 अंक - 212
लखनऊ, रविवार 5 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



शहर कोतवाली प्रभारी को सात दिन का कारावास 10
स्वच्छता रैंकिंग सुधार में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की अहम भूमिका : एके शर्मा 03

## 2017 से पहले शिक्षा सरकार के एजेंडे में नहीं थी : योगी

▸ शिक्षा सिर्फ प्रमाणपत्र देने या डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं : योगी आदित्यनाथ

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने काशी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में शिक्षा सरकार के एजेंडे में नहीं थी और न ही गरीब व सामान्य बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दी जाती थी। हालांकि उस समय नकल की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जाता था।

मुख्यमंत्री ने यहां कंपोजिट विद्यालय शिवपुर से 'स्कूल चलो अभियान' का विधिवत शुभारंभ किया। प्रदेश में 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र 2026-27 शुरू हो चुका है और इसी क्रम में 1 से 15 अप्रैल तक अभियान का पहला चरण चलाया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल प्रमाणपत्र या डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के संस्कार, व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने का सशक्त साधन है। उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि 'ऑपरेशन काया कल्प' के तहत प्रदेश के एक लाख 36 हजार से अधिक विद्यालयों को बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। वहीं 'ऑपरेशन निपुण' के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में ड्रॉपआउट दर 19 प्रतिशत से अधिक थी, जो अब घटकर लगभग 3 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने बताया कि पहले स्कूलों में शौचालय, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव था, जिसे अब दूर किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और 'शैक्षिक नवाचार एवं उपलब्धियां' पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही बच्चों को पाठ्य पुस्तकें और कॉपियां वितरित कीं तथा निपुण विद्यालयों और विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए।




### बच्चों की जिज्ञासा को बढ़ाना ही हमारा काम

मुख्यमंत्री ने एक स्कूल का खास तौर पर जिक्र कर कहा कि एक स्कूल में गया था, जहां प्रधानाचार्य ने बताया कि अब उनके स्कूल में बच्चों की संख्या लगातार घट रही है। 10 से कम बच्चे रह गए हैं, नए सत्र में शायद ये बच्चे भी न आएं। मैंने प्रधानाचार्य से पूछा कि आखिर ये बच्चे कहां जा रहे हैं, जवाब मिला- बच्चों में पढ़ने की रुचि नहीं है। तब मैंने उनसे कहा था कि बच्चों में पढ़ने की रुचि नहीं या आप में पढ़ाने की रुचि नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की जिज्ञासा को बढ़ाना ही हमारा काम है। अगर शिक्षक अपनी इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे तो परिणाम बेहतर आएंगे।

### 1.42 लाख शिक्षामित्रों व 24 हजार अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाने का ऐलान

सीएम योगी ने वाराणसी में शनिवार को 1.42 लाख शिक्षामित्रों और 24 हजार अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाने का ऐलान किया। कहा इसी महीने से शिक्षामित्रों को 18 हजार और अनुदेशकों को 17 हजार रुपए मानदेय मिलेगा। अभी तक शिक्षामित्रों को 10 हजार और अनुदेशकों को 9 हजार रुपए ही मिल रहे थे। सीएम ने 26 फरवरी को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में शिक्षामित्रों और अनुदेशकों की सैलरी बढ़ाने की बात कही थी। यूपी में 2001 से शिक्षामित्रों की नियुक्ति शुरू हुई थी। सपा की सरकार ने 2013-14 में शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक के पद पर समायोजित किया था। जिनका समायोजन नहीं हुआ उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने 12 सितंबर, 2015 को इन शिक्षामित्रों का समायोजन रद्द करने का आदेश दिया। सपा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। 25 जुलाई, 2017 को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए शिक्षामित्रों का समायोजन रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से एक साथ 1.72 लाख सहायक अध्यापक फिर शिक्षामित्र बना दिए गए। 50 हजार रुपए वेतन पाने वाले फिर 3500 रुपए महीने के मानदेय पर आ गए। इसके खिलाफ प्रदेश भर से आए शिक्षामित्रों ने लखनऊ में गोमती के तट पर बड़ा आंदोलन किया। आंदोलन के बाद सरकार ने शिक्षामित्रों का मानदेय 3500 से बढ़ाकर 10 हजार रुपए महीने करने की घोषणा की। शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक भर्ती में वरीयता देने के लिए 68,500 सहायक अध्यापक भर्ती की घोषणा भी की। शिक्षामित्रों को आयु सीमा के साथ 25 बोनस अंक भी दिए गए। उसके बाद 2019 में फिर 69,000 सहायक अध्यापक भर्ती की घोषणा की। इसमें भी शिक्षामित्रों को आयु सीमा में छूट के साथ बोनस अंक दिए गए। दोनों भर्ती में करीब 13 हजार से अधिक शिक्षामित्र सहायक अध्यापक बने। प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में करीब 1.42 लाख शिक्षामित्र हैं। प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक छात्र अनुपात 1:30 होना चाहिए। शिक्षामित्रों की संख्या के कारण ही परिषदीय स्कूलों में यह अनुपात 1.22 है। शिक्षा मित्रों की संख्याबल के कारण ही शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि फिलहाल सहायक टीचर भर्ती की आवश्यकता नहीं है।

## 2029 से 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लक्ष्य : पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पीएम मोदी ने कहा है कि संसद 16 से 18 अप्रैल के बीच फिर से बैठक करेगी, जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा कर इसे आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2029 से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है।

केरल के तिरुवल्ला में शनिवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक देश में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने और लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। अब संसद में इस पर विस्तार से चर्चा होगी और सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे इस विधेयक का समर्थन करें, क्योंकि यह केवल राजनीति नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण का विषय है। प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जनसंख्या के आधार पर सीटों के पुनर्निर्धारण को लेकर जो आशंकाएं जताई जा रही हैं, वे निराधार हैं। उन्होंने कहा कि सीटें कम नहीं होंगी, बल्कि बढ़ेंगी, जिससे दक्षिण भारत सहित सभी राज्यों को लाभ मिलेगा।



▸ 16-18 अप्रैल को संसद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर चर्चा

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,50,930/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,38,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,13,200/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |



## ट्रम्प का ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम

▸ तय समय में जलमार्ग नहीं खोला गया, तो अमेरिका कर सकता है कड़ी कार्रवाई

**एजेंसी, वॉशिंगटन।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तय समय में यह जलमार्ग नहीं खोला गया, तो अमेरिका कड़ी कार्रवाई कर सकता है।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि समय तेजी से खत्म हो रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि पहले ईरान को 10 दिन का समय दिया गया था, लेकिन अब यह अवधि घटाकर 48 घंटे कर दी गई है।

होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां किसी भी तरह का अवरोध अंतरराष्ट्रीय बाजार पर बड़ा असर डाल सकता है। ट्रम्प ने संकेत दिया कि अगर ईरान ने इस मार्ग को खोलने में देरी की, तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इसी के साथ, ट्रम्प ने नाटो पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने गठबंधन को कमजोर और गैर-भरोसेमंद करार देते हुए कहा कि मौजूदा हालात में यह अपने दायित्वों को प्रभावी ढंग से निभाने में विफल रहा है। ट्रम्प ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका नाटो के साथ अपने संबंधों की समीक्षा कर सकता है। उन्होंने ईरान से जुड़े मौजूदा तनाव के दौरान कुछ सहयोगी देशों के रुख पर नाराजगी जताई। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प के इन बयानों से पश्चिम एशिया में जारी तनाव और बढ़ सकता है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ने की आशंका है।



### ईरान ने नया एयर डिफेंस सिस्टम किया तैनात

**तेहरान।** ईरान ने क्षेत्र में जारी सैन्य तनाव के बीच अपनी रक्षा रणनीति को मजबूत करते हुए नया एयर डिफेंस सिस्टम तैनात करने का दावा किया है। ईरानी सेना के अनुसार, इस आधुनिक प्रणाली का उद्देश्य देश की हवाई सुरक्षा क्षमता को बढ़ाना और दुश्मन के लड़ाकू विमानों को रोकना है। ईरान के संयुक्त सैन्य कमांड ख़तम अल-अंबिया वायु रक्षा बेस ने कहा कि यह नया सिस्टम हाल ही में तैनात किया गया है और इसका इस्तेमाल अमेरिकी लड़ाकू विमान को निशाना बनाने के लिए भी किया गया। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। ईरानी सेना का कहना है कि एक महीने से अधिक समय से जारी अमेरिका-इजराइल के हवाई हमलों के बावजूद वह जल्द ही अपने एयरस्पेस पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर लेगा।

### ईरान ने अमेरिकी कमांड सेंटर व पैट्रियट सिस्टमों को बनाया निशाना

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच 35 दिनों से युद्ध जारी है। इस बीच, ईरान की सैन्य इकाई इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने अमेरिकी सैन्य ठिकानों और मिसाइल रक्षा प्रणालियों पर बड़े पैमाने पर हमले किए हैं। इन हमलों में अमेरिका के कमांड सेंटर, पैट्रियट मिसाइल सिस्टम से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया।



## मोदी सरकार का दावा, ईरान के साथ भुगतान की कोई समस्या नहीं, कच्चे तेल की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि ईरान से कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं है और रिफाइनरियां उस देश के साथ ही दुनिया भर के विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं से तेल हासिल कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में उन खबरों को खारिज किया, जिनमें दावा किया गया था कि ईरानी कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर अपने पहले से संकेतित गंतव्य भारत के बजाय चीन की ओर मुड़ गया है।

मंत्रालय ने कहा कि ये दावे उद्योग के उस सामान्य अभ्यास की अनदेखी करते हैं, जहां परिचालन लचीलेपन के आधार पर यात्रा के दौरान कार्गो अपना गंतव्य बदल सकते हैं। यदि यह खेप भारत आती, तो लगभग सात वर्षों में ऐसी पहली खेप होती। मंत्रालय ने इन दावों को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया कि भुगतान बाधाओं के कारण कार्गो को गुजरात के वाडिनार के बजाय चीन की ओर मोड़ा गया था। मंत्रालय ने कहा, ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान की कोई बाधा नहीं है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया, भारत 40 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात करता है, और कंपनियों के पास विभिन्न स्रोतों और भौगोलिक क्षेत्रों से तेल प्राप्त करने का पूर्ण लचीलापन है। मंत्रालय के अनुसार, पश्चिम एशिया में आपूर्ति बाधाओं के बीच, भारतीय रिफाइनरियों ने ईरान सहित अपनी कच्चे तेल की आवश्यकताओं को सुरक्षित कर लिया है, और अफवाहों के विपरीत ईरानी कच्चे तेल के आयात के लिए भुगतान की कोई बाधा नहीं है।




### अभी तक कुल आठ जहाज सुरक्षित निकले, और दो जहाज निकलने की तैयारी में

पश्चिम दिशा में जारी जंग के दौरान भारत के एलपीजी टैंकर ग्रीन सानवी ने सफलता पूर्वक हॉर्मुज स्ट्रेट पार कर शनिवार को एक बार फिर देश को काफी राहत वाली खबर दी है। हॉर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी के कारण वहां दुनिया भर के जहाज फंसे हुए हैं। वहीं भारत एक-एक कर अपने जहाजों को वहां से सुरक्षित निकल रहा है। ग्रीन सानवी समेत अभी तक कम से कम आठ भारतीय जहाज हॉर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकल चुके हैं। इन आठ जहाजों के अलावा दो और जहाज ग्रीन आशा और जग विक्रम के भी आने वाले दिनों में हॉर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत पहुंचने की उम्मीद है।

### संक्षिप्त समाचार

#### कुएं में गिरी कार, एक ही परिवार के नौ लोगों की दर्दनाक मौत

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक कार के कुएं में गिरने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। मरने वालों में छह बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे डिंडोरी कस्बे के शिवाजी नगर इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि ये सभी लोग इलाके में एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे, तभी उनकी कार कार्यक्रम स्थल के पास ही स्थित एक कुएं में गिर गई। स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाओं के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा आधी रात के आसपास दो क्रेन और तैराकों की मदद से कार एवं उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला। अधिकारी ने बताया कि ये सभी लोग डिंडोरी तालुका के इंदौर गांव के दरगुडे परिवार के सदस्य थे। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान सुनील दत्तु दरगुडे (32), उनकी पत्नी रेशमा, आशा अनिल दरगुडे (32) और परिवार के छह बच्चों के रूप में हुई है, जिनमें सात से चौदह वर्ष की आयु वर्ग की पांच लड़कियां और ग्यारह वर्षीय लड़का शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि शवों को डिंडोरी के सरकारी अस्पताल में लाया गया है और मामला दर्ज कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

#### वैध पहचान पत्र दिखाकर मिलेगा पांच किलो का सिलेंडर



**नई दिल्ली।** सरकार ने प्रवासी मजदूरों और छात्रों को राहत देते हुए उनकी रसोई गैस की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कहा है कि वे वैध पहचान पत्र दिखाकर एलपीजी वितरक से सिलेंडर ले सकते हैं इसके लिए उनके पास पते का प्रमाण पत्र होना जरूरी नहीं है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पश्चिम एशिया संकट के मद्देनर सरकार पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, और लोग पेट्रोल और डीजल की घबराहट में खरीदारी तथा एलपीजी की अनावश्यक बुकिंग से बचें।

## यूपी बोर्ड 2026 : छूटे प्रयोगात्मक परीक्षार्थियों को अंतिम अवसर 09 से 10 अप्रैल तक

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित अथवा छूटे हुए छात्र-छात्राओं को अंतिम अवसर देने की घोषणा की है। यह जानकारी देते हुए शनिवार को परिषद के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि छूटे हुए परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 9 एवं 10 अप्रैल को आयोजित कराई जाएंगी।

उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा 2026 पूर्व में जारी निर्देशों के अनुसार सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा नियुक्त परीक्षकों के माध्यम से कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा छूट गई है, तो उनकी परीक्षा उसी विद्यालय में आयोजित की जाएगी। वहीं, यदि कुछ परीक्षार्थी ही छूटे हैं, तो उनकी परीक्षा जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) द्वारा जनपद मुख्यालय स्तर पर निर्धारित परीक्षा केंद्र पर कराई जाएगी। परिषद ने छूटे हुए परीक्षार्थियों से कहा है कि वे अपने पंजीकृत विद्यालय या जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से संपर्क कर निर्धारित परीक्षा केंद्र और तिथि की जानकारी प्राप्त कर परीक्षा में शामिल हों। सचिव ने स्पष्ट किया है कि इसके बाद प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए कोई और अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

## लखनऊ में गिरफ्तार चार संदिग्ध आतंकियों को पांच दिन की कस्टडी रिमांड पर भेजा गया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने शनिवार को संदिग्ध चार आतंकियों को एटीएस/एनआईए की विशेष न्यायालय में पेश किया गया है। न्यायालय ने सभी को पांच दिन के लिए पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश जारी किया है। पुलिस कस्टडी रिमांड पांच अप्रैल की सुबह 10 बजे से नौ अप्रैल को शाम छह बजे तक रहेगी।

उत्तर प्रदेश के कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश ने शनिवार को जारी बयान में कहा है कि यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी हैंडलर्सों के संपर्क में रहने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। ये लोग देश विरोधी गतिविधियों को संचालित कर रहे थे।



गिरोह का मुख्य सदस्य मेरठ का रहने वाला साकिब उर्फ डेविल नाई का काम करता है। उसका परिचय मेरठ निवासी आकिब ने इंस्टाग्राम के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर्स से कराया गया था। एके-47 के साथ आकिब की कई वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित है, जिसकी जांच की जा रही है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार आकिब दुबई में रहा रहा है। साकिब कई कट्टरपंथी ग्रुपों, पाकिस्तानी हैंडलर्स और अफगानिस्तान के नंबरों से जुड़ गया था।

यह गिरोह सदस्य रेलवे सिग्नल बॉक्स, गैस सिलेंडर से भरे ट्रकों में आग लगाने और राजनैतिक व्यक्तियों के रेकी करने के काम में लगा था। अभियुक्तों ने कुछ थानों पर आगजनी की घटनाएं भी अंजाम दी थीं, जिनके वीडियो बनाकर पाकिस्तान भेजे जाते थे। पाकिस्तानी हैंडलर इन्हें टेलीग्राम, इंस्टाग्राम के माध्यम से ओसामा बिन लादेन, फरुतुल्ला गोरी, कश्मीर मुजाहिद्दीन, गजवा-ए-हिंद तथा धर्म के आधार पर वाहन जलाने के लिए उकसाते थे और षडयंत्र रचते थे।

## कोडीन कफ सिरप मामले में पांच माह से फरार शिवम गिरफ्तार

**कानपुर, समृद्धि न्यूज।**

कानपुर में अवैध कोडीन युक्त कफ सिरप के बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए पुलिस ने 25 हजार के इनामी शिवम अग्रवाल को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है, जो पिछले पांच माह से फरार चल रहा था।

पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने शनिवार को बताया कि मामले में पहले दर्ज आठ मुकदमों में 11 आरोपित वांटेड थे, जिनमें यह छठी और अहम गिरफ्तारी मानी जा रही है। हैरान करने वाली बात यह है कि शुरुआती एफआईआर में जहां 26 लाख बोतलों का जिक्र था, वहीं जांच में यह आंकड़ा बढ़कर करीब एक करोड़ बारह लाख बोतलों तक पहुंच गया है। पूछताछ में सामने आया है कि शातिर ने बताया कि दो फर्जी कंपनियों के जरिए इस पूरे अवैध कारोबार को संचालित कर रहा था और कई राज्यों में इसका नेटवर्क फैला हुआ था।

इस पूरे मामले ने न सिर्फ स्वास्थ्य व्यवस्था बल्कि ड्रग कंट्रोल सिस्टम की भी गंभीर खामियां उजागर कर दी हैं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि गिरफ्तार शिवम अग्रवाल की लंबे समय से तलाश की जा रही थी और उसकी लोकेशन लगातार गुड़गांव, राजस्थान, दिल्ली और प्रयागराज में ट्रेस हो रही थी। आखिरकार सटीक सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## यूपीपीएससी-2024 : उत्कर्ष वर्मा ने मारी बाजी

▸ 197वीं रैंक लाकर बढ़ाया मान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

29 मार्च 2026 को घोषित यूपीपीएससी-2024 परीक्षा परिणाम में बहुत से युवाओं ने कठिन परिश्रम से सफलता हासिल की है, तो कुछ ने पहले ही प्रयास में अच्छे रैंक हासिल कर उप जिलाधिकारी बन गए। ऐसे ही एक युवा परीक्षार्थी हैं, उत्कर्ष वर्मा।

जिन्होंने घोषित परीक्षा परिणाम में 197वां रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि अपने जिला, रिश्तेदारों, मित्रों और स्कूल कॉलेज का भी मान बढ़ाया है।

समृद्धि न्यूज को दिए साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि वह लखनऊ के रहने वाले हैं और लखनऊ पब्लिक स्कूल से 12वीं, एलयू से स्नातक और आईटी रुड़की से इलेक्ट्रॉनिक एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में बी-टेक किया है। जिसके उपरांत उत्कर्ष ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 1 साल तक जॉब भी किया।



इस दौरान यूपीपीसीएस-2022 परीक्षा भी वह निकाल चुके हैं और रैंक के आधार इन्हें बीएसएफ में इन्हें सहायक कमांडेंट का पद मिला। फिलहाल अभी श्री वर्मा गृह मंत्रालय में पोस्ट हैं। आम जनता को न्याय दिलाने की इनकी दिली इच्छा काफी पहले से रही है, जो प्रशासनिक सेवा में रहकर ही संभव है। इस लिए इन्होंने प्रशासनिक सेवा चुनने का निर्णय लिया और दिल्ली में रहकर तैयारी शुरू की। इनकी कड़ी मेहनत और सेवा भाव की लगन ने यूपीपीसीएस -2024 परीक्षा परिणाम में भी सफलता दिलाई। फिलहाल परिणाम आने के उपरांत बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। श्री वर्मा बताते हैं कि अगर उद्देश्य, मेहनत और दिल में लगन हो तो कोई भी परीक्षा कठिन नहीं हो सकती। अब उत्कर्ष वर्मा आम जनता और जिला प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनकर सेवा देने को तैयार हैं।

सनद रहे उत्कर्ष वर्मा के पिता अरुण कुमार वर्मा भी एक पीसीएस अधिकारी रहे हैं। वहीं उत्कर्ष वर्मा का छोटा भाई भी अपनी मेहनत और लगन से आज एमबीबीएस डॉक्टर बन चुका है। दोनों होनहारों की चर्चाएं भी खूब हो रही हैं।

## आंधी बारिश से बिजली आपूर्ति प्रभावित, फसलों को नुकसान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत आसपास के कई जिलों में शनिवार को देर शाम तेज आंधी (तूफान) के साथ बारिश और ओलावृष्टि ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। बारिश से सबसे ज्यादा असर बिजली आपूर्ति लड़खड़ा गई है और विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। जानकारों की माने तो इस आंधी बारिश से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं बिजली के पोल, पेड़ और टीन शेड टूटकर गिरने से जनहानि के साथ भारी नुकसान पहुंचा है। प्रशासन की टीमें राहत कार्य में जुट गई हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले दो दिन तक आंधी पानी के साथ ओलावृष्टि के आसार बने रहेंगे।

लखनऊ मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल सिंह ने बताया कि यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण हुआ है, जिसके चलते तेज बारिश ने मौसम का मिजाज बिगाड़ दिया है और आंधी पानी के साथ ओले गिरने के रूप में सामने आई है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह तक मौसम सामान्य था, लेकिन दोपहर होते-होते आसमान में बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। कई इलाकों में 40 से 50 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली, जिससे धूल उड़ने लगी और दृश्यता प्रभावित हुई। इससे लखनऊ सहित आसपास के जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा, गरज-चमक और कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की सूचना है। मौसम में यह बदलाव देर रात तक जारी रह सकता है। इस अचानक मौसम बदलाव से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई है। तेज हवा और बारिश से गेहूं और अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा।



### बारिश आंधी से गिरे बिजली के पोल व पेड़ से हुआ भारी नुकसान

उत्तर प्रदेश में अचानक बदले मौसम के चलते भारी नुकसान हुआ है। देर शाम को शुरू हुई बारिश आंधी से बिजली के पोल, पेड़, जर्जर मकान, टीन शेड गिरने की घटनाएं लखनऊ समेत कानपुर, वाराणसी, बुंदेलखंड के कई जिलों आदि में देखने को मिली है। सबसे ज्यादा इस तरह की घटनाएं कानपुर जिले की सामने आई हैं। जिले में थाना काकादेव क्षेत्र अंतर्गत कुलवंती अस्पताल के पास तेज आंधी-तूफान के दौरान सड़क से गुजर रहे एक ऑटो पर अचानक पेड़ गिर पड़ा और उसमें बैठे करीब 4 से 5 लोग घायल हो गए। हादसे में सगी बहनें जमुना देवी (62) और राजकुमारी के साथ ही जमुना देवी की बेटी ज्योत्सना मौजूद थीं। इस हादसे में जमुना देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी ज्योत्सना गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका इलाज स्वरूप नगर के मधुराज अस्पताल में जारी है। वहीं राजकुमारी इस हादसे में बाल-बाल बच गईं। इस तरह पेड़ और कई जगहों पर पोल गिरने से जनजीवन पर प्रतिकूल असर पड़ा है। ऐसा ही हालात कई जिलों में आंधी बारिश के चलते देखने को मिल रहे हैं।

# डीएम-एसपी ने सुनी जनता की फरियाद समस्याओं के निस्तारण के दिये निर्देश




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में मनकापुर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल व राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस दौरान अधिकारीगणों द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। अधिकारीगणों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों से अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अवगत कराते हुये प्रार्थना-पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्यवाही एवं समस्याओं के निस्तारण के लिये निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# शिक्षा व्यापार नहीं अधिकार : शिवम

**आखिर निजी स्कूल कब बंद करेंगे हर साल किताबों को बदलने का धंधा**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आज यात्रा के दौरान एक छात्र को अपनी पुरानी किताबें रद्दी के भाव बेचते देखा, क्योंकि स्कूल ने अगले साल के लिए किताबें बदल दी हैं। यह सिर्फ किताबों का बदलना नहीं, एक गरीब परिवार की कमर तोड़ना है।

मेरी आपसे पुरजोर मांग है कि प्रदेश में 'फीस रेगुलेशन कानून' लागू हो मांग सिर्फ इतनी है कि शिक्षा पर एक सख्त कानून बने ताकि किताबें बार-बार न बदली जाएं और शिक्षा सत्याग्रह का सपना साकार हो सके। हर घर पढ़ाई, हर घर न्याय!



गाँव-गाँव, डगर-डगर... गूँज रहा है शिक्षा का अधिकार! पिछले एक हफ्ते से लगातार शिक्षा सत्याग्रह जन अधिकार यात्रा के माध्यम से हम हर दरवाजे तक पहुँच रहे हैं। आज पुनः ग्रामीणों के साथ मिलकर शासन को अपनी मांगों से अवगत कराने के लिए पत्र लेखन अभियान चलाया गया। जब तक हर हाथ को किताब और हर छात्र को उसका हक नहीं मिल जाता, यह संघर्ष जारी रहेगा।

# पत्रकार रवि गर्ग वंशी की गिरफ्तारी के विरोध में पत्रकार समाज कल्याण समिति ने मंडल आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**पत्रकार सुरक्षा बिल लागू करने की मांग**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को पत्रकार समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष नरेंद्र लाल गुप्ता की अगुवाई में मंडल आयुक्त देवीपाटन परिक्षेत्र को एक ज्ञापन सोपा गया जिसमें महामहिम एम राष्ट्रपति महोदया भारत सरकार नई दिल्ली से मांग किया गया पत्रकार रवि गर्ग वंशी ने किसी की कही हुई बातों को अपने चैनल के माध्यम से प्रसारित किया था जिसमें पत्रकार का अधिकार है कि वह किसी के द्वारा कहे हुए बातों को अपने चैनल के या समाचार पत्र के माध्यम से जनता के सामने परोसै और क्योंकि यह समाचार देश के रक्षा मंत्री के विरुद्ध थी इसीलिए दिल्ली पुलिस ने पूछताछ के बहाने बुलाया और पत्रकार को तिहाड़ जेल भेज दिया



ऐसे में पत्रकार समाज कल्याण समिति भारत सरकार से यह मांग करती है कि अभिलंब पत्रकार रवि गर्ग वंशी की रिहाई कराकर उन्हें ससम्मान उनके घर भिजवाने का कार्य करें क्योंकि दिल्ली पुलिस के इस कृत्य की पत्रकार समाज कल्याण समिति घोर निंदा करती है और भविष्य में किसी पत्रकार साथी के साथ ऐसा निंदनीय कार्य न करने के लिए सुझाव भी देती है ज्ञापन देते समय मंडल अध्यक्ष देवेंद्र नाथ शुक्ला, रोहित वर्मा ,अयूब आलम, सुनील तिवारी, कल्पनाथ त्रिपाठी, सौरभ गुप्ता ,सतीश जायसवाल ,ऋषभ मिश्रा ,ओमकार पांडे ,महेश गोस्वामी ,प्रमोद पांडे सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद थे और दिल्ली पुलिस की इस शर्मनाक हरकत के लिए सभी में रोष व्याप्त था ।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में अधिवक्ता की मौत



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवा अधिवक्ता की जान चली गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के बनकटवा ईदगाह के पास हुए इस हादसे में 27 वर्षीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, प्रदीप कुमार अपनी अपाचे मोटरसाइकिल से बस्ती स्थित अपने ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान अयोध्या की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से उन्हें गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार और अधिवक्ता समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रदीप कुमार गोंडा न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत थे और एक वर्ष पहले ही उनका विवाह हुआ था। वह अपने परिवार में तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही पोस्टमार्टम हाउस पर अधिवक्ताओं की भीड़ जुट गई, जहां सभी ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। नगर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने बस चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बार-बार पैसे की मांग से तंग आकर प्रेमी ने प्रेमिका को उतारा था मौत के घाट



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बार बार पैसा मांगने से तंग आ कर प्रेमी ने ही प्रेमिका शीला की हत्या कर दिया था। पुलिस ने इस का खुलासा किया है। पुलिस ने प्रेमी अरुण कुमार पुत्र बैजनाथ कुम्हार निवासी चौगाई थाना काराकाट (गोड़ारी) जिला रोहतास (बिहार) को रेलवे स्टेशन से सोनी गुमटी को जाने वाली रोड पर से गिरफ्तार कर उसके निशादेही पर चाकू बरामद कर लिया है। बीते 30 मार्च को थाना को देहात में अशोक कुमार पुत्र रामनरेश निवासी भीटी भदवल थाना कोतवाली देहात में सूचना दी कि उनकी लड़की शीला उम्र करीब 25 वर्ष रविवार के दिन दोपहर में खेत पर गयी थी, जो अब तक वापस नहीं आयी है काफी तलाश की गयी लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली जिस का मुकदमा गुमशुदगी का दर्ज किया गया था। बृहस्पति वार के दिन कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भदावल में एक गन्ने के खेत में एक युवती के शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली, जिस पर तत्काल स्थानीय पुलिस एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। शव की शिनाख्त कराई गई तो वादी अशोक कुमार द्वारा बताया गया कि यह शव उनकी बेटी शीला का है। शिनाख्त के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया गया तथा फील्ड यूनिट/डॉग स्क्वाड टीम को घटना स्थल पर बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में पुलिस एसओजी/। सर्विलांस सहित चार टीम का गठन किया गया था। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात को घटना का शीघ्र अनावरण करने एवं अभियुक्त की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए थे। कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा मैनुअल एवं तकनीकी साक्ष्य संकलन के आधार पर ब्लाइंड मर्डर का सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले प्रकाश में आये हत्याभियुक्त अरुण कुमार पुत्र बैजनाथ कुम्हार निवासी चौगाई थाना काराकाट (गोड़ारी) जिला रोहतास (बिहार) को रेलवे स्टेशन गोण्डा से सोनी गुमटी को जाने वाली रोड पर से गिरफ्तार कर उसके निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अदद चाकू बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा कारवाही की गई। पूछताछ के दौरान अरुण ने बताया कि उसकी शीला से वर्ष 2022 में सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती हुई थी, दोनों रील्स बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करते थे, तभी से दोनों सम्पर्क में थे और वे कई बार मिल भी चुके थे। वह उससे प्यार करता था और सहयोग के रूप में शीला को उसने कई बार में करीब डेढ़ लाख रुपये नगद व ऑनलाइन माध्यम से दे चुका था। बीते 9. मार्च को आखिरी बार उसने ऑनलाइन माध्यम से 11 हजार रुपये शीला को भेजा था। इसके बाद भी शीला द्वारा बार – बार पैसे की मांग करते हुए उस पर दबाव बनाया जा रहा था । इसके अलावा आरोपी को शक था कि मृतका किसी अन्य लड़के से भी बातचीत करती है और उसको धोखा दे रही है, जिस कारण से उसका मृतका से मनमुटाव हो गया था । जिससे क्षुब्ध होकर उसने शीला (मृतका) को ठिकाने लगाने की योजना बनाई और शीला (मृतका) से मिलने गोंडा आया। दिनांक 29. मार्च .2026 को उसने मृतका को विश्वास में लेकर ग्राम भदवल के पास स्थित एक गन्ने के खेत में मिलने के लिए बुलाया और रील बनाने का बहाना बनाते हुए उसके दोनो हाथ पीछे करके रस्सी से बाँध दिये और चाकू से मृतका के गले पर वार करके योजनाबद्ध तरीके से उसकी हत्या कर दी और चाकू ले जाकर च्यवन मुनि आश्रम के पास झाड़ियों में छिपा दिया और उसके बाद वह मौके से फरार हो गया था।

### मासूम पर कुत्ते ने किया हमला, परिजनों के दौड़ने पर बची जान, जिला अस्पताल में इलाज जारी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रानीपुर इलाके में एक चार साल के मासूम बच्चे पर कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्चा अपनी मां के साथ ननिहाल आया था और घर के दरवाजे पर खेल रहा था। चीख–पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण लाठी–डंडे लेकर दौड़े, जिसके बाद कुत्ता भाग गया। रामगांव थाना क्षेत्र के सरैया ग्राम निवासी लियाकत अली की पत्नी अपने चार साल के बेटे अशद के साथ रानीपुर थाना क्षेत्र के पिपरिया रामपुर स्थित अपने मायके आई हुई थीं। यह घटना शाम के समय हुई। घायल मासूम को तत्काल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे की हालत स्थिर बताई जा रही है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से इलाके में घूम रहे आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।

# भरत जी का चरित्र त्याग, प्रेम व धर्मनिष्ठा का उदाहरण : स्वामी प्रणव

**आर्यनगर में श्रीराम कथा के तृतीय दिवस में कथा व्यास स्वामी प्रणव पुरी महाराज उज्जैन द्वारा अत्यंत भावपूर्ण प्रसंगों का किया गया वर्णन**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आर्यनगर में श्रीराम कथा तृतीय दिवस स्वर्गीय श्री गंगा प्रसाद मिश्रा एडवोकेट की प्रथम पुण्यस्मृति के अवसर पर आयोजित चार दिवसीय श्रीराम कथा के तृतीय दिवस में कथा व्यास स्वामी प्रणव पुरी महाराज उज्जैन द्वारा अत्यंत भावपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया गया आज की कथा में मुख्य रूप से भरत जी का ननिहाल से अयोध्या आगमन एवं माता कैकेयी के साथ



उनका मार्मिक संवाद प्रस्तुत किया गया।

स्वामी प्रणव पुरी जी महाराज ने कथा के दौरान बताया कि भरत जी का चरित्र त्याग, प्रेम और धर्मनिष्ठा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने माता कैकेयी के समक्ष धर्म और मर्यादा की जो स्थापना की, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। तृतीय दिवस के अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष भाजपा अकबाल बहादुर तिवारी, पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह,डॉ अनिल मिश्रा निजी सचिव, श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्रीय मंत्री, जीएसटी एडिशनल कमिश्नर भूपेंद्र शुक्ला, शिव कुमार शुक्ला आबकारी अधिकारी लखनऊ, ब्लॉक प्रमुख कटरा भवानी भीख शुक्ला, डॉ. राजेश पांडे, बैजनाथ दूबे पूर्व विधायक, बिनोद कुमार शुक्ला एवं विवेक पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक एपी मिश्रा तथा संचालन आरपी मिश्रा द्वारा किया गया। साथ ही परिवारी जनों में डॉ ओ. पी. मिश्रा, अतुल, निखिल, मिश्रा अखिल मिश्रा, बृज किशोर पाण्डेय एवं डॉ विकल्प, कीर्ति मिश्रा, दद्दन शुक्ला, देवप्रभाकर, की सक्रिय सहभागिता रही।

कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और सभी भक्तगण भावविभोर होकर कथा का श्रवण करते रहे।

# सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पयागपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने इमरजेंसी कक्ष, लेबर रूम, वार्ड एवं फार्मेसी का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की स्थिति को परखा। उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सकीय देखभाल की जानकारी भी प्राप्त की।मरीजों से मिली प्रतिक्रिया के



आधार पर सीएमओ ने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, समय पर उपचार, दवाओं की उपलब्धता तथा स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी, डॉ शरद भारती बीपीएम अनुपम शुक्ल सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। सीएमओ ने सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

## स्टंट बाजी व शराब का खतरनाक खेल, बबया पुल पर बड़ा हादसा



**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़** क्षेत्र में युवाओं की लापरवाही एक बार फिर भारी पड़ गई। बबया पुल पर देर शाम कुछ युवक शराब के नशे में तेज रफ्तार बाइक से स्टंट कर रहे थे, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में तीन युवक को हल्की चोटें आई है , जबकि एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक काफी देर से पुल पर खतरनाक स्टंट कर रहे थे और शराब के नशे में धुत थे। इसी दौरान बाइक ने नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार के कारण हादसा हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भिजवाया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए सी एच सी पयागपुर भिजवाया । इस घटना के बाद पूरे पयागपुर क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्टंट बाजी और शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह के हादसों पर रोक लग सके।

## पैतृक गांव जा रहा युवक लापता, अनहोनी की आशंका



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में एक युवक दो दिन से लापता है। वह अपने घर से पैतृक गांव जाने के लिए निकला था, लेकिन अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचा। परिजनों ने देहात कोतवाली में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। देहात कोतवाली इलाके के ढापाली पुरवा निवासी युवराज सिंह का छोटा भाई अनुराग सिंह गुरुवार दोपहर को अपने पैतृक निवास गदामार खुर्द ग्राम, हरदी थाना क्षेत्र के लिए निकला था। देर रात तक अनुराग का कोई पता न चलने पर परिवार के सदस्यों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी नहीं मिली, जिसके बाद उन्होंने देहात कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर दी। परिवार को किसी अनहोनी की आशंका है और वे इस घटना से काफी परेशान हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लापता युवक की तलाश शुरू कर दी है।

# कागजों में जिंदा आदमी की हत्या! तहसील पर संगीन आरोप

**मिहींपुरवा-बहराइच समृद्धि न्यूज़**

मिहींपुरवा तहसील से निकली यह कहानी किसी घोटाले से कम नहीं, बल्कि जिंदा इंसान की कागजी हत्या और जमीन की सुनियोजित लूट का सनसनीखेज मामला है। यहां एक व्यक्ति को सरकारी फाइलों में 'मार' दिया गया, उसकी जमीन छीन ली गई, और 30 साल बाद भी सिस्टम की नींद नहीं टूटी। मोतीपुर तहसील क्षेत्र के अमृतपुर गांव निवासी राजेंद्र ने जब मुंह खोला, तो प्रशासन की परतें उधड़ती नजर आईं। आरोप है कि वर्ष 1991 में गांव के ही एक दबंग ने अधिकारियों से साठगांठ कर उनके पिता खूब लाल को जिंदा होते हुए भी मृत घोषित करा दिया और उनकी जमीन–गाटा संख्या 67,



**30 साल से सिस्टम की कब्र में दफन न्याय**

रकबा 0.516 हेक्टेयर–को हड़प लिया।ये गलती नहीं, सुनियोजित खेल था। यह कोई मामूली लापरवाही नहीं, बल्कि पूरा प्लान बनाकर किया गया जमीन हड़पने का खेल बताया जा रहा है। कागजों में मौत दिखाओ, वरासत बदलवाओ और जमीन कब्जा लो–और सिस्टम आंख मूंदे बैठा रहे। न्याय मिलाज लेकिन सिर्फ कागजों में 1995 में जब फर्जीवाड़ा पकड़ा गया, तो खूब लाल ने केस लड़ा और तहसीलदार ने फर्जी वरासत निरस्त करने का आदेश भी दे दिया। लेकिन असली खेल यहीं से शुरू हुआ–आदेश फाइलों में दबा दिया गया और जमीन पर कब्जा जस का तस बना रहा। 30 साल की त्रासदी–इंसाफ से पहले मौत। न्याय की लड़ाई लड़ते-लड़ते खूब लाल दुनिया छोड़ गए, लेकिन उनका हक आज भी सरकारी कागजों में लंबित पड़ा है। अब बेटा राजेंद्र उसी सिस्टम से लड़ रहा है– जिसने उसके जिंदा पिता को कागजों में मार दिया था।

### तहसील या 'फर्जीवाड़े का अड्डा'?

स्थानीय लोगों में गुस्सा फूट पड़ा है। लोगों का कहना है– यहां जिंदा को मार दिया जाता है और मरे को जिंदा दिखाकर जमीनें लूटी जाती हैं। यह बयान सिर्फ गुस्सा नहीं, बल्कि सिस्टम पर सीधा आरोपपत्र है अधिकारी फिर वही 'जांच' का ढोल एसडीएम राम दयाल का कहना है–जांच कर कार्रवाई होगी। लेकिन जनता पूछ रही है– क्या 30 साल से चल रही ये 'जांच' अब भी अधूरी है या जानबूझकर दबाई जा रही है? सीधा सवाल सिस्टम से अगर एक जिंदा आदमी को कागजों में मारकर उसकी जमीन छीनी जा सकती है, अगर आदेश के बाद भी 30 साल तक न्याय लागू नहीं होता, तो क्या यह सिर्फ लापरवाही हैज या फिर पूरी व्यवस्था ही सड़ चुकी है? यह सिर्फ एक परिवार की लड़ाई नहीं–यह सिस्टम की सड़ांध का खुला पर्दाफाश है।

# सरकारी कुर्सी का घमंड या दहेज की दरिंदगी?

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

मोतीपुर थाना क्षेत्र के मिहींपुरवा से एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। यहां दहेज के लालच में अंधे एक सरकारी कर्मचारी ने अपनी असली हैवानियत दिखा दी। आरोपी कोई आम व्यक्ति नहीं, बल्कि मिहींपुरवा तहसील में तैनात लेखपाल हर्ष पाण्डेय है–जिससे समाज को जिम्मेदारी की उम्मीद थी, लेकिन उस पर ही दहेज वसूली, गुंडागर्दी और महिला उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़िता प्रिया मिश्रा का कहना है कि उसकी शादी 29 अप्रैल 2026 को तय थी, मंगनी हो चुकी थी, रिश्ते पक्के थे–लेकिन ऐन मौके पर सरकारी नौकरी के रौब में चूर आरोपी ने रिश्ता नहीं, बल्कि सौदेबाजी का बाजार खड़ा कर दिया। 3 अप्रैल की दोपहर आरोपी अपने साथियों के साथ घर पहुंचा और खुलेआम 5 लाख रुपये और चार पहिया गाड़ी की डिमांड रख दी। जब परिवार ने इस जबरन वसूली के आगे झुकने से इनकार किया, तो हालात बेकाबू हो गए। आरोप है कि



**लेखपाल पर संगीन आरोप–5 लाख और कार नहीं मिली तो बरपाया कहर**

हर्ष पाण्डेय और उसके साथी दरिंदों की तरह घर में घुस आए और महिलाओं तक को नहीं बख्शा। युवती, उसकी मां, भाई और अन्य परिजनों को बेरहमी से पीटा गया। इतना ही नहीं, युवती के साथ अभद्रता कर उसकी अस्मिता को रौंदने की कोशिश की गई। जाते-जाते आरोपी जान से मारने और फोटो-वीडियो वायरल कर जिंदगी तबाह करने की धमकी देकर फरार हो गए–जैसे कानून का कोई डर ही न हो।

**सरकारी नौकरी पर काला धब्बा**

सबसे बड़ा सवाल यही है–क्या यही है एक सरकारी कर्मचारी का चरित्र? जिस कुर्सी पर बैठकर जनता की सेवा करनी थी, उसी का इस्तेमाल दबाव, दहेज वसूली और आतंक फैलाने के लिए किया जा रहा है। यह घटना सिर्फ एक परिवार पर हमला नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम और सामाजिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है।

**जनता में उबाल, कार्रवाई की मांग**

इलाके में जबरदस्त आक्रोश है। लोग साफ कह रहे हैं किझ ÷ऐसे दहेजखोर और दबंग कर्मचारी को सिर्फ जेल नहीं, नौकरी से भी बर्खास्त किया जाए÷, ताकि यह मिसाल बने कि कानून से ऊपर कोई नहीं।

मोतीपुर पुलिस ने आरोपी हर्ष पाण्डेय और उसके दो साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि कार्रवाई कागजों तक सीमित रहती है या सच में ऐसे लोगों पर कानून का डंडा चलता है। अगर सरकारी नौकरी पाने के बाद भी कोई व्यक्ति इंसानियत भूलकर दहेज के लिए दरिंदगी पर उतर आए–तो क्या ऐसे लोगों के हाथ में सत्ता और जिम्मेदारी सुरक्षित है।

## नकली नोट छापने वाले चार गिरफ्तार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने जाली नोट छापने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 11,500 रुपये के नकली नोट और प्रिंटर बरामद किए हैं। खैरीघाट थाना प्रभारी आनंद सिंह को शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नकली नोट का कारोबार करने वाले गिरोह के कुछ सदस्य इलाके के लोधन पुरवा के पास मौजूद हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की। वरिष्ठ उप निरीक्षक हरिद्वार तिवारी, कांस्टेबल जगदीश कुमार, मित्रपाल सिंह, नियाज अहमद और गौरव कुमार की टीम ने घेराबंदी कर चार लोगों को हिरासत में लिया। इनके पास से कुल 11,500 रुपये के जाली नोट और प्रिंटर बरामद हुए ।थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सलीम उर्फ सूरज और गुरुचरण सिंह (दोनों लखीमपुर निवासी), तथा हरिराम और अर्जुन (दोनों मोतीपुर, बहराइच निवासी) के रूप में हुई है। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# मुख्यमंत्री के स्कूल चलो अभियान का विकास भवन में हुआ सजीव प्रसारण

**विधायक, सीडीओ व बीएसए ने बच्चों को बांटे स्कूल बैग व दी पाठ्य पुस्तकें**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ शानिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा वाराणसी से किया गया। विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। स्कूल चलो अभियान सजीव प्रसारण कार्यक्रम मे सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एआरपी के साथ परिषदीय स्कूल पुलिस लाइन के छात्र – छात्राओं की उपस्थित रही। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राम निवास वर्मा,सुभाष त्रिपाठी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने खंड शिक्षा अधिकारियों को शत ––प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य पूरा करने और ड्राप आउट बच्चों को स्कूल में नामंकित कराने का निर्देश दिया। विधायक पयागपुर ने सरकार के दिशा निर्देशों को धरातल पर उतारने के लिए संकल्पबद्ध होने को कहा। विधायक नानपारा ने शिक्षा की महत्ता पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा



माध्यम जिससे बच्चों का बहुआयामी विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने आश्वासन दिया कि उनकी पूरी टीम कर्तव्यनिष्ठा के साथ लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में प्राप्त करेगी। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को नि:शुल्क पुस्तक वितरण और स्कूल बैग का वितरण कार्य भी जनप्रतिनिधि द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीईओ अनुराग कुमार मिश्र,रणजीत कुमार, डाली मिश्रा, जिला समन्वयक अनुराग मिश्र, राकेश सिंह, इसरार पठान, प्रदीप वर्मा,लालजी दूवे, एआरपी–कुमार अभय, श्रवण मिश्र, हरि ओम, जितेन्द्र रॉय, सुरेश यादव, नरेन्द्र रॉय, सूर्य प्रताप सिंह, श्रीश श्रीवास्तव, संदीप कुशवाहा, पवन दूवे,रश्मि मदेसिया, क्षमा चौहान, प्रियंक चौवे, आशाराम, नीतीश सिंह,जयबीर सिंह,सुरेश कुमार, सहित तमाम खण्ड शिक्षा अधिकारी,एआरपी,व कर्मचारी मौजूद रहे।

# लंगूर के हमले से 11 वर्षीय बच्ची की मौत, क्षेत्र में बंदरों के आतंक पर उठे सवाल

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के हरैया सतघरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहेलदेव वन्यजीव अभयारण्य के बरहवा रेंज से सटे ग्राम पंचायत गौरामाफी में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। छत पर खेल रही 11 वर्षीय मासूम बच्ची को एक लंगूर द्वारा धक्का दिए जाने से उसकी गिरकर मौत हो गई। इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव



निवासी अशोक की 11 वर्षीय पुत्री शुभि शुक्रवार शाम करीब पांच बजे अपने घर की छत पर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान अचानक एक लंगूर वहां पहुंच गया और बच्ची को धक्का दे दिया, जिससे वह असंतुलित होकर छत से नीचे गिर गई। गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही बेहोश हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में उसे निजी वाहन से संयुक्त अस्पताल बलरामपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे बहराइच रेफर कर दिया। लेकिन बहराइच ले जाते समय रास्ते में ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले लगभग दो महीनों से क्षेत्र में लंगूरों और बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। करीब दो दर्जन से अधिक बंदरों का झुंड आए दिन गांव में घुसकर लोगों को परेशान करता है। बच्चे और बुजुर्ग विशेष रूप से इनके निशाने पर रहते हैं। ग्रामीणों ने कई बार इस समस्या की शिकायत वन विभाग से की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि समय रहते वन विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई की गई होती, तो इस तरह की दर्दनाक घटना को रोका जा सकता था। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और वे जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# 1.40 करोड़ की पेयजल योजना अधर में, टंकी की नींव खोदकर कार्यदाई संस्था गायब

**बी पी त्रिपाठी/अनिल कुमार गुप्ता**

उतरौला (बलरामपुर)। विकास खंड श्रीदत्तगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गालिबपुर में हर घर जल पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई ग्रामीण पेयजल योजना फिलहाल अधर में लटकी हुई है। लगभग 1 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन इस महत्वाकांक्षी योजना में कार्यदाई संस्था द्वारा कार्य अधूरा छोड़कर फरार हो जाने का मामला सामने आया है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के अनुसार, शासन द्वारा गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल निगम को करीब 1.40



करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई थी। विभाग ने योजना के क्रियान्वयन के लिए एक कार्यदाई संस्था को ठेका सौंपा था। प्रारंभिक चरण में संस्था ने निर्माण स्थल पर चारों ओर बाउंड्री वाल का निर्माण कराया। इसके बाद पानी की टंकी के निर्माण के लिए नींव की खुदाई कर उसे भरा गया तथा भवन निर्माण के लिए पिलर भी खड़े किए गए। हालांकि, इसके बाद अचानक कार्यदाई संस्था द्वारा निर्माण कार्य बंद कर दिया गया और वह स्थल से गायब हो गई। कई महीनों से निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है, जिससे योजना के पूरा होने की उम्मीद धूमिल होती जा रही है। ग्राम निवासी राम कुमार, शिव कुमार, जानकी प्रसाद एवं मोहम्मद असलम ने बताया कि इस योजना से गांव के हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचने की उम्मीद जगी थी, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों को गहरा झटका लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण ही कार्यदाई संस्था बिना जवाबदेही के काम छोड़कर फरार हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषी संस्था के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा निर्माण कार्य को शीघ्र पुनः शुरू कराकर योजना को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए। इस संबंध में अभी तक संबंधित विभागीय अधिकारियों की ओर से कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# सीएम ने परोसा मिड-डे मील, बच्चों से कहा- रोज स्कूल आना

**वाराणसी के पांच निपुण विद्यालयों को सीएम ने किया पुरस्कृत**



**लखनऊ/वाराणसी समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ पर बच्चों को मिड-डे मील परोसा। उन्हें स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकों के साथ उपहार व चॉकलेट भी दी। सीएम ने निपुण विद्यालयों व बच्चों को पुरस्कृत भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत मंचस्थ अतिथियों ने 'शैक्षिक नवाचार एवं उपलब्धियां' पुस्तिका का विमोचन किया।

अभियान से जुड़ी लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। शिवपुर के कंपोजिट विद्यालय में 'स्कूल चलो' अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षारत बच्चों को मिड-डे मील परोसा। उन्होंने अत्यंत श्रद्धा भाव से बच्चों को भोजन कराया तो बच्चों ने भी खिलखिलाकर सीएम के प्रति आभार प्रकट किया। जब मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि रोज स्कूल आना और मेहनत से पढ़ना, तो बच्चों ने भी सिर हिलाकर हामी भरी। बच्चों ने मासूमियत से हाथ जोड़कर सीएम को अपना प्रणाम भी निवेदित किया। बच्चों को भोजन परोसने में सीएम के साथ उनके मंत्री व जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने नए शैक्षणिक सत्र की पाठ्य पुस्तकों का भी वितरण किया।

सीएम योगी के हाथों मंच पर कक्षा-1 के छात्र विकास, छात्रा अंशिका गुप्ता, कक्षा-2 की छात्रा श्रेया सोनकर, कक्षा-3 की छात्रा कजरी, कक्षा-4 की दीपशिखा, कक्षा-5 की रोली सोनकर, कक्षा-6 की श्रेया यादव, कली केसरी, कक्षा-7 की रूचि यादव, कक्षा-8 की साक्षी गुप्ता को स्कूल बैग, पाठ्य पुस्तकें, किट, उपहार व चॉकलेट मिली। इस दौरान बच्चों की सहज-सरल मुस्कान ने सभी का दिल जीत लिया।

### मुख्यमंत्री ने 'काशी कोतवाल' व बाबा विश्वनाथ के किए दर्शन

गोरखपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह बाबा विश्वनाथ व 'काशी कोतवाल' काल भैरव का दर्शन-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने यहां से निकलकर आसपास के दुकानदारों और बच्चों से संवाद किया और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया। मुख्यमंत्री शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे। शनिवार सुबह उन्होंने बाबा काल भैरव के दरबार में पहुंचकर माथा टेका और आरती कर श्रद्धा निवेदित की। यहां से निकलते समय सीएम योगी ने आसपास के दुकानदारों व बच्चों से बातचीत की। सभी ने प्रणाम कर अपने प्रिय मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। सीएम का आत्मीय व्यवहार देखकर सभी प्रसन्न नजर आए।मुख्यमंत्री श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। गर्भगृह में प्रवेश कर लोक मंगल की कामना के साथ बाबा विश्वनाथ का षोडशोपचार पूजन-अभिषेक किया और आरती की। मुख्यमंत्री ने यहां से प्रस्थान करते समय श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। इस पर मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयकारे लगाए।

# स्वच्छता रैंकिंग सुधार में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की अहम भूमिका : एके शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा द्वारा नगरी निकायों में नगरीय सुविधाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु स्थापित डेडीकेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के सफल संचालन के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। श्री शर्मा के सुझाव पर 4 अप्रैल 2022 को इस कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की गई थी। स्थापना के बाद से यह केंद्र लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और स्वच्छता सर्वेक्षण में नगरी निकायों की रैंकिंग सुधारने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

श्री शर्मा ने निदेशक अनुज झा एवं अपर निदेशक ऋतु सुहास सहित पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने बताया कि 25 मार्च 2022 को सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार के गठन के बाद 4 अप्रैल 2022 को इस केंद्र की स्थापना की गई, जो तब से निरंतर क्रियाशील है और इंटीग्रेटेड भावना से कार्य कर रहा है। प्रारंभ में इस केंद्र में हेल्पलाइन नंबर की व्यवस्था नहीं थी, लेकिन बाद में केंद्र सरकार से समन्वय स्थापित कर 1533 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। 'संभव' ऑनलाइन पोर्टल भी संचालित किया जा रहा है। अपर निदेशक ऋतु सुहास ने इस अवसर पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के कार्यों की जानकारी दी। 'ज़ूम' के माध्यम से दैनिक लाइव मॉनिटरिंग की जाती है तथा राज्यव्यापी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1533 एवं 'संभव' पोर्टल के जरिए, जनसुनवाई कर शिकायतों का निस्तारण किया जाता है। 2022 से अब तक 3,63,510 शिकायतों के सापेक्ष 3,62,517 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। 7000 घंटे का ऐतिहासिक लाइव मॉनिटरिंग कार्य भी संपन्न किया गया है, जो इस केंद्र की कार्यक्षमता को दर्शाता है।

## खबरें एक नजर में

### राइफल साफ कर रहे बैंक के क्लर्क की गोली लगने से मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के जानकीपुरम इलाके में यूनियन बैंक ऑफइंडिया के क्लर्क की गोली लगने से मौत हो गई। वह घर में लाइसेंसी राइफल साफकर रहे थे। इसी दौरान अचानक गोली चल गई जो उनकी ठुड्डी को चीरते हुए ऊपर सिर को पार कर गई। क्लर्क की मौके पर ही मौत हो गई। घटना पिंक सिटी मिर्जापुर की शनिवार सुबह 9 बजे की है। मृतक की पहचान प्रकाश मिश्रा (50) के रूप में हुई। घटना की सूचना पर जानकीपुरम थाने से पुलिस पहुंची। शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में मामला हादसा लग रहा है। जानकीपुरम इंस्पेक्टर विनोद तिवारी ने बताया पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने साक्ष्य इकट्ठा किए। ससुर ईश्वरचंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रकाश इस समय यूनियन बैंक ऑफइंडिया में क्लर्क के पद पर थे। सेक्टर-क्यू अलीगंज ब्रांच में तैनाती थी। वह एयरफोर्स से 2013 में रिटायर हुए थे। उसके बाद बैंक में नौकरी करने लगे थे। वह सुबह करीब 9 बजे राइफल साफकर रहे थे। उसी दौरान हादसा हो गया। राइफल उनके पिता की थी जो उनके नाम हो गई थी। प्रकाश का मूल निवास हरदोई के कोतवाली शहर इलाके में है। वह यहां पत्नी रश्मि के साथ रहते हैं। उनकी बेटी शालिनी की उन्नाव में शादी हो चुकी है। बेटा स्पर्श कानपुर में बीटेक कर रहा है।

### महिला की जमीन पर कब्जा, लेखपाल पर मिलीभगत का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक महिला ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जे और क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया। उसने एडीएम सिटी से न्याय की गुहार लगाई और दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रतापगढ़ जनपद के पट्टी तहसील क्षेत्र के ग्राम अतरसंड निवासी रीता देवी ने बताया कि रायभान खेड़ा गांव स्थित गाटा संख्या 325 में उनकी 9 बिस्वा जमीन है, जिस पर पहले से बाउंड्री बनी हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी तेजिंदर सिंह और कुछ प्रॉपर्टी डीलरों ने क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से उनकी बाउंड्री तुड़वाकर जमीन पर कब्जा कर लिया। उनकी बाउंड्री सामग्री को भी अपनी जमीन में इस्तेमाल कर लिया गया। रीता देवी के अनुसार, लेखपाल द्वारा झूठी रिपोर्ट लगाकर यह दर्शाया गया कि उक्त भूमि पर उनका कब्जा नहीं है, जबकि उनके पास कब्जे के जीपीएस फोटो सहित सभी साक्ष्य मौजूद हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें दबाव बनाकर जमीन बेचने के लिए संदेश भिजवाए जा रहे हैं और चेतावनी दी जा रही है कि अन्यथा वह अपनी जमीन कभी वापस नहीं पा सकेंगी। समाधान दिवस में एडीएम सिटी महेंद्र पाल सिंह और एसडीएम पवन पटेल ने जनता की शिकायतें सुनीं। इस दौरान एसीपी विकास कुमार पांडे समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। अन्य शिकायतों में निगोहां क्षेत्र के ग्राम रामपुर गढ़ी जमुनी निवासी प्रिया ने आरोप लगाया कि उसके पति से गांव के ही एक व्यक्ति ने करीब 50 दिन तक राजगीरी का काम कराया, जिसकी लगभग 35 हजार रुपये मजदूरी बनती है। भुगतान मांगने पर जातिसूचक गालियां दी गईं और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं, दहियर गांव निवासी अनिल कुमार पांडे ने खतौनी में अंश गलत दर्ज होने की शिकायत की। उनका कहना है कि राजस्व निरीक्षक द्वारा संशोधन रिपोर्ट भेजे जाने के बावजूद अब तक खतौनी में सुधार नहीं किया गया है। इस पर एसडीएम ने जांच के आदेश दिए। अधिकारियों ने सभी मामलों में निष्पक्ष जांच कर जल्द निस्तारण का आश्वासन देते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

### पंचायत चुनाव में देरी पर सपा छात्र सभा का प्रदर्शन 'चुनाव टालना बंद करो' के नारे लगाए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सपा छात्र सभा से जुड़े 8 छात्रों ने लखनऊ में शनिवार को प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि पंचायत चुनाव की तारीख घोषित की जाए। प्रदर्शन के दौरान छात्र कार्यकर्ताओं ने पंचायत चुनाव टालना बंद करो, लोकतंत्र का सम्मान करो जैसे नारे लगाए। हालात को काबू में रखने के लिए पहले से ही भारी पुलिस बल तैनात था। प्रदर्शनकारी जैसे ही हजरतगंज चौराहे से नारे लगाते हुए आगे बढ़े, उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया और गाड़ी में बैठाकर इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शन कर रहे प्रकाश मौर्या ने कहा कि जो लोग चुनाव लड़ना चाहते हैं, उनके अंदर बहुत घबराहट है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग जमकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। समय रहते चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की गई तो गांववालों का आक्रोश बढ़ता जाएगा और भारतीय जनता पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। गांववालों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ को तत्काल चुनाव की तारीख घोषित कर देना चाहिए। सरकार मनमानी तरीके से रवैया अपना रही है। अगर यह चाहती तो समय पर सब कुछ होता। भाजपा आम जनता को गुमराह करना चाहती है। भाजपा चाहती है कि कोई भी चुनाव समय पर ना हो। सुल्तानपुर से प्रदर्शन में आए मनोज कुमार 'क्रांतिकारी' ने कहा कि यह सरकार संविधान को नहीं मानती। आम जनता की भावनाओं का सम्मान नहीं करती। यह सरकार सिर्फ लोकसभा और विधानसभा का चुनाव समय पर करती है मगर आम जनता से जुड़ा हुआ ग्रामीण और किसानों से जुड़ा हुआ सबसे बड़ा चुनाव पंचायती चुनाव होता है। पंचायती चुनाव सीधे आम जनता की भावनाओं और मुद्दों से जुड़ा होता। प्रदेश की सबसे बड़ी आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। पंचायती चुनाव टलने से सरकार की योजनाओं का लाभ जो किसानों को मिलना चाहिए उससे वो वंचित रह जाते हैं। चुनाव में जितना देरी होगी किसान उतना ज्यादा प्रभावित होगा।

# प्रभारी मंत्री का औचक निरीक्षण, कार्यदायी संस्थाओं पर जुर्माना व निलंबन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री व जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना एवं महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा जोन-7 के चार वार्डों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अरुण कुमार गुप्त, चीफ इंजीनियर महेश वर्मा, मनोज प्रभात, जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सुबह 7 बजे मैथिलीशरण गुप्त वार्ड स्थित भूतनाथ मार्केट का निरीक्षण किया गया। यहां भूतनाथ मेट्रो स्टेशन के नीचे बने सार्वजनिक शौचालय की स्थिति का जायजा लिया गया और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। स्थानीय नागरिकों से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन पर फीडबैक लिया गया, जिसमें अनियमितता की शिकायतें सामने आईं। इस पर अधिकारियों को प्रतिदिन नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। भूतनाथ मार्केट के पीछे कॉलोनी में सफाई न मिलने पर एसएफआई संचिता मिश्रा को कड़ी फटकार लगाते हुए 02 दिन के वेतन कटौती के आदेश दिए गए। साथ ही मदर स्वच्छकार इंटरप्राइजेज पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा बीट इंचार्ज दयाराम को निलंबित किया गया।

मंत्री ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि इंजीनियरिंग विभाग की गैंग टीम को सशक्त किया जाए, ताकि छोटे सड़क मरम्मत कार्य तुरंत कराए जा सकें। इस मौके पर पार्षद अशोक उपाध्याय भी उपस्थित रहे। इंदिरा नगर वार्ड में मुख्य मार्गों, नालियों एवं सार्वजनिक शौचालयों की सफाई का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता के साथ नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अरविंदो पार्क के पीछे गलियों में सड़क पर कूड़ा मिलने पर मंत्री एवं महापौर ने कड़ी नाराजगी जताई। लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, वहीं बीट इंचार्ज राम मनोज के तीन दिन एवं एसएफआई रूपेंद्र भास्कर के दो दिन के वेतन कटौती के निर्देश दिए गए। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि सूरज जसवानी उपस्थित रहे। स्माइलगंज प्रथम वार्ड में डोर-टू-डोर कलेक्शन, रोड स्वीपिंग एवं नालियों की सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई। सेक्टर-14 तिराहे पर सड़क पर लोहे की रॉड पाए जाने पर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए 24 घंटे में उसे हटाने के निर्देश दिए। सफाई व्यवस्था खराब मिलने पर बीट इंचार्ज बृजेश को निलंबित किया गया तथा लायन सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि लखनऊ शहर की स्वच्छता और नागरिक सुविधाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# ललितपुर फार्मा पार्क को मिलेगा ग्लोबल कनेक्टिविटी का बूस्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उ.प्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा और जवाहरलाल नेहरू पोर्ट प्राधिकरण जेएनपीए के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता ललितपुर फार्मा पार्क को वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम साबित होगा। यह एमओयू यूपीसीडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय किरण आनंद और जेएनपीए के अध्यक्ष गौरव दयाल द्वारा संपन्न किया गया।

इस साझेदारी का उद्देश्य उत्तर भारत के औद्योगिक क्षेत्रों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से निर्बाध रूप से जोड़ना है। समझौते के तहत दादरी-खुर्जा रेल लिंक का उपयोग करते हुए ललितपुर फार्मा पार्क को पश्चिमी और पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। इससे औषधीय उत्पादों का तेज, सुरक्षित और किफायती परिवहन संभव होगा। यह नेटवर्क उत्पादों को सीधे जेएनपीए तक पहुंचाएगा, जो भारत का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह है और 200 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पोर्ट्स से जुड़ा हुआ है। यूपीसीडा के सीईओ विजय किरण आनंद ने कहा कि ललितपुर फार्मा पार्क, सीएम योगी के उस विजन का हिस्सा है, जिसके तहत उत्तर प्रदेश को औषधि निर्माण और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है। यह साझेदारी निवेशकों को विश्वस्तरीय लॉजिस्टिक्स सुविधाएं प्रदान करेगी, जिससे उनकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ेगी। फार्मा सेक्टर की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी और परिचालन सहयोग किया जाएगा।

# वीबी-जी राम जी का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए : केशव

**डबल इंजन सरकार की योजनाओं का पारदर्शी व समयबद्ध हो क्रियान्वयन**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को प्रयागराज में अधिकारियों के साथ ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डबल इंजन सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप किया जाए ताकि जनसामान्य को योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। विकास कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार तय समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं।

उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के अंतर्गत निर्धारित मानव दिवसों के सृजन को समय से करने के निर्देश दिए तथा कहा कि ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने विकसित भारत-जी राम जी के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि इसकी विशेषताओं की जानकारी ग्रामीण क्षेत्रों में सरल एवं प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाई जाए। विभाग के उत्कृष्ट कार्यों की छोटी-छोटी वीडियो क्लिप तैयार कर उन्हें सोशल मीडिया के माध्यमों पर साझा करने के निर्देश दिए। श्री मौर्य ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के गठन में और अधिक तेजी लाने तथा निष्क्रिय समूहों को सक्रिय करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रदेश में एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें प्रयागराज को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाकर विकसित भारत के विजन को मूर्त रूप दिया जा सकता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत नए लाभार्थियों के सर्वे कार्य पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत सरकार से शीघ्र ही आवंटन प्राप्त होने की संभावना है, इसलिए सभी आवश्यक तैयारियां पहले से कर ली जाएं।

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत निर्धारित प्राथमिकताओं के अनुसार पात्र लाभार्थियों को चयन पर बल दिया।

# आईपीएल की ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को दिया जा रहा बदबूदार खाना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

**पुलिसकर्मियों की सुविधाओं को देखना हमारी जिम्मेदारी : जेसीपी कानून व्यवस्था**

राजधानी के इकाना स्टेडियम में इन दिनो आईपीएल के मैचों का आयोजन किया जा रहा है। कानून व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों के लिये लखनऊ कमिश्नरेट के हर स्तर के पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को इकाना स्टेडियम प्रशासन की तरफ भोजन के पैकेट प्रदान किये जाते है। वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने आरोप लगाया है कि पैकेट में मिले भोजन की क्वालिटी ठीक नही है। हो सकता है देर से मिलने और गर्मी के कारण भोजन प्रदूषित हो गया हो। पुलिसकर्मियों के अनुसार मिले भोजन में सड़ने की बदबू आ रही थी। जिसके कारण उसे खाने की बजाय फेकना पड़ा। सवाल यह उठता है आईपीएल जैसे आयोजनों में पैसो की कोई कमी नहीं होती है। जो बीसीसीआई की पूर्ण निगरानी में होते है। वहां रात-दिन ड्यूटी पर तैनात पुलिसकमियों का इतनी घटिया क्वालिटी का खाना कैसे दिया जा सकता है। जबकि आयोजकों की तरफ से फंडिग भरपूर आती है। जिन घटिया काले रंग की प्लास्टिक की थाली में खाना पैक करके दिया जा रहा है वह किसी भी सूरत से फूड ग्रडेबल नहीं है। और किसी भी हालत में भोजन पैक करके दने लायक नहीं है। पुलिसकर्मियों का आरोप सत्य हो सकता है क्योकि गर्म भोजन को घटिया प्लास्टिक में तुरंत पैक कर दिया जाय तो कुछ ही घंटों की देरी से वह पूरी तरह खराब हो जाता है। इस समस्या को देखना स्टेडियम तथा प्रशासन का कार्य है कि ड्यूटी पर तैनात किसी भी कर्मचारी को समय पर ताजा भोजन मिल सके। इस संबंध में बात करने पर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था ने कहा कि ऐसी कोई शिकायत किसी अधिकारी ने नहीं की है। लेकिन यदि ऐसा है तो वे खुद इसकी जांच करेगें। पुलिसकर्मी उनका परिवार है उनकी देखभाल व उनकी सुविधाओं को देखना उनकी जिम्मेदारी है।

# सैफई, खेत में ड्रोन गिरने से इलाके में हड़कंप अखिलेश ने की जांच व मुआवजे की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**





सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इटावा के सैफई क्षेत्र के नंदपुर गांव में गेहूं के खेत में ड्रोन गिरने की घटना पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस घटना से इलाके में दहशत और अफरातफरी का माहौल बन गया, ग्रामीणों को आशंका हुई कि कहीं कोई मिसाइल तो नहीं गिर गई।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि यदि यह किसी सरकारी परीक्षण या प्रयोग का हिस्सा था, तो स्थानीय लोगों को पहले से सूचित किया जाना चाहिए था। बिना भरोसे और पर्याप्त तैयारी के आबादी वाले क्षेत्रों के आसपास ऐसे परीक्षण करना गंभीर जोखिम पैदा करता है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि ड्रोन खेत के बजाय किसी बस्ती में गिरता, तो जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था।

अखिलेश यादव ने राज्य सरकार से घटना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि प्रभावित किसान के नुकसान और मानसिक आघात का आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही भविष्य में ऐसे सभी परीक्षण निर्जन क्षेत्रों में ही कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सैफई की जनता सवाल उठा रही है कि जब ड्रोन संचालन ही सही ढंग से नहीं हो पा रहा है, तो वहां की हवाई पट्टी से विमान संचालन कैसे संभव होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से सैफई के रनवे को उपेक्षित छोड़ दिया गया है।

### भारतेंदु नाट्य अकादमी मनाएगी 50वीं वर्षगांठ मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में स्थित भारतेंदु नाट्य अकादमी बीएनए अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 अप्रैल से 12 अप्रैल तक स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन करने जा रही है। इस आयोजन का शुभारंभ 5 अप्रैल को प्रातः 11 बजे अकादमी परिसर स्थित राज बिसारिया प्रेक्षागृह में सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जाएगा। मीडिया से मुखातिब अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी और निदेशक बिपिन कुमार ने बताया कि समारोह न केवल अकादमी की गौरवशाली यात्रा का उत्सव है बल्कि रंगमंच के क्षेत्र में उसकी उपलब्धियों का प्रतीक है। अकादमी की स्थापना वर्ष 1975 में महान साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र की स्मृति में संस्कृति विभाग, उ.प्र. द्वारा की गई थी। 1976 से यहां नाट्य कला का व्यवस्थित प्रशिक्षण शुरू हुआ। 1981 में दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया, जिससे यह संस्थान देश के प्रमुख नाट्य प्रशिक्षण केंद्रों में शामिल हो गया।

**तैयारी** | **'विकसित यूपी-2047' विजन : शहरी क्षेत्रों के विकास का रोडमैप तैयार**

# शहरों में लागू होगा 'लिवेबल सिटीज मिशन'

**यूपी में होगा आत्मनिर्भर, समावेशी, वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी शहरों का विकास**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भविष्य की जरूरतों के मुताबिक राज्य के दीर्घकालिक विकास के लिए विकसित यूपी/2047 विजन के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इसके अनुपालन में प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्रों को अत्याधुनिक, डिजिटल, सुगम और विश्वस्तरीय बनाने का व्यापक रोडमैप तैयार किया है।

मुख्यमंत्री के समक्ष पेश किए गए इस रोडमैप का मुख्य फोकस राज्य के शहरों में जीवन सुगमता बढ़ाना, बुनियादी नागरिक सेवाओं को सशक्त करना और सतत एवं संतुलित विकास के जरिए नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना है। मुख्यमंत्री के विजन के अनुसार शहरी क्षेत्रों का विकास सुलभ प्रशासनिक व्यवस्थाओं के साथ अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाले स्तंभों के तौर पर किया जाएगा। इसके तहत प्रदेश की राजधानी लखनऊ को राज्य राजधानी क्षेत्र एससीआर के रूप में विकसित करने के साथ राज्य में क्षेत्रीय आर्थिक केंद्र विकसित करने की योजना तैयार की गई है, जो राज्य में आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख हब बनेंगे।

राज्य की प्राकृतिक एवं भौगोलिक परिस्थियों को ध्यान में रखते हुए इन क्षेत्रीय आर्थिक केंद्रों का विकास किया जाएगा, जिससे प्रदेश में निवेश, रोजगार और संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। 'विकसित यूपी/2047' विजन के तहत राज्य में शहरी परिवहन को आधुनिक और समावेशी बनाने के लिए मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम विकसित किया जाएगा। इसमें मेट्रो, रैपिड रेल, इलेक्ट्रिक बसें और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली शामिल होगी।

सरकार का लक्ष्य है कि सार्वजनिक परिवहन का उपयोग बढ़ाकर इसे मल्टी-मोडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी तक लाया जाए। इससे राज्य के निवासियों को सस्ता परिवहन उपलब्ध कराने के साथ ट्रैफिक जाम और प्रदूषण की समस्या से भी निजात दिलाने में मदद मिलेगी। साथ ही लिवेबल सिटीज मिशन के तहत नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा और बाजार जैसी आवश्यक सुविधाएं उनके घर से 15 मिनट की दूरी पर उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इससे न केवल जनता के समय की बचत होगी, बल्कि प्रदूषण में भी कमी आएगी। शहरी प्रशासन को मजबूत बनाने के लिए जीआईएस जियोग्राफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम आधारित संपत्ति मानचित्रण और कर प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे कर संग्रह अधिक पारदर्शी और सटीक होगा।

साथ ही, एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर की स्थापना के माध्यम से शहरों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग, बेहतर समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया की जाएगी। शहरी स्थानीय निकायों यूएलबी में नागरिक सेवाओं को 100 प्रतिशत डिजिटल बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे नगरीय प्रशासन में पारदर्शिता और सेवा वितरण की गति में सुधार होगा। रोडमैप में राज्य के सभी जिलों में विकास प्राधिकरणों का गठन कर 100 प्रतिशत जल आपूर्ति कवरेज और थीम आधारित टाउनशिप का विकास करने की योजना भी शामिल है। उत्तर प्रदेश शहरी वेधशाला की स्थापना कर डेटा आधारित योजनाओं और पूर्वानुमानों को बढ़ावा दिया जाएगा।

रोडमैप के मुताबिक जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए स्पंज सिटी पहल को आगे बढ़ाया जाएगा।

# ओमेक्स सिटी बिल्डर कर रहा जमीनों पर कब्जा : किसान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ के सरोजनी नगर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में अली नगर खुर्द के ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने ओमेक्स सिटी प्रबंधन पर उनकी जमीनों पर जबरन कब्जा करने और मकान खाली कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया।

उत्तर प्रदेश क्रांति किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में ग्रामीण दोपहर करीब 12.30 बजे तहसील पहुंचे। दोपहर एक बजे समाधान दिवस स्थल पर एकत्र होकर उन्होंने नारेबाजी करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का आरोप था कि ओमेक्स सिटी प्रबंधन उनकी निजी जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा कर रहा है। साथ ही, आबादी में बने उनके मकानों को खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है और आने-जाने के रास्ते भी बंद किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम समाज की भूमि, जिसमें श्मशान के लिए दर्ज जमीन भी शामिल है, उस पर भी अवैध कब्जा कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश क्रांति किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह यादव ने कहा कि ओमेक्स सिटी कंपनी के लोग गांव में घर-घर जाकर लोगों पर दबाव बनाते हैं। वे ग्रामीणों की जमीनें जबरन कब्जा कर रहे हैं और उनके घरों के सामने गड्ढे खोदकर लोहे की टीन शेड की बाउंड्री वॉल बनाकर रास्ते बंद कर रहे हैं।

किसान नेता ने मांग की कि ग्रामीणों को इस समस्या से निजात दिलाई जाए और गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर इस मामले का निस्तारण नहीं हुआ, तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। गांव निवासी दयाराम लोधी, सत्य प्रकाश लोधी और मुन्नीलाल सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार तहसील में शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो किसान जमीन देने से इनकार करता है, उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है, जिससे वह मजबूर होकर अपनी जमीन बेच देता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से खाता संख्या 182/16 की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की तत्काल मांग की है। इसके अलावा, किसान पथ की सर्विस रोड पर स्ट्रीट लाइट न होने से भी ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और सुरक्षा की दृष्टि से इसे गंभीर समस्या बताया। करीब एक घंटे तक चले हंगामे से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। बाद में एसडीएम अंकित शुक्ला ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया।

## खबरें एक नजर में

### बालक को एक व्यक्ति ने बेरहमी से मारा-पीटा

**पुवायां।** गांव रहदेवा निवासी अंगूरा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा 7 वर्षीय पुत्र गौतम शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे अपनी बकरियां चराने के लिए खेत पर गया था। साथ ही वह गेंहु की बालियां बीनने लगा। तभी पड़ोसी खेत का व्यक्ति आ गया ओर उसकी बोरी छीन ली व्यक्ति का कहना था कि इसने खेत से गेंहू की बालियां काटी है। ओर बालक को पकड़ कर जमकर पीटा उस व्यक्ति की भय के कारण वह बालक पेड़ पर चढ़ गया जब देर रात तक वह वापस घर नही आया तो परिवार के लोग उसे ढूढ़ने निकले ओर वह रात करीब ढाई बजे पेड़ पर बैठा मिला।

### हाइवे पार कर रही वृद्धा को कार ने मारी टक्कर

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** हाईवे पार करने के दौरान वृद्ध महिला कार की टक्कर लगने से लहूलुहान हो गई। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी भिजवाया । जहां से गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला पचासा में किराए पर रहने वाली 58 वर्षीय विमला देवी लोगों के घरों में काम करती हैं। उनके कोई संतान नहीं है । और वह अपनी नेत्रहीन मां फूलमती के साथ रहती है। शनिवार दोपहर वह काम करके डायमंड होटल के सामने अपने घर वापस जाने के लिए हाईवे पार कर रही थीं। इसी दौरान शाहजहांपुर की ओर से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया । घायल महिला के पैर टूटे होने की आशंका के चलते सीएचसी से डॉक्टर ने उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।




### नाबालिग से बलात्कार मामले में रिश्ते के मामा के खिलाफ रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** पीड़ित पिता ने बेटी की शादी के दौरान परिजनों के तेल पूजा में चले जाने के बाद घर में घुसे उसके फुफेरे साले ने उसके घर घुस अकेली नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है । क्षेत्र के एक ग्रामीण ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 22 मार्च को उसकी बेटी बेटी की शादी में परिवार के सभी लोग तेल पूजा करने बाहर गए थे । उसकी 14 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी । आरोप है कि इसी दौरान गांव खानपुर हकीमपुर निवासी उसका फुफेरा साला केतन शुक्ला घर में घुस आया । और नाबालिग बेटी को अकेला पाकर उसके साथ जबरन बलात्कार किया। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि नाबालिग बेटी ने अपने साथ घटना की जानकारी 26 मार्च को बड़ी वहन को दी। पुलिस ने केतन शुक्ला के खिलाफ पॉस्को व बलात्कार की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है । पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है । वहीं पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।



### प्राइवेट स्कूलों में 'कमीशन सिंडिकेट' का खेल : अभिभावकों से खुली लूट

कुंभकर्णी निंद्रा में सो रहा प्रशासन या दे रखी है छूट



**समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।** खुटार क्षेत्र में निजी स्कूलों की मनमानी एक बार फिर सवालों के घेरे में है। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होते ही अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का सिलसिला तेज हो गया है। आरोप है कि कई प्राइवेट स्कूल संचालक किताबों, कॉपियों और यूनिफॉर्म की खरीद के लिए अभिभावकों को चुनिंदा दुकानों पर ही जाने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जहां तय कमीशन के तहत ऊंचे दाम वसूले जा रहे हैं। अभिभावकों का कहना है कि बाजार में सस्ती दरों पर उपलब्ध किताबें और ड्रेस स्कूल द्वारा निर्धारित दुकानों पर 30 से 50 प्रतिशत तक महंगी मिल रही हैं। कई जगहों पर तो पूरी किताबों का सेट एक ही पैकेज में बेचा जा रहा है, जिससे अभिभावकों के पास विकल्प भी नहीं बचता। इतना ही नहीं, कुछ स्कूलों द्वारा हर साल किताबें बदलने की भी शिकायत सामने आई है, जिससे पुराने छात्रों की किताबें नए सत्र में बेकार हो जाती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस पूरे खेल में स्कूल प्रबंधन और दुकानदारों के बीच कमीशन का गठजोड़ काम कर रहा है। यही कारण है कि स्कूल प्रशासन खुलेआम अभिभावकों पर दबाव बनाता है कि वे निर्धारित दुकानों से ही सामान खरीदें, अन्यथा बच्चों के प्रवेश या कक्षा में असुविधा का डर दिखाया जाता है। मामले को लेकर अभिभावकों में भारी रोष है। उन्होंने शिक्षा विभाग से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा के नाम पर हो रही इस 'लूट' पर रोक लगनी चाहिए और स्कूलों को पारदर्शी व्यवस्था अपनाने के लिए बाध्य किया जाए। वहीं, शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि इस प्रकार की शिकायतें मिलती हैं तो जांच कर दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, नए सत्र में बढ़ते खर्चों से जूझ रहे अभिभावक राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### पंचायत राज अधिकारी द्वारा पत्र जारी करने के बावजूद नहीं मिला केयरटेकर को मानदेय

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिले के विकास खंड वंडा के खंड विकास अधिकारी क्या अपने उच्च अधिकारियों का आदेश नही मानते है, यदि मानते तो केयर टेकर का भुगतान करवा दिया होता। विकासखंड बंडा की ग्राम पंचायत मरेना की केयरटेकर राधा देवी ने बताया कि वह ग्राम पंचायत के सामुदायिक शौचालय के सफाई का कार्य लगभग 3 साल से उसके द्वारा किया जा रहा है एवं पंचायत घर की सफाई का कार्य भी उसके द्वारा लगातार 3 वर्षो से किया जा रहा है, लेकिन प्रधान के द्वारा अभी तक मानदेय न तो दिया गया और ना ही मना किया गया है। क्योंकि ग्राम प्रधान के द्वारा प्रतिमाह 2000 की रिश्वत मांगी जा है जबकि ग्राम विकास अधिकारी द्वारा समूह को मानदेय का पैसा दे दिया गया है, लेकिन खंड विकास अधिकारी की लापरवाही या राजनीतिक दबाव के कारण केयरटेकर राधा देवी को मानदेय नहीं दिया गया। आरोप है कि उसका 14 माह का वेतन स्वयं सहायता समूह के खाते में 84 हजार रुपये के रूप में भेज दिया गया, लेकिन उसे भुगतान नहीं किया गया। पीड़िता का कहना है कि जब उसने समूह के पदाधिकारियों से अपना वेतन मांगा तो उन्होंने साफ इंकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है और लंबे समय से मेहनत के बाद भी उसे उसका हक नहीं मिल पा रहा जबकि पंचायत राज अधिकारी द्वारा बताया गया कि उनको एक शिकायती पत्र मिला था, उसके बाद उन्होंने खंड विकास अधिकारी बंडा को उक्त शिकायती पत्र के माध्यम से अपने कार्यालय से एक पत्र खंड विकास अधिकारी को जारी किया है जल्द ही राधा देवी केयरटेकर को मानदेय दिया जाएगा। खंड विकास अधिकारी बंडा ने बताया केयरटेकर का तीन साल का बकाया है, एकबार 72 हजार कराया जा चुका है। जब उनसे पूछा गया कि वह 84 हजार बकाया बता रही है, तो कहा अभी मैं व्यस्त हूं, कुछ ज्यादा जानकारी नहीं दे सकता हूं। जिससे साफ जाहिर हो रहा है, कि इस प्रकरण में बीडीओ के कारण भुगतान नहीं हो रहा है।

# विकास के नौ साल बेमिसाल, उपलब्धियों की गोष्ठी में उमड़ा जनसैलाब

- काकोरी शहीद इंटर कॉलेज में आयोजित हुई भव्य गोष्ठी
- विधायक और जिलाधिकारी ने 'स्कूल चलो अभियान' को दिखाई हरी झंडी
- स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



**समृद्धि न्यूज जलालाबाद, शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के नव-निर्माण के नौ वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को नगर के ऐतिहासिक काकोरी शहीद इंटर कॉलेज के प्रांगण में भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजन में पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों का आयोजकों ने विशेष स्वागत किया। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं एडीएम रजनीश मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके प्रशासनिक कार्यों की सराहना की गई। गोष्ठी के दौरान शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने संयुक्त रूप से 'स्कूल चलो अभियान' की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित न रहे। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराने की अपील की।

कार्यक्रम के बीच-बीच में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए गीतों और नाटकों ने न केवल उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया, बल्कि राष्ट्रभक्ति और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध संदेश भी दिया। इस अवसर पर सत्ता पक्ष के संगठन और प्रशासन का मजबूत समन्वय देखने को मिला। गोष्ठी में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्षः कृष्ण चंद्र मिश्रा ब्लॉक प्रमुखः लता सिंह (जलालाबाद) ब्लॉक प्रमुखः प्रियांशु रघुवंशी (मिर्जापुर), जितेंद्र प्रताप सिंह, सुधीर गुप्ता, विनोद अग्निहोत्री। कार्यक्रम के अंत में विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कहा कि बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज गाँव, गरीब और किसान तक सीधी मदद पहुँच रही है। इस दौरान भारी संख्या में क्षेत्रवासी और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बंडा चौराहे पर ट्रक-सीएनजी टैंकर की जोरदार टक्कर, ड्राइवर बाल-बाल बचा



**समृद्धि न्यूज, बंडा, शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के थाना क्षेत्र बंडा के मेन चौराहे पर आज सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। पूरनपुर रोड से आ रहे ट्रक और बिलसंडा रोड से आ रहे सीएनजी टैंकर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन ट्रक चालक बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि चौराहे पर गोल चक्रव्यूह (राउंडअबाउट) न होने के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने वाहनों को हटवाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं और उन्होंने प्रशासन से चौराहे पर तत्काल ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और गोल चक्रव्यूह बनाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### हाइवे पर ट्रैक्टर ट्रॉली व बाइक की भीषण टक्कर में दो युवकों की दर्दनाक मौत



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** बीती रात हाइवे पर ट्रेक्टर ट्रॉली व बाइक की आमने सामने हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई । शनिवार मृतकों के परिवारीजन ट्रेक्टर ट्रॉली को न पकड़ने का आरोप लगाते हुए मंडी गेट बंद कर प्रदर्शन करने लगे । जिससे जाम लग गया । सीओ ज्योति यादव के आश्वासन के बाद बमुश्किल जाम खुल सका। बता दें कि शुक्रवार की रात करीब आठ बजे मंसूरपुर गौटिया निवासी विपिन कुमार पुत्र बाबूराम व उमेश कुमार पुत्र छेदालाल कपसेड़ा मेले में खीरा और पानी बेचने की दुकान से बाइक संख्या यूपी 27 यू 2720 से तिलहर आ रहे थे । इसी दौरान हाइवे पर नवीन मंडी के आगे ओबरब्रिज की चढ़ाई के सामने सर्विस लेन पर विपरीत दिशा से आ रही ट्रेक्टर ट्रॉली व बाइक की भीषण टक्कर हो गई । जिसमें विपिन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । जबकि उमेश ने जिला अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। शनिवार सुबह करीब सात बजे मृतकों के परिजन गांव की भीड़ के साथ नवीन मंडी गेट पर पहुंच गए। उन्होंने टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर ट्राली के रात में ही मंडी समिति में आ जाने के बाबजूद पुलिस द्वारा उसे हिरासत में न लेने का आरोप लगाते हुए मंडी गेट बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते वहां जाम लग गया।

### नवागत एसपी सौरभ दीक्षित ने थाने का किया निरीक्षण



**कांट, शाहजहांपुर।** नवागत एसपी सौरभ दीक्षित ने शनिवार को कांट थाने का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने थानाध्यक्ष कक्ष, मालखाना, कार्यालय, सीसीटीएनएस समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण कर मातहतों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसपी सौरभ दीक्षित ने निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को उच्चस्तर की सतर्कता, अनुशासन एवं दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिलेखों के सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रख-रखाव, लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण, वांछित/वारंटियों की प्रभावी गिरफ्तारी तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही हरगिज बर्दाश्त नहीं की जाएगी।प्रत्येक पुलिसकर्मी अपनी कार्यशैली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को प्राथमिकता दें। साथ ही बीट पुलिसिंग को सशक्त बनाने, क्षेत्र में निरंतर गश्त बढ़ाने, अपराध नियंत्रण हेतु सक्रिय सूचना संकलन प्रणाली विकसित करने एवं आमजन के साथ संवेदनशील, विनम्र व विश्वासपूर्ण संवाद स्थापित करने पर विशेष बल देने की बात कही।

# हृदय रोगियों के लिए वरदान बन रहा कार्डियो सेवा फाउंडेशन, 19 को लखनऊ में लगेगा विशाल कैंप

- मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे शाहजहाँपुर के डॉ. शराफत अली मंसूरी, जिले में जल्द शुरू होंगी सेवाएं



**जलालाबाद, शाहजहाँपुर।** गरीब और बेसहारा मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं अब दूर का सपना नहीं रहेंगी। पिछले पांच वर्षों से लखनऊ से शुरू हुआ 'कार्डियो सेवा फाउंडेशन' का सेवा का कारवां अब शाहजहाँपुर की ओर रुख कर रहा है। आगामी 19 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित होने वाले विशाल निःशुल्क मेडिकल कैंप में शाहजहाँपुर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. शराफत अली मंसूरी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

**2 हजार से अधिक मरीजों को मिला नया जीवन**

फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. फैक अहमद मंसूरी ने बताया कि संस्था की शुरुआत एक छोटे स्तर से हुई थी, लेकिन आज यह हजारों लोगों की जरूरत बन चुकी है। अब तक 2,000 से ज्यादा लोग इस फाउंडेशन के माध्यम से हृदय रोग व अन्य बीमारियों का निःशुल्क इलाज पा चुके हैं। संस्था का मुख्य उद्देश्य उन ग्रामीण और निर्धन इलाकों तक पहुंचना है, जहाँ लोग इलाज के अभाव में दम तोड़ देते हैं। हाल ही में डॉ. शराफत अली मंसूरी और फाउंडेशन के अध्यक्ष के बीच हुई वार्ता के बाद यह तय किया गया है कि जल्द ही शाहजहाँपुर जनपद में भी कार्डियो सेवा फाउंडेशन अपनी सेवाओं का विस्तार करेगा। डॉ. शराफत अली ने फाउंडेशन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि, 'यह संस्था किसी वरदान से कम नहीं है। शाहजहाँपुर में इसकी शुरुआत होने से जिले के गरीब परिवारों को काफी राहत मिलेगी। 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले कैंप में लखनऊ की विशेष टीम मौजूद रहेगी, जिसमें: डॉ. हस्साम अहमद, डॉ. अबुबाकेर (सीनियर क्लिनिकल एडवाइजर), डॉ. नाजिया सिद्दीकी (साइकोलॉजिस्ट), अली रिजवी (मैनेजिंग डायरेक्टर) डॉ. अंशिका, डॉ. अमीर और डॉ. शादाब (क्लिनिकल एडवाइजर) यह टीम न केवल मरीजों की जांच करेगी, बल्कि उन्हें भविष्य के लिए उचित चिकित्सीय परामर्श भी प्रदान करेगी। डॉ. शराफत अली ने इस सामाजिक पहल के लिए पूरी टीम को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

### नवोदय परीक्षा में कोमल की सफलता विद्यालय में खुशी का माहौल




**पुवायां, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के दिउरिया स्थित दशमेश एकेडमी की छात्रा कोमल ने जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर कक्षा 6 में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। कोमल, जो पकड़िया हकीम की निवासी हैं, ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक बलदेव सिंह और प्रधानाचार्या अलका रानी बाजपेयी ने उसे मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सह-प्रबंधक गुरसेवक सिंह, स्कूल कोऑर्डिनेटर गौतम बाजपेयी सहित समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे। सभी ने छात्रा की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए इसे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि यह सफलता न केवल छात्रा की मेहनत का परिणाम है, बल्कि अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का भी प्रतीक है।

### डीएम, एसपी ने सुनी तहसील दिवस में शिकायतें

- तहसील समाधान दिवस में आईं 52 शिकायतें, 8 का हुआ निस्तारण



**समृद्धि न्यूज़, जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद स्थित तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस आयोजन में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और नवागत पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से आठ शिकायतों का मौके पर ही टीमों को भेजकर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राप्त शिकायतों की मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण जांच करें और उनका समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की ढील बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। और वही जिलाधिकारी ने कई कर्मचारियों की की कड़ी फटकार लगाई, जिस माहौल एकदम शांत हो गया, इसके बाद बारी-बारी शिकायतें सुनकर और संबंधित कर्मचारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी प्रभात राय, तहसीलदार अनुराग दुबे, नायब तहसीलदार और मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित जिले के विभिन्न विभागों के आला अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपा की मासिक बैठक में संगठन मजबूती और जनसमस्याओं पर मंथन




**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को जिला व महानगर समाजवादी पार्टी की संयुक्त मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने की, जबकि संचालन प्रदेश सचिव विजय सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 14 अप्रैल 2026 को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को जिले की सभी छह विधानसभाओं में सेक्टरवार मनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही किसानों को खाद न मिलने, स्मार्ट मीटर के कारण बिजली कटौती, गैस की किल्लत तथा महानगर के गादियाना क्षेत्र में बीएलओ प्रीति की संदिग्ध मौत के मामले में परिवार को न्याय दिलाने का मुद्दा भी उठाया गया। जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर अंबेडकर जयंती को भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल को प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची का सभी पदाधिकारी गहनता से परीक्षण करें और 11 अप्रैल से बूथ स्तर पर मतदाता बढ़ाने का अभियान शुरू करें।

### सफलता के लिए ज्ञान और कौशल आवश्यकः डॉ. भूपेन्द्र सिंह



**शाहजहाँपुर।** एस0 एस0 कॉलेज के वाणिज्य विभाग और बरेली कॉलेज बरेली के वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एस एस कॉलेज में एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय था, ' वर्तमान भौतिकवादी युग में तनाव प्रबंधन '। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए बरेली कॉलेज, बरेली के वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो0 भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए ज्ञान और व्यावहारिक कौशल की आवश्यकता होती है।इसलिए छात्र-छात्राओं को परीक्षा में प्राप्तांकों को लेकर तनाव ग्रस्त नहीं होना चाहिए। मुख्य अतिथि वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो0 अनूप अग्रवाल ने कहा कि धन के पीछे भागना तनाव को आमंत्रित करना है। उन्होंने कहा कि अमीर लोग गरीबों की अपेक्षा अधिक तनाव ग्रस्त होते है। वह अपने तनाव को कम करने के लिए भारी शुल्क चुकाकर मनोवैज्ञानिकों से परामर्श लेते है। मुख्य वक्ता बरेली कॉलेज के प्रो0 ओमकार ने कहा कि स्वस्थ्य और प्रसन्न रहने के लिए तनाव प्रबंधन आवश्यक है। उन्होंने कहा की विद्यार्थियों को यह ध्यान रखना चाहिए कि धनार्जन से अस्थायी सुख मिल सकता है किन्तु स्थायी शांति नहीं। इससे पूर्व डॉ अनुराग ने विषय स्थापना करते हुए कहा कि जीवन में उतने ही भौतिक साधनों का संग्रह करना चाहिए जितने आवश्यक हों। वर्तमान समय में यद्यपि भौतिक साधनों के महत्त्व से इंकार नहीं किया जा सकता किन्तु यह ध्यान रखना चाहिए कि जीवन भौतिक साधनों के अर्जन और संग्रह के लिए नहीं है अपितु जीवन के लिए भौतिक साधन होते हैं। सेमीनार में चार तकनीकि सत्र भी आयोजित किये गए जिनके अंतर्गत छात्र-छात्राओं तथा शोधार्थियों द्वारा 52 शोध पत्र पढ़े गए। इस अवसर पर 44 शोध पत्रों से सुसज्जित एक पुस्तक का विमोचन भी किया जिसका शीर्षक था, 'भौतिकवादी युग में तनाव प्रबंधन : कारण, प्रभाव एवं समाधान' । पुस्तक का संपादन वाणिज्य विभाग के प्रो0 कमलेश गौतम और श्रीमती अपर्णा त्रिपाठी ने किया है।

### ब्लाक प्रमुख पति की मौत पर डीएम विधायक ने व्यक्त किया शोक



**कलान, शाहजहांपुर।** कलान ब्लाक प्रमुख पति की मृत्यु पर जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व विधायक हरिप्रकाश वर्मा, कटरा विधायक प्रिंस ने घर पहुंचकर शोभ व्यक्त किया। कलान की ब्लाक प्रमुख रुचि वर्मा के पति राहुल वर्मा की ब्रेन हेमरेज से एक हफ्ते पूर्व बरेली निजी अस्पताल मृत्यु हो गई थी, जिसकी जिसकी जानकारी मिलने पर आज जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह जलालाबाद। विधायक हरिप्रकाश वर्मा, कटरा विधायक वीर बिक्रम, नगर पंचायत अध्यक्ष हरिनारायण गुप्ता, आदित्य सिंह हनी कुंडरिया के पूर्व प्रधान पुष्पेन्द्र गुप्ता आदि उनके घर पहुंचे और ब्लाक प्रमुख के ससुर पूर्व प्रधान रामगोपाल वर्मा से मिले और शोक संवेदना, व्यक्ति की।

## खबरें एक नजर में

### भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त महानगर उपाध्यक्ष वैभव खन्ना का स्वागत



**समृद्धि न्यूज, शाहजहाँपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन विस्तार के तहत शाहजहाँपुर महानगर इकाई में नई नियुक्तियों की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। इसी क्रम में, नवनियुक्त महानगर उपाध्यक्ष वैभव खन्ना का पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा फूल-मालाओं और बुके भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुँह मीठा कराया और बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनकी नियुक्ति से संगठन को नई मजबूती मिलेगी और केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने के अभियान में तेजी आएगी। वैभव खन्ना पूर्व में पार्टी के बूथ अध्यक्ष,शक्ति केंद्र संयोजक, चौक मण्डल अध्यक्ष व युवा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री भी रह चुके है। नवनियुक्त उपाध्यक्ष वैभव खन्ना ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने और आगामी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर पार्षद लाल पुजारी, पार्षद अनूप मौर्य,पार्षद मनीष गुप्ता,नामित पार्षद अनुज वर्मा, मीडिया प्रभारी पुनीत मिश्रा ,अतुल अग्निहोत्री,,वार्ड अध्यक्ष शेखर यादव, मुन्ना सागर ,अनिल गौतम,विशेष सोनी,नवीन गुप्ता,संजीव मौर्य, रमेश पाल, हितेश मिश्रा,माया प्रकाश दीक्षित,युवा मोर्चा अध्यक्ष आयुष शंखधार, राजीव गुप्ता, आकाश वर्मा, विनायक कपूर सोनू सक्सेना विशेष वर्मा हरिओम वर्मा, प्रभाकर वर्मा, गोपी शुक्ला, श्री कृष्ण वर्मा ,सुभाष मिश्रा, संतोष तिवारी,हिमांशु आनंद आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे, जिन्होंने नए दायित्व के लिए अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

### खुटार में बेलगाम जुगाड़ू वाहन प्रशासन के लिए बने चुनौती

**हादसों के बाद भी नहीं टूटी नींद, अवैध वाहनों को मिली खुली छूट**

**समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में इन दिनों जुगाड़ू वाहनों का संचालन तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिससे आमजन की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। बिना किसी वैध कागजात, फिटनेस प्रमाण पत्र और सुरक्षा मानकों के ये वाहन सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। हाल ही में ऐसे ही एक जुगाड़ू वाहन से हुए हादसे में बच्चों समेत कई लोग घायल हो गए थे, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन वाहनों में न तो उचित ब्रेकिंग सिस्टम होता है और न ही यात्रियों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम। इसके बावजूद ये वाहन मुख्य मार्गों से लेकर ग्रामीण सड़कों तक खुलेआम संचालित हो रहे हैं। इससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सबसे हैरानी की बात यह है कि पुलिस और प्रशासन को इस पूरे मामले की जानकारी होने के बावजूद कोई प्रभावी अभियान नहीं चलाया जा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों की यह निष्क्रियता कई सवाल खड़े कर रही है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन की ढिलाई के चलते ही इन अवैध वाहनों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों और क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे जुगाड़ू वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाकर इन्हें पूरी तरह बंद कराया जाए। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। अब देखना यह है कि प्रशासन कब जागेगा और सड़कों पर दौड़ रहे इस 'मौत के खेल' पर कब लगाम लगाएगा।



### उपभोक्ताओं में डर, बिल जमा न होने पर कट जायेगी बिजली

**रोजा उपकेंद्र पर लगी बिल जमा करने के लिये लंबी लाइन**



**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली विभाग ने बकाया बिल न जमा करने वाले स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में कई उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन स्वंय काट गए हैं। बिजली कनेक्शन कटने के डर से उपभोक्ता बिल जमा करने के लिए काउंटरों पर पहुंच रहे हैं, जहां उन्हें दो से तीन घंटे तक लाइन में लगना पड़ रहा है। शहर में वर्तमान समय में कई हजार उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर प्रणाली लागू होने के बाद उपभोक्ताओं को प्रीपेड व्यवस्था के तहत समय-समय पर रिचार्ज कराना जरूरी है। बैलेंस समाप्त होते ही बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो जाती है। कनेक्शन कटने के बाद बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिल जमा कराने के लिए बिजली घरों पर पहुंच रहे हैं, जिससे वहां भीड़ बढ़ गई है और कई स्थानों पर लंबी कतारें लग रही हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि अचानक बिजली कटने से उन्हें असुविधा हो रही है। वही, रोजा विद्युत उपकेंद्र के जेई अजय कुमार यादव ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय से बिल जमा करें या स्मार्ट मीटर रिचार्ज कराते रहें, ताकि बिजली आपूर्ति बाधित न हो।

### जर्जर पुल बना हादसे का कारण, भाजपा नेता ने उठाई मरम्मत की मांग

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** पुवायां विधानसभा क्षेत्र में स्थित शारदा नहर पर बने जर्जर पुल को लेकर भाजपा नेता ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है। इस संबंध में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेता सुबोध कुमार एडवोकेट ने विधायक चेतराम को पत्र देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पत्र में बताया गया है कि ग्राम सिंगापुर खास स्थित शारदा नहर (हरदोई ब्रांच) पर बना पुल ब्रिटिश काल का है, जो वर्तमान में बेहद जर्जर और खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है। पुल का एक हिस्सा विशेष रूप से पश्चिमी साइड से नीचे की ओर धंस चुका है, जिससे आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बताया गया है कि यह पुल क्षेत्र का महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जहां से प्रतिदिन ग्रामीणों, किसानों, स्कूली बच्चों सहित भारी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और कृषि वाहन गुजरते हैं। पुल की वर्तमान हालत को देखते हुए किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। भाजपा नेता ने पत्र में मांग की है कि पुल का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराया जाए और आवश्यकता अनुसार इसकी मरम्मत या नए पुल के निर्माण को स्वीकृति दी जाए। साथ ही जब तक स्थायी समाधान न हो, तब तक सुरक्षा के वैकल्पिक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनहित और सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन को शीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे संभावित हादसे को टाला जा सके।



# डीएम, एसपी ने भगवान परशुराम मंदिर व झील जीर्णोद्धार कार्यों का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** जिले में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने आज जलालाबाद स्थित भगवान परशुराम मंदिर एवं उससे संबंधित झील के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। यह कार्य भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना आध्यात्मिक परिपथ-1 के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से परशुरामपुरी को एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर एवं झील क्षेत्र में चल रहे निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अभियंताओं एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। साथ ही उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि कार्य में किसी प्रकार की कमी न हो और सभी कार्य मानकों के अनुरूप हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्यों में तेजी लाने हेतु एक साप्ताहिक कार्य योजना तैयार की जाए तथा आवश्यकतानुसार मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाए, जिससे परियोजना समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह परियोजना जनपद की पर्यटन संभावनाओं को नई दिशा प्रदान करेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन के अवसर भी बढ़ाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि परिसर की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था एवं आगंतुकों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर अनुभव प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने भगवान परशुराम के मंदिर में विधिवत दर्शन एवं पूजा अर्चना की। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शाहजहांपुर डिपो में महिला प्रकोष्ठ का गठन



समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रान्तीय महामंत्री गिरीश चन्द्र मिश्रा के आवाहन पर शनिवार को शाहजहांपुर डिपो के शाखा अध्यक्ष राजेश पाण्डेय की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। जिसमें गोला डिपो से प्रमोद मिश्रा क्षेत्रीय संयोजक संविदा के द्वारा सर्वसम्मति से नव निर्वाचित पदाधिकारियों को घोषणा की।जिसमे नीता श्रीवास्तव को शाखा अध्यक्ष, कविता सिंह शाखा मंत्री ,अर्पिता वर्मा को संगठन मंत्री मनोनीत किण गया । इसी क्रम में रिचा अग्निहोत्री उपाध्यक्ष तथा गौरी शमी को संयुक्त मंत्री, मोहम्मदी अंशारी को संगठन सचिव पद पर मनोनीत किया गया। महिला प्रकोष्ठ गठन के अवसर पर नियमित, संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारी भारी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें प्रतिमा नसीम बानो, पूनम देवी, स्वाती, रजनी मिश्रा अर्चना मिश्रा, विनोद मिश्रा, साहेवराम यादव, सुशील त्रिवेदी,प्रदीप दीक्षित, मृदुल कुमार, गौरव त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

### तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** मुखबिर खास की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 315 बोर तमंचे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल। बीते गुरुवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि एक व्यक्ति थाना क्षेत्र के गांव गोरा रायपुर से मनुवावरी जाने वाले रास्ते पर जा रहा है अगर जल्दी की जाए तो पकड़ा जा सकता है पुलिस ने मुखबिर की बात पर भरोसा करके गोरा तिराहे से मुखबिर द्वारा दूर से बताए हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया।

## पांच दिन बाद भी गेंहूं क्रय केंद्रों पर पसरा सन्नाटा

**समर्थन मूल्य से कम भाव में रोजा मंडी में खुले बाजार बिक रहा है गेंहूं**

समृद्धि न्यूज





**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा मंडी में अचानक गेहूं की अवाक तेज हो जाने के कारण आढ़तियों की बल्ले बल्ले हो रही हैं। खुले बाजार में समर्थन मूल्य से कम गेहूं खरीद हो रही हैं। वही गेंहूं में नमी होने के कारण सरकारी क्रय केंद्रों पर तोल नहीं हो पा रही है। शुक्रवार को रोजा मंडी में गेहूं की आवक होने के कारण आढ़तियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। आढ़तियों के यहां शुक्रवार को गेहूं बढ़कर 2200 से लेकर 2250 रूपए में खरीदा गया। वही अधिकांश सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं में नमी होने के कारण पांच दिन बीत जाने के बाद भी सन्नाटा पसरा रहा। ज्ञात रहे कि जिले में किसानों से गेहूं की खरीद के लिए शासन के आदेश पर 30 मार्च से जिले में क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। वही रोजा मंडी में रोजा मंडी में किसानों की सुविधा के लिए कुल 19 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इनमें एफसीआई के 2, आरएफसी के 6, पीसीएफ के 3, मंडी समिति के 2, पीसीयू के 3, यूपीएसएस का 1 और नेफेड के 2 क्रय केंद्र शामिल हैं। नमी होने के कारण किसान अपना गेहूं आढ़तियों के यहां बेचने पर मजबूर हैं। नमी होने के कारण क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। सेंटरों पर किसानों के न आने से जहां एक ओर केंद्र प्रभारियों में मायूसी है वहीं किसान सरकारी तंत्र की लंबी कतार से बचने के लिए अपने खेतों से ही अच्छे दाम पर गेहूं व्यापारियों को बेंच रहे हैं।

### तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने मारी वृद्ध महिला को टक्कर, घायल

**समृद्धि न्यूज, पुवायां।** नगर के मोहल्ला रामनगर निवासी पिंकी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 मार्च की शाम को मेरी मां उषा देवी बण्डा रोड़ पर खीरा खरीद रही थी। तभी बण्डा तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने पैदल आ रही वृद्ध महिला को टक्कर मार दी टक्कर लगने से वृद्ध महिला को काफी गम्भीर चोटें आई। परिजन उन्हें सीएचसी लेकर गए हालत ठीक नही होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा आज जनपद की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न गंभीर समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के पदाधिकारियों ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की मांग की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रफी उल हसन ने कहा कि जनपद के कई निजी विद्यालयों द्वारा पुस्तकों की खरीद को लेकर एक सुनियोजित एकाधिकार (मोनोपॉली) स्थापित कर लिया गया है, जिससे अभिभावकों का खुला आर्थिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को केवल निर्धारित दुकानों अथवा विशेष प्रकाशकों से ही महंगी पुस्तकें खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। साथ ही, एनसीआरटी की सस्ती एवं मानक पुस्तकों को जानबूझकर लागू नहीं किया जा रहा है और निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकों को अनिवार्य कर दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालयों द्वारा कोर्स, पुस्तकें एवं यूनिफॉर्म को जबरन विद्यालय परिसर या उनसे जुड़े दुकानों से ही खरीदने का दबाव बनाया जाता है, जो पूरी तरह नियमों के विरुद्ध है। पुस्तकों एवं कोर्स चयन की प्रक्रिया में पारदर्शिता का पूर्ण अभाव है, जिससे अभिभावकों को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी जाती। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि इस प्रकार की अनियमितताओं पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा दोषी विद्यालयों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। वहीं जिला उपाध्यक्ष प्रत्युष कुमार मिश्रा ने कहा कि जनपद में कई स्थानों पर स्कूल, कॉलेज, अस्पताल एवं धार्मिक स्थलों के समीप शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं, जो सामाजिक मर्यादा एवं छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। उन्होंने विशेष रूप से अंटा चौराहा स्थित निदान पैथोलॉजी के सामने (जहां तक्षशीला स्कूल स्थित है), इस्लामिया स्कूल के समीप तथा घंटाघर मार्ग पर मसूरी पब्लिक स्कूल के पास संचालित दुकानों का उल्लेख करते हुए इन्हें तत्काल प्रभाव से हटाने या स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में हाल ही में सामने आए फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र प्रकरण पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अपात्र व्यक्तियों को प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं, जबकि पात्र लोगों से अवैध धन की मांग की जा रही है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि स्कूल एवं कॉलेजों के आसपास खुलेआम सिगरेट, गुटखा एवं तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है और नाबालिग छात्रों को भी यह सामग्री बेची जा रही है जो कानूनन अपराध है।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से किसान कौशल मिश्रा ने की मुलाकात

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से राजभवन में किसान कौशल मिश्रा ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने अपने कृषि फार्म पर उत्पादित 'कुफरी नीलकंठ' (काला आलू) राज्यपाल को भेंट किया, जिसकी राज्यपाल ने सराहना की। राज्यपाल ने राजभवन में अधिकारियों को बुलाकर कौशल मिश्रा का परिचय कराया और काले आलू की खेती में रुचि दिखाते हुए कहा कि आगामी सीजन में राजभवन परिसर में भी इसकी खेती कराई जाएगी। इसके लिए बीज उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी कौशल मिश्रा को सौंपी गई। मुलाकात के दौरान किसानों की आय दोगुनी करने के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल ने विशेष रूप से जैविक खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को आधुनिक और लाभकारी खेती के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने कौशल मिश्रा से अपने अनुभव अधिक से अधिक किसानों के साथ साझा करने की अपील की, ताकि अन्य किसान भी खेती में नवाचार कर अपनी आमदनी बढ़ा सकें। इस अवसर पर गौरव मिश्रा, प्रखर मिश्र, किसान विजय मिश्रा एवं सुधीर पाठक भी मौजूद रहे।

### टॉपर बच्चों को कोचिंग संचालक ने किया सम्मानित



**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।**

क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित एम ए कोचिंग क्लासेस में कक्षा 9 और 11 के टॉपर बच्चों को कोचिंग संचालक इरम मंसूरी एवं स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने स्मृति चिन्ह मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंसूरी ने कहा जो बच्चे लगातार मेहनत करते रहते हैं और कार्य का रिवीजन नियम अनुसार करते हैं वही बच्चे अच्छा परिणाम पाते हैं इसी क्रम में कक्षा 11 की अंशिका सिंह को प्रथम नेति सिंह को द्वितीय एवं अमनदीप कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं कक्षा 9 में दिव्यांशी सक्सेना ने प्रथम अंशिका ने द्वितीय राधा गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया शिक्षिकाओं में जशनप्रीत कौर आसना सिंह वासुदेव सिंह सर्वेश सिंह शिवम वर्मा अब्दुल रहमान कृष्ण पाल आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने कोचिंग में टाप आने वाले बच्चों की सराहना की।

### आंगनबाड़ी के परिजनों से मिला प्रशासन, हरसंभव मदद का भरोसा

**मृतका आंगनबाड़ी प्रीती के परिजनों से मिले डीएम व सीडीओ**

समृद्धि न्यूज



**शाहजहांपुर।** शनिवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रीति के घर जाकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ डा.अपराजिता सिंह व एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने परिजनों के साथ शोक संवेदना व्यक्त की। डीएम ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई गई है। शासन-प्रशासन से जो भी मदद होगी, की जाएगी। दुख की इस घड़ी में जिला प्रशासन परिवार के साथ है। किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। सीडीओ ने परिजनों से बातचीत कर जानकारी ली। एडीएम प्रशासन ने बताया कि परिवार की जो भी मदद संभव होगी, कराई जाएगी। बता दें कि बीते दिनों आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रीति की मौत के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी व नगर निगम के एक कर्मी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए, मृतका की बेटी ने सोशल मीडिया पर अपना दर्द बयां किया था। जिसके बाद जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान लिया गया है। डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट से जांच कर रिपोर्ट ली है।


## कार्यालय नगर पंचायत काँट जनपद शाहजहाँपुर

पत्रांक:-339/न0पं0कांट / 2025-26 — दिनांक- 02.04.2026

### विज्ञप्ति

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अन्तर्गत नगर के समस्त नागरिकों, दुकानदारों, व्सवसायियों, शासकीय / अर्द्धशासकीय कार्यालयों को शासन के आदेशासनुसार नगर में घर, दुकान, प्रतिष्ठान, शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों में निर्मित सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS:2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित कराया जाना आवश्यक है, एवं सैप्टेज प्रबंधन के अंतर्गत्त नगर पंचायत के समस्त भवन स्वामियों / नगरिकों को सूचित किया जाता है कि समस्त शौचालय सेप्टिक टैंक से संयोजित है, उक्त सेप्टिक टैंक को खाली कराने हेतु, समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के तहत कार्यवाही अनिवार्य रूप से निम्नानुसार सुनिश्चित की जाये।

1. सेप्टिक टैंक को उपभोक्ता द्वारा 03 वर्ष में एक बार खाली कराया जाना अनिवार्य है, न कराये जाने पर 500रू (पांच सौ रूपये) जुर्माने की कार्यवाही की जायेगी।
2. सेप्टिक टैंक भरे होने पर तत्काल ही खाली कराया जाना सुनिश्चित करेंगे जिससे किसी भी स्थिति में मल/फीकल स्लज नालियों में प्रवाहित ना हो।
3. सभी प्राइवेट डीस्लजिंग ऑपरेटर से अनुरोध है कि वह नगर पंचायत कांट, कार्यालय में अपना पंजीकरण आवश्यक करा लें अन्यथा की स्थिति में उन पर SWM Rule 2016 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
4. मैनुअल स्कैवेंजिंग पूर्णतयः प्रतिबंधित है तथा कोई भी कर्मचारी या व्यक्ति मैनुअली सीवर या सेप्टिक टैंक को खाली करते हुए /कराते हुए पाया जाता है तो उस पर रू0 2000 (दो हजार रूपये) का अर्थदण्ड एवं नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।
5. सेप्टिक टैंक के मलवा/स्लज के निस्तारण में लगे समस्त सफाई मित्र व पंजीकृत स्लज ऑपरेटर बिना किसी सेप्टिक गियर अथवा इक्विपमेंट के सेप्टिक टैंक/सीवर में कार्य करते हुए पाए जाते हैं। तो सफाई मित्र, सीवर सेप्टिक वाहन स्वामी वाहन/व्यावसायिक आवास स्वामी के विरूद्ध नगर पंचायत कांट द्वारा SWM Rule 2016 के विहित प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।
6. किसी भी दशा में अवैध, अपंजीकृत तथा सीधे श्रमिकों से सेप्टिक टैंको को खाली व साफ न कराया जाए, कराए जाने पर उस पर नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।
7. सेप्टिक टैंक खाली कराते समय निकलने वाली फीकल स्लज को खुले में ना बहाए।
8. उपभोक्ताओं / टैंकर संचालको द्वारा यदि एकत्रित फीकल स्लज/अनुपचारित फीकल स्लज को खुले/नाले में बहाया जाता है तो उस स्थिति में मा. राष्ट्रीय हरित अभिकरण के नियमों को उल्लंघन मानते हुए प्रथम बार में रू0 5,000/- (पांच हजार रूपये) एवं पुनरावृत्ति होने घर रु0 50,000/- (पचास हजार रूपये) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।
9. नगर पंचायत कांट जनपद शाहजहाँपुर सीमांतर्गत सभी सेप्टिक टैंक को IS:2470, IS:2470 Part 1 एवं IS:2470, Part 2 के मानक के अनुसार निर्मित न कराये जाने पर 1000 रू (एक हजार रूपये) अर्थदण्ड किया जा सकता है।
10. नगर पंचायत कांट जनपद शाहजहाँपुर के द्वारा अपनी सीवर सक्शन मशीन से नगर पंचायत सीमांतर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु शुल्क 1000 रू (एक हजार रूपये) प्रति ट्रिप देय होगा।
11. नगर पंचायत पंचायत कांट जनपद शाहजहाँपुर के सीमांतर्गत सेप्टिक टैंक खाली कराए जाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबर 14420/1533 तथा मो0 नं0 8546000833 पर संपर्क किया जा सकता है।
12. साफ-सफाई सम्बन्धित कोई भी सुझाव एवं शिकायत हेतु हेल्पलाइन नंबर 1533 तथा मो.नं. 8546000833 पर संपर्क किया जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कांट**
**शाहजहाँपुर।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कांट**
**शाहजहाँपुर।**

## बंगाल में अराजकता

पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत निर्वाचन नामावलियों के निस्तारण में लगे, सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। इन सात बंधक अधिकारियों में तीन महिलाएं भी शामिल थीं जिन्हें नौ घंटे तक बिना खाना-पानी के रोके रखा गया। स्वाभाविक रूप से इस घटना पर सुप्रीम कोर्ट ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव व डीजीपी समेत कई उच्च अधिकारियों का कारण बताओ नोटिस भी दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए सात अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। पिछले महीने तक साठ लाख में 47 लाख आपत्तियों का निस्तारण होने पर सुप्रीम कोर्ट ने भी संतुष्टि व्यक्त की है। बहरहाल, इसके बावजूद एसआईआर प्रक्रिया को लेकर किसी व्यक्ति को कोई शिकायत है तो उसका निस्तारण निर्धारित प्रक्रिया से ही किया जा सकता है। बहरहाल, मालदा का यह घटनाक्रम कानून व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं के लिए भी अग्निपरीक्षा है। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने पश्चिम बंगाल को राजनीतिक रूप से ध्रुवीकृत तथा चुनाव आयोग ने राज्य में जंगलराज होने की बात कही है। ध्यान रहे कि इससे पहले भी निर्वाचन अधिकारियों से मारपीट व घेराव की घटनाएं सामने आई हैं। जाहिर बात है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर पक्रिया को लेकर कुछ लोगों में असंतोष है। मतदाता सूची से नाम कटने वाले लोगों की तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। लेकिन यह तंत्र के प्रति बढ़ते अविश्वास का भी प्रतीक है, जिसके चलते ही घटनाक्रम के बाद सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी ने पश्चिम बंगाल में इस महीने होने वाले चुनाव से पहले कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। अब राज्य में विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही दिन बाकी हैं। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में इस माह की 23 व 29 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में मालदा का घटनाक्रम निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए चुनौती दर्शाने वाला है। बहरहाल, मालदा के कालियाचक में भीड़ द्वारा अभिव्यक्त आक्रोश और न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने का घटनाक्रम यह बताता है कि लोगों में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर व्यापक असंतोष है। यद्यपि कानून व्यवस्था को हाथ में लेना कदापि उचित नहीं कहा जा सकता है, लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा पहले ही घटना का आकलन न कर पाना और समय रहते कार्रवाई न करना, तंत्र की विफलता को ही दर्शाता है। जिसे कानून व्यवस्था की नाकामी ही कहा जा सकता है। जब राज्य में एसआईआर काम में लगे लोगों को पहले से लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा था, तो इस कार्य में लगे न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की जानी चाहिए थी। लोगों में उपजे अविश्वास के मद्देनजर इस दिशा में सतर्क पहल जरूरी थी। इसमें दो राय नहीं कि पश्चिम बंगाल में व्यापक पैमाने पर विदेशियों की घुसपैठ की समस्या रही है। ऐसे में एसआईआर प्रक्रिया द्वारा मतदाताओं की पड़ताल राष्ट्रीय सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण विषय है। लेकिन जटिल प्रक्रिया के चलते व जरूरी कागजों के उपलब्ध न होने से कुछ वैध मतदाताओं को अपनी वैधता की पुष्टि के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन चिंताओं को भी समझने की जरूरत है। ऐसे मतदाताओं के अविश्वास को भी दूर करने की जरूरत है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट इस प्रक्रिया पर शुरू से ही नजर बनाये हुए है। चुनाव आयोग भी दावा कर रहा है कि किसी योग्य मतदाता के साथ अन्याय नहीं होगा। इसी मकसद से ही सुप्रीम कोर्ट ने प्रक्रिया पर निगरानी के मकसद से न्यायिक अधिकारियों की तैनाती की थी। लेकिन विडंबना है कि उन्हें ही आक्रोशित भीड़ ने बंधक बनाया। लेकिन इसके बावजूद सरकारी तंत्र को लोगों के बीच भरोसा कायम करने का प्रयास करना चाहिए। विश्वास किया जाना चाहिए कि राज्य के राजनीतिक दल इस मुद्दे को लेकर राजनीति करने के बजाय मतदाताओं को तर्कपूर्ण ढंग से स्वतंत्र व पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने के लिये प्रेरित करेंगे। राज्य में स्वतंत्र-निष्पक्ष तथा पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए राजनेताओं का संवेदनशील व्यवहार जरूरी है।

# घुमंतू समाज की पहचान का आधार बनेगी जनगणना

*डॉ. सत्यवान सौरभ*

देश में कुछ समुदाय ऐसे भी हैं, जिन्हें आज तक ठीक से गिना ही नहीं गया—न आंकड़ों में, न नीतियों में, और न ही संवेदनाओं में। ये वे लोग हैं, जिन्हें कभी अंग्रेजों ने जन्मजात अपराधी घोषित कर दिया था और आजादी के 78 साल बाद भी जिनकी पहचान उसी कलंक के बोझ तले दबी हुई है। यह विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियां हैं। यह आज भी भारत के विकास के नक्शे में अदृश्य बनी हुई हैं। ऐसे में 2027 की जनगणना केवल एक सांख्यिकीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि ऐतिहासिक न्याय का एक सुनहरा अवसर है। ब्रिटिश शासन के दौरान 1871 का आपराधिक जनजाति अधिनियम इन समुदायों के जीवन पर एक अमिट दाग बनकर चिपक गया। इस कानून ने उन्हें जन्म से ही अपराधी घोषित कर दिया, जिससे उनके जीवन का हर पहलू संदेह और निगरानी के घेरे में आ गया। यह केवल एक कानूनी प्रावधान नहीं था, बल्कि सामाजिक बहिष्कार की एक संगठित व्यवस्था थी। स्वतंत्रता के बाद 1952 में इस अधिनियम को समाप्त कर इन समुदायों को विमुक्त तो कर दिया गया, लेकिन समाज की मानसिकता आज भी उस औपनिवेशिक सोच से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाई। परिणामस्वरूप, ये समुदाय आज भी पुलिस के संदेह, सामाजिक तिरस्कार और सरकारी उपेक्षा का शिकार बने हुए हैं।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि जिन लोगों को आजादी के बाद मुख्यधारा में शामिल किया जाना चाहिए था, वे आज भी पहचान के संकट से जूझ रहे हैं। स्थायी निवास का अभाव, लगातार प्रवास और दस्तावेजों की कमी इनके जीवन की सबसे बड़ी बाधाएं हैं। आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी जैसे सामान्य दस्तावेज, जो किसी भी नागरिक के अधिकारों का आधार होते हैं, इन समुदायों के लिए एक सपना बनकर रह जाते हैं। जब पहचान ही नहीं होगी, तो अधिकार कैसे मिलेंगे? यही कारण है कि ये समुदाय सरकारी योजनाओं, आरक्षण और कल्याणकारी कार्यक्रमों से लगातार बाहर रह जाते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में स्थिति और भी चिंताजनक है। घुमंतू जीवनशैली के कारण बच्चों की पढ़ाई लगातार बाधित होती है। एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते रहने के कारण स्कूलों में नामांकन और निरंतरता दोनों ही मुश्किल हो जाते हैं। परिणामस्वरूप, इन समुदायों में ड्रॉपआउट दर अत्यधिक है और साक्षरता का स्तर बेहद निम्न। शिक्षा से वंचित रहना केवल एक व्यक्तिगत नुकसान नहीं, बल्कि पूरे समुदाय के भविष्य को अंधकार में धकेल देना है। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। स्थायी स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच न होने के कारण ये लोग कुपोषण, संक्रमण और अन्य बीमारियों से जूझते



*शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में विशेष योजनाएं बनाकर घुमंतू समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ना होगा। मोबाइल स्कूल, अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र और कौशल विकास कार्यक्रम जैसे उपाय उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। इसके अलावा, पुलिस और प्रशासनिक तंत्र में संवेदनशीलता लाना भी जरूरी है, ताकि इन समुदायों के प्रति मौजूद पूर्वाग्रहों को समाप्त किया जा सके। वैश्विक स्तर पर भी ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं, जहां घुमंतू और हाशिये पर मौजूद समुदायों के लिए विशेष नीतियां बनाकर उन्हें मुख्यधारा में शामिल किया गया है। यूरोप में रोमा समुदाय के लिए चलाए गए कार्यक्रम इस दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण हैं। भारत भी इनसे सीख लेकर अपने संदर्भ में प्रभावी नीतियां विकसित कर सकता है। अंततः, यह सवाल केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि उस न्याय का है, जो इन समुदायों से दशकों से छीन लिया गया है। 2027 की जनगणना इस अन्याय को समाप्त करने का एक ऐतिहासिक अवसर है। अगर इस अवसर को भी गंवा दिया गया, तो यह केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं होगी, बल्कि यह हमारे संविधान के उस वादे का भी उल्लंघन होगा, जो समानता और न्याय की बात करता है। अब समय आ गया है कि हम इन अदृश्य नागरिकों को दृश्य बनाएं, उन्हें गिनें, पहचान दें और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करें, क्योंकि जब तक समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक विकास का कोई भी दावा अधूरा ही रहेगा।*

रहते हैं। सरकारी अस्पतालों तक पहुंच की कमी और जागरूकता का अभाव उनकी समस्याओं को और गंभीर बना देता है।

इन सबके बीच सबसे ज्यादा कठिनाई महिलाओं को झेलनी पड़ती है। एक ओर वे सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन से जूझती हैं, तो दूसरी ओर लैंगिक भेदभाव और असुरक्षा की मार भी सहती हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रहने के कारण उनकी स्थिति और भी कमजोर हो जाती है। कई मामलों में वे राजनीतिक प्रतिनिधित्व से भी दूर रहती हैं, जिससे उनकी आवाज़ नीति-निर्माण तक पहुंच ही नहीं पाती। नीतिगत स्तर पर भी इन समुदायों के साथ लंबे समय तक न्याय नहीं हो पाया है। 2019 में विकास एवं कल्याण बोर्ड का गठन और सीड जैसी योजनाएं शुरू करना सकारात्मक कदम जरूर हैं, लेकिन उनका प्रभाव सीमित रहा है। बजट की कमी, कमजोर कार्यान्वयन और निगरानी तंत्र की अनुपस्थिति इन योजनाओं को प्रभावी बनने से रोकती है। सबसे महत्वपूर्ण समस्या यह है कि इन समुदायों के बारे में सटीक और विश्वसनीय आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। जब तक किसी समूह की वास्तविक संख्या, स्थिति और आवश्यकताओं का स्पष्ट आकलन नहीं होगा, तब तक उसके लिए प्रभावी नीतियां बनाना संभव नहीं है।

यही वह बिंदु है, जहां 2027 की जनगणना एक निर्णायक भूमिका निभा सकती है। अगर इस जनगणना में विमुक्त, घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियों के लिए अलग कॉलम और कोड शामिल किया जाता है, तो यह उनके अस्तित्व को औपचारिक मान्यता देने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह पहचान, सम्मान और अधिकारों की बहाली का प्रश्न है। हालांकि, इस दिशा में कई चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। जाति जनगणना को लेकर पहले से ही राजनीतिक बहस जारी है और ऐसे में एक नई श्रेणी जोड़ना विवाद को और बढ़ा सकता है। लेकिन यह समझना जरूरी है कि यह मुद्दा केवल राजनीति का नहीं, बल्कि मानवाधिकार और सामाजिक न्याय का है। अगर सरकार और समाज इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास करें, तो इन चुनौतियों को पार किया जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर एक समन्वित रणनीति तैयार करें। स्थानीय स्तर पर सर्वेक्षण और डेटा संग्रह की व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि घुमंतू समुदायों को सही तरीके से गिना जा सके। आधुनिक तकनीक-जैसे डिजिटल जनगणना और जीपीएस ट्रैकिंग-का उपयोग कर उनकी गतिशील जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए डेटा एकत्र किया जा सकता है। साथ ही, गैर-सरकारी संगठनों और सामुदायिक समूहों को इस प्रक्रिया में शामिल करना भी महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि वे इन समुदायों के साथ सीधे जुड़े होते हैं और उनकी वास्तविक स्थिति को बेहतर समझते हैं।

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में विशेष योजनाएं बनाकर इन समुदायों को मुख्यधारा से जोड़ना होगा। मोबाइल स्कूल, अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र और कौशल विकास कार्यक्रम जैसे उपाय उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। इसके अलावा, पुलिस और प्रशासनिक तंत्र में संवेदनशीलता लाना भी जरूरी है, ताकि इन समुदायों के प्रति मौजूद पूर्वाग्रहों को समाप्त किया जा सके। वैश्विक स्तर पर भी ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं, जहां घुमंतू और हाशिये पर मौजूद समुदायों के लिए विशेष नीतियां बनाकर उन्हें मुख्यधारा में शामिल किया गया है। यूरोप में रोमा समुदाय के लिए चलाए गए कार्यक्रम इस दिशा में एक सकारात्मक उदाहरण हैं। भारत भी इनसे सीख लेकर अपने संदर्भ में प्रभावी नीतियां विकसित कर सकता है।

अंततः, यह सवाल केवल आंकड़ों का नहीं, बल्कि उस न्याय का है, जो इन समुदायों से दशकों से छीन लिया गया है। 2027 की जनगणना इस अन्याय को समाप्त करने का एक ऐतिहासिक अवसर है। अगर इस अवसर को भी गंवा दिया गया, तो यह केवल एक प्रशासनिक विफलता नहीं होगी, बल्कि यह हमारे संविधान के उस वादे का भी उल्लंघन होगा, जो समानता और न्याय की बात करता है। अब समय आ गया है कि हम इन अदृश्य नागरिकों को दृश्य बनाएं, उन्हें गिनें, पहचान दें और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करें, क्योंकि जब तक समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक विकास का कोई भी दावा अधूरा ही रहेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम : सुरक्षा बनाम स्वतंत्रता

*अरूण डनायक*

विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) की शुरुआत 1976 में उस समय हुई थी जब भारत सरकार ने पहली बार यह महसूस किया कि विदेशी धन का उपयोग देश की राजनीति, सामाजिक ढांचे और नीतिगत प्रक्रियाओं को प्रभावित कर सकता है। बाद में 2010 में इसे एक नए और व्यापक स्वरूप में लागू किया गया, जिसमें पंजीकरण, निगरानी और उपयोग से जुड़े नियम स्पष्ट किए गए। इसके बाद कई संशोधन किए गए ताकि नियंत्रण सख्त हो, पारदर्शिता बढ़े और विदेशी धन के दुरुपयोग को रोका जा सके। इस कानून का मूल उद्देश्य विदेशी स्रोतों से आने वाले धन को नियंत्रित करना था ताकि राष्ट्रीय हित और संप्रभुता सुरक्षित रहें, मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध गतिविधियों को रोका जा सके, गैर सरकारी संगठनों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़े, और संवेदनशील वर्गों जैसे चुनाव उम्मीदवार, पत्रकार और आन्दोलनकारियों को विदेशी फंडिंग से दूर रखा जा सके।

वर्तमान में लगभग 16,000 संगठन इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हैं और उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 22,000 करोड़ रुपये का विदेशी अंशदान प्राप्त होता है। यही कारण है कि सरकार इसे संवेदनशील और रणनीतिक क्षेत्र मानती है। कई महत्वपूर्ण प्रावधानों के साथ 25 मार्च 2026 को लोकसभा में प्रस्तुत संशोधन का सबसे प्रमुख तत्व नामित प्राधिकरण की स्थापना है, जो पंजीकरण रद्द या नवीनीकरण न होने वाली संस्थाओं की विदेशी निधियों और परिसंपत्तियों का प्रबंधन करेगा। यदि कोई संस्था समय पर नवीनीकरण नहीं कराती या आवेदन अस्वीकृत हो जाता है, तो उसका पंजीकरण स्वतः समाप्त हो जाएगा और परिसंपत्तियां अस्थायी रूप से प्राधिकरण के नियंत्रण में चली जाएगी। ऐसे हालात में ये परिसंपत्तियां स्थायी रूप से सरकार के नियंत्रण में आ सकती हैं, जिन्हें बेचा जा सकता है और राशि भारत की संचित निधि में जमा की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, विदेशी धन के उपयोग के लिए निश्चित समय-सीमा तय करने का प्रावधान है, ताकि धन का अनिश्चितकाल तक संचय न हो सके। निलंबन की स्थिति में कोई भी संस्था अपनी परिसंपत्तियों को बिना अनुमति बेच या स्थानांतरित नहीं कर सकेगी। जांच प्रक्रिया को केंद्रीकृत किया जाएगा, जिसके तहत किसी भी एजेंसी को जांच शुरू करने से पहले केंद्र सरकार की अनुमति लेनी होगी।

मुख्य पदाधिकारी की परिभाषा विस्तारित कर निदेशक, ट्रस्टी और अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से जवाबदेह बनाया गया है। दंड को नरम करते हुए अधिकतम सजा पांच वर्ष से घटाकर एक वर्ष कर दी गई है और अपील का प्रावधान जोड़ा गया है, जिससे संस्थाओं को न्यायिक राहत मिल सके। इस विधेयक को प्रस्तुत करते ही व्यापक विवाद सामने आया। कांग्रेस और केरल में सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट ने इसका मुखर विरोध किया है। कांग्रेस ने इसे असंवैधानिक बताते हुए आरोप लगाया कि यह अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर ईसाई संस्थाओं को निशाना बनाने का प्रयास है, जबकि विपक्षी नेताओं का दावा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े संगठन इससे प्रभावित नहीं होंगे। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपना विरोध दर्ज कराया। विपक्ष का आरोप है कि इससे गैर-सरकारी संगठनों की स्वतंत्रता सीमित होगी और सरकार को अत्यधिक नियंत्रण मिल जाएगा। कैथोलिक बिशप्स कॉन्फ्रेंस ऑफ इंडिया ने इस विधेयक पर और भी गहरी चिंताएं व्यक्त की हैं। उनका मानना है कि यह कानून नागरिक समाज की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकता है और गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीब वर्गों के लिए चल रही सामाजिक सेवाओं पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर आपत्ति जताई कि नवीनीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और संस्थाओं को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर नहीं मिलता। परिसंपत्तियों के सरकारी नियंत्रण को उन्होंने अत्यधिक कठोर बताया और इसे संपत्ति के अधिकार तथा धार्मिक स्वतंत्रता के विरुद्ध माना। सरकार की ओर से केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन किरण रिजिजू ने विपक्ष के आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि यह विधेयक सकारात्मक कदम है जो किसी भी धार्मिक समुदाय के खिलाफ नहीं है और केवल गैर-कार्यशील संस्थाओं की परिसंपत्तियों के प्रबंधन पर लागू होगा। सक्रिय संस्थाओं के अधिग्रहण को सरकार ने अफवाह बताया। मंत्रियों ने यह भी दावा किया कि नए प्रावधानों के तहत अपील का अधिकार मिलने से एफसीआरए लाइसेंस एक कानूनी अधिकार बन जाएगा। उनके अनुसार, अवैध विदेशी फंडिंग का उपयोग देश विरोधी गतिविधियों में किया जा सकता है, इसलिए इसे नियंत्रित करना आवश्यक है। विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 को 1 अप्रैल को चर्चा और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया था। विपक्ष ने संसद के मकर द्वार पर धरना दिया और सदन के अन्दर व्यापक शोर शराबा किया जिससे विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकी और विपक्ष के तीव्र विरोध व राजनीतिक दबाव के चलते सरकार ने इसे फिलहाल स्थगित कर दिया। इसके साथ ही, केरल में 9 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों ने इस मुद्दे को और संवेदनशील बना दिया। केरल में ईसाई समुदाय का प्रभाव, चर्च संगठनों तथा भाजपा की केरल इकाई की आपत्तियों को देखते हुए यह विधेयक एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस विरोध और संभावित चुनावी प्रभाव को ध्यान में रखते हुए सरकार ने रणनीतिक रूप से इस विधेयक को फिलहाल स्थगित करने का निर्णय लिया। हमेशा की तरह सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर यह कहा गया कि विपक्ष ने गलतफहमियां फैलाई, जिसके कारण विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकी, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इसे टालना एक व्यावहारिक और चुनावी दृष्टि से लिया गया निर्णय है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि यह विधेयक केवल एक कानूनी सुधार नहीं बल्कि राजनीतिक और वैचारिक संघर्ष का केंद्र बन गया है। एक ओर सरकार इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए आवश्यक बता रही है, वहीं विपक्ष इसे नियंत्रण और दमन का उपकरण मान रहा है। एफसीआरए बैंक खातों के संचालन में पहले से ही कई चुनौतियां रही हैं, नए प्रावधान निश्चित रूप से सामाजिक सेवा से जुड़े संगठनों के निधि जुटाने के प्रयासों को और जटिल बना सकते हैं। यह भी देखा गया है कि सरकार कई बार ऐसे कड़े निर्णयों पर पीछे हटती रही है, जिससे यह धारणा बनती है कि वह सख्त फैसले लेने में हिचकिचाती है। दूसरी ओर, विपक्ष पर भी यह आरोप लगता है कि वह अल्पसंख्यक समुदायों को साधने के लिए इस तरह के मुद्दों पर अधिक आक्रामक रुख अपनाता है, जबकि अन्य मामलों में उसका विरोध उतना प्रभावी नहीं दिखता। इस पूरे विवाद में संतुलन, पारदर्शिता और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा ही आगे की राह तय करेगी।

**(लेखक भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक हैं )**

साहित्य



## कहां था मैं

**बिंदेश कुमार झा**

कहां था मैं
और आज कहां आ गया हूं
और अपने जीवन पथ से मैं
कहीं खो सा गया हूं
मालूम नहीं मुझे कुछ
फिर भी सब जानता हूं मैं
उन खुशहाल दिनों को छोड़कर
अभिषेक उनकी स्मृति को
जानता हूं मैं
कभी निर्भय था मैं
किंतु आज कहीं भयभीत हूं मैं
कभी हर्ष उल्लास के वर्षा में था मैं
आज चिंताओं के बादल तले
नीचे हूं मैं
किंतु एक चीज है जो अभी बदली
नहीं है
परिस्थिति के अलावा मेरे
वह है साहस मुझे गिरे
जीवन से फरियाद तो नहीं अब
बस अब सबक है
उन पुराने दिनों को वापस लाने का
बस एक ललक है



## राशिफल

**मेष:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कार्य में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभ:-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मिथुन:-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**कर्क:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतः इसे सुधारें। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य को समय से पूर्ण करें।

**सिंह:-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्या:-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**तुला:-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। घर में प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक:-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी।

**धनु:-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकर:-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्त्रण रखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभ:-** महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीन:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# क्या हम असभ्य और क्रूर होते जा रहे हैं!

*कृपलाश सुरजन*

न्याय, शिक्षा, सुरक्षा, समानता, शिष्टाचार, परस्पर विश्वास और करुणा- सभ्य कहलाने वाले किसी भी समाज की पहचान होते हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो किसी समाज को सभ्य कहलाने का अधिकार तभी है जब वह इन मूलभूत तत्वों से परिपूर्ण हो। दुर्भाग्य से विश्व गुरु होने के आकांक्षी और अपने संस्कारों पर इतराने वाले भारतीय समाज से ये तत्व विलुप्त होते जा रहे हैं और ऐसा लग रहा है जैसे हम आदिम युग की ओर लौट चले हैं। गौतम बुद्ध, महावीर, गुरुनानक, कबीर और गांधी के देश में चारों तरफतेजी से बढ़ रही बेहूदा और आपराधिक घटनाएं ये सोचने के लिये मजबूर करती हैं कि क्या हम असभ्य और क्रूर होते जा रहे हैं। चिंता का विषय यह भी है कि आने वाले समय में हमारे देश और समाज की तस्वीर कैसी होगी। हाल के कुछ उदाहरण इस बात को समझने में सहायक हो सकते हैं। अक्तूबर में गुरुग्राम में एक रात चलती कार की पिछली सीट पर बैठे युवक ने अचानक दरवाजा खोलकर सड़क पर पेशाब करना शुरू कर दिया तो फरीदाबाद में भी एक व्यस्त सड़क पर एक शख्स ने अपनी कार रोकी और बीच सड़क पर बिना किसी शर्म या झिझक के लघुशंका निवारण किया। इसी तरह पुणे में भी एक ट्रैफिक सिग्नल पर एक युवक का बीएमडब्ल्यू से उतरकर पेशाब करने का वीडियो वायरल हुआ था। युवक के साथ कार में उसका दोस्त शराब की बोतल लेकर बैठा हुआ था। एक वीडियो ऐसा भी देखने में आया जिसमें एक महिला ने अपने बच्चे को नारियल के खाली खोल में पेशाब करवाया और चलती कार से उसे सड़क पर फेंक दिया। मजे की बात यह कि वीडियो, महिला के पति ने ही बनाया। नवंबर 2022 में न्यूयॉर्क-नई दिल्ली उड़ान में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी के बड़े अधिकारी ने एक वृद्ध महिला पर पेशाब कर दी थी, नतीजतन उसे न केवल अपनी नौकरी गंवानी पड़ी बल्कि जेल की हवा भी खाना पड़ी। लेकिन तीन साल बाद फिर दिल्ली से बैंकॉक जाने वाली उड़ान में वैसी ही घटना हुई।

मार्च की शुरुआत में मुंबई से जयपुर जा रहा एक यात्री ने हवाई अड्डे के प्रतिबंधित क्षेत्र में सिगरेट पीते दिखाई दिया तो वहां मौजूद एक कर्मचारी ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उसे रोकने की कोशिश की। अपनी गलती मानना तो दूर, उस यात्री ने एयरलाइन कर्मचारियों से बहस करना शुरू कर दिया। इस घटना के वायरल वीडियो में वह उन कर्मचारियों पर ही धुआं छोड़ते और बार-बार धूम्रपान निषेध नियम का सबूत मांगते हुए भी दिखाई दे रहा है। उसने सुरक्षा कर्मियों को भी अपशब्द कहे और अपनी कमाई को लेकर शेखी बघारी। इससे पहले फरवरी में अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली जिले के एक रिजॉर्ट में बाहर का खाना और शराब लाकर खाने-पीने की मनाही के बावजूद गुजरात से आये एक पर्यटक परिवार ने मनमानी की। रिजॉर्ट के नियम याद दिलाने पर वह परिवार गाली-गलौज पर उतर आया और अपने रसूख की धमकी देने लगा। बीते महीने इंदौर के एक रिहाइशी परिसर के पेंटहाउस में अवैध व्यावसायिक गतिविधियों और पार्किंग का विवाद इस कदर बढ़ा कि पेंटहाउस के मालिक ने ऐतराज जता रहे रहवासियों को सबक सिखाने के लिये अपने नाबालिग बेटे को बुलवा लिया। उसने परिसर के भीतर ही तेजी से कार दौड़ाते हुए एक महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कुचलकर मार डाला, जबकि इस विवाद में वह एक दर्शक मात्र थी और कुछ ही दिन पहले उसका परिवार उस परिसर में रहने आया था। किसे पता था कि विवाद की वजह जानने की उत्सुकता जानलेवा हो सकती है। लेकिन किसी को सबक सिखाने और बदला लेने का फितूर तथाकथित भद्र लोगों पर भी ऐसे चढ़ता है कि उन्हें अक्ल से अंधे होते देर नहीं लगती। मसलन, पिछले साल बेंगलुरू में एक कार सवार आकर चाय की दुकान पर रुका और वहां खड़े युवक से सिगरेट लाकर देने को कहा। युवक ने इनकार किया तो कार सवार ने उसे गाड़ी से कुचलकर मार डाला। एक खौफनाक मामला हापुड़ जिले के शेखपुरा गांव का है जहां एक दुकानदार ने सात साल के बच्चे पर दुकान से खाने का सामान चोरी करने का आरोप लगाया और फिर उसे डीप फ्रीजर में बंद कर दिया। वीडियो में आरोपी दुकानदार बच्चे को गाली देते हुए उसकी गर्दन काटने की धमकी देता भी सुनाई दे रहा है। इससे पहले वाराणसी में कुछ लोगों ने मोबाइल चोरी के शक में लाठियों से पीट-पीटकर एक नाबालिग को मार डाला। दूसरी तरफ मुंबई के उपनगर वसई की एक सोसायटी में एक ऑटो रिक्शा चालक ने चार साल के बच्चे के साथ वो सलूक किया जिसे देखकर रूह कांप जाए। बच्चे के पिता साथ हुए मामूली विवाद का बदला उसने मासूम की जान से लेने की कोशिश की। दूसरे बच्चों के साथ खेलते-खेलते वह बच्चा एक ऑटो रिक्शा में जाकर बैठ गया था। आरोपी ने पहले उसका सिर रिक्शे में लगे लोहे के एंगल पर दे मारा। फिर उसे पैरों से पकड़कर बेरहमी से खींचा और फिर हवा में उछाल कर उसे सिर के बल जमीन पर पटक दिया। बच्चे के साथ दरिंदगी कुछ और देर चलती रही। आरोपी ने उसे छुड़ाने के लिए आई दादी को भी नहीं बख्शा। कहा जा सकता है कि दंगे-फसाद, बलवा, मारपीट, हत्या और बलात्कार जैसी चीजें पहले भी होती थीं, लेकिन सोचने वाली बात है कि क्या समाज में पहले ये चीजें उस तरह से सहज स्वीकार्य थीं जैसी अब हैं। आखिर क्यों हम इस तरह की घटनाओं को सामान्य मानकर अनदेखा करने लगे हैं और हमारी आँखें और जबान तभी क्यों खुलती हैं जब कोई घटना दो अलग-अलग संप्रदाय या जाति के लोगों के बीच होती है। सवाल ये भी है बल्कि असल सवाल यही है कि हम इतने संकीर्ण, असंवेदनशील और आक्रामक क्यों हो गये हैं। क्या बीते बरसों में अलग-अलग बहानों से भड़काई गई भावनाओं ने हमारे भीतर सोये हुए राक्षस को जगा दिया है। कहीं ऐसा तो नहीं कि जो आग दूसरों के लिये लगाई गई, वह हमें ही झुलसाने लगी हो और हमें उसका अहसास भी न हो।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### भूमि विवाद को लेकर महिलाओं को पीटकर किया घायल

**समृद्धि न्यूज, शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के गहोरा गांव में भूमि विवाद के चलते दबंगों ने तीन महिलाओं को पीट कर घायल कर दिया। महिलाओं का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कोतवाली क्षेत्र के गहोरा गांव निवासी फूलमती पत्नी संभू के अनुसार 3 मार्च को सुबह 10:00 बजे बटेश्वर, अवनीश, विदेश एवं बटेश्वर की पत्नी ने फूलमती पर डंडों से हमला कर दिया। चीखने चिल्लाने पर पुत्री दुर्गा और बहू सोनिका बचाने दौड़ी तो दबंगों ने उनके ऊपर भी डंडों और लाठियों से हमला कर दिया जिससे वह भी घायल हो गयीं। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### देवर ने भाभी को पीट कर किया घायल

**समृद्धि न्यूज, शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा में एक देवर ने अपनी भाभी को पीट कर घायल कर दिया जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी विकास श्रीवास्तव पुत्र जितेंद्र श्रीवास्तव के अनुसार उसकी पत्नी रीना श्रीवास्तव घर पर अकेली थी। उसके छोटे भाई अजय श्रीवास्तव उर्फ शिवम ने अकारण पत्नी को गाली गलौज किया। विरोध करने पर डंडों से पीट कर घायल कर दिया। घायल को तत्काल सीएचसी ले जाया गया। जहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित पत्नी ने कोतवाली में आरोपी भाई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### ससुर और बहू ने मिलकर महिला को पीटकर किया घायल

**समृद्धि न्यूज, शाहाबाद हरदोई।** कोतवाली के मोहल्ला सैय्यद बाड़ा में एक बहू ने अपने ससुर के साथ मिलकर सास की डंडों से पिटाई कर दी जिससे सास के काफी चोटें आई हैं । घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई । सास का मेडिकल परीक्षण कराया गया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सैय्यद बाड़ा निवासी गीता देवी पत्नी भगवान शरण के अनुसार 2 अप्रैल को दोपहर 2:00 बजे उसकी बहू गायत्री पत्नी मोहित ने अकारण गाली गलौज किया। जब उसने विरोध किया तो गायत्री और पति भगवान शरण ने मिलकर उसे डंडों से पीटा जिससे उसे काफी चोटें आईं। घटना की नाम जद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया।

### रिश्तेदारी में आया युवक नदी में डूबा, तलाश जारी

**समृद्धि न्यूज, हरदोई।** पाली थाना छेत्र के ग्राम धर्मपुर में दिल्ली निवासी युवक अपनी रिश्तेदारी में आया था। शनिवार दोपहर गांव के बाहर से निकली गर्रा नदी में नहाते समय डूब गया। सूचना पर पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों से युवक की तलाश करवाई जा रही है। खबर लिखे जाने तक युवक का कुछ पता नहीं चल सका था। एएसपी/सीओ सर्किल आलोक राज नारायण ने बताया दिल्ली निवासी 17 वर्षीय युवक आशीर्वाद अपनी रिश्तेदारी में आया था शनिवार दोपहर गांव के निकट बह रही गर्रा नदी में नहाते समय डूब गया। सूचना पर पुलिस द्वारा स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से युवक का तलाश करवाया जा रहा है। आपदा राहत दल को बुलाया गया है तब तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### दबंगों की अश्लीलता से तंग पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**हमीरपुर।** एक गांव के दबंग युवकों द्वारा अश्लीलता और मारपीट से परेशान पीड़िता ने शनिवार को एसपी मृगांक शेखर पाठक को शिकायती पत्र सौंप दबंगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। सुमेरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने बताया कि बीते 1 अप्रैल को वह अपने घर के दरवाज़े के पास झाड़ू लगा रही थी तभी पड़ोस का दबंग कृष्ण गोपाल,राघवेन्द्र सिंह व रावेन्द्र सिंह उसके पास आए और उसे उठाकर पटक दिया जैसे ही उसने आवाज लगाई वैसे ही उसकी बहन बचाव करने को दौड़ी उक्त दबंग लोग दोनों को मारपीट कर भाग निकले। उक्त दबँगो द्वारा पूर्व में भी अश्लीलता की थी जिसकी उन्होंने सुमेरपुर थाने में शिकायत की लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे आहत होकर उसने एसपी को शिकायती पत्र सौंप उक्त के विरुद्ध रपट दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

### पुलिस अधीक्षक ने मौदहा थाना का किया आकस्मिक निरीक्षण

**मौदहा।** पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर ने शुक्रवार को थाना मौदहा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना, हवालात एवं शस्त्रागार का बारीकी से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि सभी अभिलेख अद्यतन रखे जाएं तथा लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने फरियादियों के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने और उनकी शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने साफ-सफाई व्यवस्था, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीएनएस कार्य एवं अपराध नियंत्रण संबंधी तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने मौजूद पुलिसकर्मियों को अनुशासन में रहकर बेहतर पुलिसिंग करने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

### रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**हमीरपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज कुरारा में साइक्लोथॉन थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को जनसंख्या अनुपात, स्कूल ड्रॉप आउट, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट (सिद्धार्थ दीक्षित एवं आकिफ अहमद) द्वारा बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया गया बालिकाओं को बताया गया कि उनके लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे वह आत्मनिर्भर होकर अपने निर्णय स्वयं ले सकती है। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, 181 बाल सेवा योजना, पॉस्को एक्ट एवं हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हुई मौत

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के सरसई गांव में जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ गई। जिसकी कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं सरसई गांव में परिजनों से नाराज होकर 18 वर्षीय युवती ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया, हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। थानाक्षेत्र के खंरौज गांव में शुक्रवार को गांव निवासी विकास (35) पुत्र तेज प्रसाद ने परिजनों से नाराज होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने से परिजन जिला अस्पताल ले गए। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार मृतक नशे का आदी था और अविवाहित था।

# शत-प्रतिशत विद्यालयों में प्रवेश के लिए मुख्यमंत्री कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट का हुआ आयोजन

- जिलाधिकारी ने शासन के निर्देशानुसार सम्पर्क कर बच्चों को प्रवेशित कराने पर दिया जोर



**समृद्धि न्यूज, महोबा।** बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित 'स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चों का विद्यालयों में शत-प्रतिशत प्रवेश कराये जाने के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर इस अभियान का शुभारम्भ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में प्रातः 9:30 बजे से जनपद वाराणसी के कम्पोजिट विद्यालय शिवपुर में आयोजित किया गया, जिसका लाइव टेलीकास्ट जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जे0पी0 अनुरागी , कार्यक्रम की अध्यक्ष जिलाधिकारी गजल भारद्वाज , एम0एल0सी0 प्रतिनिधि रणविजय सेंगर , मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचन्द्र यादव , डी0सी0 मनरेगा अशोक कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी व परिषदीय विद्यालयों के बच्चें व शिक्षक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के द्वारा शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा शत्-प्रतिशत बच्चों को विद्यालय में नामांकित कराये जाने के निर्देश दिये गये। इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को सभी जनपद स्तर के अधिकारियों व परिषदीय विद्यालयों के बच्चों व शिक्षकों द्वारा देखा गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जे0पी0 अनुरागी द्वारा बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सभी शिक्षकों को अपने विद्यालय के आस-पास अभिभावकों से सम्पर्क करते हुए सभी 6 वर्ष से ऊपर आयु के बच्चों को कक्षा-1 तथा 03 से 6 वर्ष आयु तक के बच्चों को प्री-प्राइमरी , बालवाटिका में प्रवेश कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा द्वारा बताया गया कि स्कूल चलो अभियान 2 चरणों में आयोजित किया जाना है प्रथम चरण 1 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 एवं द्वितीय चरण 1 जुलाई 2026 से 15 जुलाई 2026 तक प्रस्तावित है। स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत अपवंचित वर्ग की बालिकाओं को कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ प्रवेश दिलाना एवं ऐसे बच्चें जिनके माता-पिता रोजगार की तलाश में अन्य शहरों में जाते है उनका चिन्हीकरण कर विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित कराया जायेगा। जिलाधिकारी के द्वारा विद्यालय के शिक्षकों का जनसम्पर्क के दौरान व विद्यालय में आयोजित शिक्षक अभिभावक बैठक में अनिवार्य रूप से शासन द्वारा डी0बी0टी0 के रूप प्रेषित की जाने वाली धनराशि से यूनीफार्म, जूता-मोजा, स्वेटर, स्कूल बैग व स्टेशनरी अनिवार्य रूप से क्रय करने हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया जाये और आगामी बैठकों में यह सुनिश्चित किया जाये कि डी0बी0टी0 धनराशि से निर्धारित साग्रमी क्रय कर ली गयी है और बच्चें निर्धारित यूनीफार्म किट में विद्यालय आये। इस अवसर पर आये हुए परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक का वितरण जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा किया गया।

## तालाब में डूबे युवक का दूसरे दिन गोताखोरों ने बरामद किया शव

**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** शुक्रवार को कोतवाली अंतर्गत ग्राम कमालपुरा बांध में तीन युवक नाव पर बैठकर घूमने गए थे, तभी युवकों की नाव पलट गई थी, जिसमें दो साथी युवक तैरकर बाहर निकल आए, लेकिन बंटी नाम के युवक की पानी डूबने से मौत हो गई थी जिसके शव को गोताखोरों की मदद से तलाश की गई लेकिन सफलता नहीं मिली थी दूसरे दिन शनिवार को पुनः गोताखोरों ने शव को बरामद कर लिया गया और उसे पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बता दें कि शुक्रवार को हुई इस घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार प्रमित सचान और कुलपहाड़ पुलिस द्वारा शुक्रवार को दोपहर से देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन गोताखोर ढूंढने में असफल रहे। शनिवार को पुनः सुबह से ढूंढने का अभियान चलाया गया। कुलपहाड़, चरखारी, कबरई सहित स्थानीय गोताखोरों की मदद से लगातार 5 घंटे तक कड़ी मशक्कत के बाद मछली पकड़ने वाले कांटे में मृतक बंटी के शव को निकालने में सफल हुए। शव मिलने से जहां प्रशासन ने राहत की सांस ली है, तो वहीं शव को देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

## समाधान दिवस में गूंजे चकरोड व भूमि पर कब्जे के मामले

- अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं




**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज सिंह की अध्यक्षता एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार की मौजूदगी में तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 48 शिकायतों में 2 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायतें राजस्व विभाग की भूमि से सम्बन्धित प्राप्त हुई हैं, जिन्हें निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को सौंपकर एक सप्ताह के अंदर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायतकर्ता ग्राम पंचायत लेवा निवासी अमरदास, दीपचंद, हरलाल, विजय आदि ने गांव में सफाई कर्मचारी द्वारा सफाई नहीं किए जाने की शिकायत दी। मोहित पुत्र भरत राम मसूदपुरा ने मौजा काशीपुरा के चकरोड संख्या 2129 पर किए गए अवैध कब्जा को हटवाने की मांग की। गुलाब पुत्र रामेश्वर ग्राम बिजौरी ने कब्जे वाली भूमि पर गलत तरीके से पट्टा किए जाने तथा पट्टा धारक को कब्जा करने से रोके जाने की शिकायत दी। रोहित, अनिल, रामसिंह, संदीप आदि निवासी बड़खेरा अजनर ने सीसी सड़क पर चबूतरा बनाकर रास्ता बन्द किए जाने को लेकर शिकायत दी। अशोक कुमार, रधुनन्दन पनवाड़ी ने खेत पर झूल रहे विधुत तारों को ऊंचा करने की मांग की।

## भाजपा सरकार अब तक की सबसे नाकाम सरकार : विक्रम पाण्डेय

**समृद्धि न्यूज, शाहाबाद हरदोई।**




कस्बे के मोहल्ला महुआटोला में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम में गुरुवार की शाम पांच बजे पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कस्बे निवासी आजम खान के नेतृत्व में करीब आधा सैकड़ा लोगों को कांग्रेस पार्टी में शामिल करवाया। कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विक्रम पाण्डेय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार को नाकाम सरकार बताया। उन्होंने कहा भाजपा की सरकार का जब से गठन हुआ है तब से पूरे देश की आम जनता लाइन में लगकर त्राहि त्राहि कर रही है। नोट बंदी से लेकर घरेलू गैस तक सरकार ने आम जनता को केवल ठगने का कार्य किया है। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा भाजपा सरकार ने देश को बेरोजगार कर दिया महगाई पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। हर जगह काला बाजारी ने अपने पाँव पसार रखे हैं।देश का अन्न दाता खाद, बिजली, पानी बीज की समस्या से जूझ रहा है। सरकार किसानों के लिए बहुत कुछ मुफ्त देने के झूठे दावे कर रही है। पीसीसी सदस्य गुफरान कौसर ने कहा भाजपा सिर्फ धर्म के नाम पर अपनी राजनैतिक रोटियां सेक रही है उसे जनता के दर्द से कोई सरोकार नहीं है। कांग्रेस के हरदोई शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने कहा पूँजीपतियों की है भाजपा की सरकार। भाजपा को गरीब मजदूर बेरोजगार नौजवान से कोई हमदर्दी नहीं है सरकार केवल पांच किलो राशन मुफ्त बाँट कर जनता को गुमराह कर रही है। सरकार विकसित देश की खोखली घोषणा कर अपनी पीठ थपथपाने का कार्य रही है। कार्यक्रम में कस्बे के मोहम्मद आजम खान ने फैज खान, मोबिन खान, अजीम खान, सोनू, अमन, तकरीर, हकीमुल्ला, फैजल खां, जुबैर खां, जवाहर सिंह, रोहित पाठक, सलीम, हम्माद, रजनीश, पप्पू, महताब,पंकज सहित करीब पचास लोग कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कमलेश रस्तोगी, जिला महासचिव लक्छमी प्रकाश मिश्र, इरफ़ान अंसारी, बल्तेज बरार सहित कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने जताया शोक



**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**

कांग्रेस हरदोई की पूर्व जिला सचिव के पुत्र के आकस्मिक निधन पर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में उनके शाहाबाद स्थित आवास पर गुरुवार को पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस की पूर्व जिला सचिव शाहाबाद क़स्बा निवासी नीलू वर्मा के पुत्र चंदन वर्मा उर्फ़ शिवम की बीते दिनों ट्रेन दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। गुरुवार की शाम करीब 6 बजे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विक्रम पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह, हरदोई शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष कमलेश रस्तोगी, पीसीसी मेंबर गुफरान कौसर, महासचिव मोरध्वज वर्मा सहित सभी नेताओं ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही इस दुःख की घड़ी में परिवार को धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की।

## न्याय पूर्ण ढंग से करें समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तारण : एडीएम



**समृद्धि न्यूज़, शाहाबाद हरदोई।**

- 91 शिकायतों में 20 शिकायतों का निस्तारण किया गया

शनिवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एडीएम प्रियंका सिंह ने की। इस मौके पर राजस्व और अन्य विभागों से संबंधित 91 शिकायतें आई जिनमें से 20 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। एडीएम प्रियंका सिंह ने कहा संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का समय के अंदर न्यायपूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाए। संबंधित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौके पर जाकर मौका मुआयना करें उसके बाद ही शिकायत का निस्तारण करें। अगर किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने बिना मौके पर जाए शिकायत का निस्तारण कर दिया तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम अंकित तिवारी, तहसीलदार संध्या यादव, प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय सहित समस्त विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## हार-जीत जीवन का हिस्सा, कोशिश करना कभी बंद नहीं होनी चाहिए



**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।**

- शिक्षा विद्यापीठ में परीक्षाफल वितरण व अभिभावक संगोष्ठी आयोजित

शिक्षा विद्या पीठ पब्लिक स्कूल ऐट में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे अपना रिजल्ट और पुरस्कार पाकर चहक उठे, कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सामाजिक संस्था पहल फाउंडेशन की वाइस चेयरमेन श्रीमती पुष्पा राठौर एवं विशिष्ट अतिथि डायरेक्टर पहल फाउंडेशन श्रीमती वंदना सिंह व श्रीमति रेखा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई, मुख्य अतिथियों का स्वागत आयशा मेम एवं रुबीना मेम ने श्रीमद्भागवत गीता व शाल देकर किया। मुख्य अतिथि ने पुरस्कार पाने वाले सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा जो बच्चे आज पुरस्कार प्राप्त कर रहे है, वह निश्चित रूप से बधाई के पात्र हैं लेकिन मैं उन बच्चों को भी उतनी ही सराहना देना चाहती हूं जिन्होंने पूरी ईमानदारी से प्रयास किया, विशिष्ट अतिथि वंदना सिंह ने बोला हार जीत जीवन का हिस्सा है, लेकिन कोशिश करना कभी बंद नहीं करना चाहिए, रेखा सिंह ने बच्चों, अभिभावक को बधाई देते हुए कहा अभिभावक बच्चों का मनोबल बढ़ाएं और उनका भरोसा करें जिससे बच्चे आगे बढ़ पाए।

कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्य श्री मति अंजलि निरंजन एवं उप प्रधानाचार्य आनंद द्विवेदी ने किया पुरस्कार पाने वाले छात्र छात्राओं में क्रमशः कक्षा पीजी के कार्तिक वर्मा ने प्रथम स्थान, लव पटेल ने द्वितीय स्थान तथा हर्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## बम्हौरा गांव में व्याप्त भ्रष्टाचार का मामला मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में पहुंचा

- बम्हौरा ग्राम प्रधान की पत्नी सहित अन्य परिजनों के खातों में पहुंचा मजदूरी का रुपया
- ग्राम पंचायत सचिव सहित अन्य जिम्मेदारों की भूमिका भी रही संदिग्ध




**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** जनपद जालौन का विकासखण्ड महेवा इस समय लगातार ग्राम निधि और मनरेगा योजना में फर्जीवाड़े एवं फर्जी भुगतान को लेकर सुर्खियों में है। ब्लॉक के जिम्मेदारों में शासनादेश को ताक में रखकर भुगतान किए है। जिसमें ग्राम निधि में प्रधान ने अपनी पति, पत्नी, पुत्रों, ससुर सहित अन्य परिजनों के खातों में मजदूरी की धनराशि निकालने के साथ साथ गोपालक का मानदेय एवं जॉब कार्ड बनाकर गबन कर रहे है। इस कार्य में ग्राम पंचायत सचिवों की लापरवाही साफ उजागर हो रही है। शिकायत के बाद खबर प्रकाशन होने पर डीएम ने जांच करने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। कार्यवाही क्या हुई इस बाबत अधिकारी जांच रिपोर्ट डीएम को भेजने की बात कर अपना पल्ला झाड़ रहे है। तो उधर बम्हौरा गांव में हुए कथित भ्रष्टाचार का मामला मुख्यमंत्री के जनता दरबार में पहुंचाया गया ताकि जिम्मेदार अधिकारी व ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक पर कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। ऐसा ही एक भ्रष्टाचार का मामला महेवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बम्हौरा का सामने आया है। जहां पर ग्राम पंचायत सचिव सूर्यांश पटेल ने नियमों को दरकिनार करते हुए पहले ग्राम निधि में प्रधान पुत्रों के नाम पर कार्यों की मजदूरी का पैसा निकाल लिया साथ ही गोपालक के नाम से मानदेय भी निकाला। ग्रामीणों ने भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम प्रधान सुरेन्द्र भी मनरेगा योजना अंतर्गत श्रमिक का कार्य करता है और उसके पत्नी और पुत्र भी श्रमिक का कार्य करते है और लाखों रुपए का मजदूरी भुगतान भी ले चुके है। बता दें कि ग्राम प्रधान जिसका जॉब कार्ड संख्या 139 है। जिसमें प्रधान कि पत्नी बड़ी बहू को भी जोड़ा गया है। गांव कि रोजगार सेवक कामिनी देवी का भाई हरिश्चंद्र के नाम भी जॉब कार्ड बना हुआ है। उसने स्वयं व अपनी पत्नी अर्चना देवी के नाम पर लाखों रुपए का मजदूरी का भुगतान लिया है।

### ओलावृष्टि पर प्रशासन अलर्ट डीएम के निर्देश पर राजस्व टीमें गांव-गांव पहुंचीं

**उरई (जालौन)।** जनपद में हुई बेमौसम ओलावृष्टि को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तत्काल प्रभाव से राजस्व एवं विकास विभाग की संयुक्त टीमों को सक्रिय कर दिया है। उन्होंने उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं लेखपालों को निर्देशित किया कि वे माधौगढ़, कुठौंद, रमपुरा एवं कोंच क्षेत्र के गांवों में पहुंचकर फसल क्षति का विस्तृत सर्वे सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की किसी भी प्रकार की क्षति का सही एवं पारदर्शी आकलन किया जाए।

## तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान

- कुठौंद, रामपुरा, माधौगढ़ विकासखंड के कई गांवों में ओलावृष्टि से फसलें जमीन पर बिछी



**रामपुरा (जालौन)।** शनिवार शाम अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। करीब 4 बजे तेज हवा, गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने से क्षेत्र की खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। तेज आंधी के चलते रामपुरा विकासखंड के साथ ही कुठौंद विकासखंड के कई गांवों में आंधी आने के साथ ओलावृष्टि होने की जानकारी मिली है। विकासखंड रामपुरा क्षेत्र में लगभग आधे घंटे तक चली तेज आंधी और ओलावृष्टि के चलते गेहूं सहित अन्य फसलें खेतों में बिछ गईं। कई स्थानों पर पहले से कटी और रखी गेहूं की फसल भी भीगने से खराब होने की आशंका जताई जा रही है। नगर पंचायत ऊमरी के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ बब्बू भदौरिया के अनुसार ऊमरी नगर व आसपास के कृषि क्षेत्रोंकृफतेहपुरा खुर्द, पतियापुर, सोनेपुरा, मजीठ, लोधीपुरा, खैरई, फतेहपुरा कला, कान्हापुरा, मंगरौल, निवी और बोनेपुरा में फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। ग्राम पतराही के पूर्व प्रधान देवेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि पतराही, बहादुरपुर, मकटौरा और कंझारी क्षेत्र में 30 से 50 ग्राम तक वजन वाले ओले गिरे, जिससे फसलों को काफी क्षति हुई है। वहीं नगर क्षेत्र के भारत लाल, राजेंद्र त्रिपाठी और हलदर त्रिपाठी के अनुसार नावर, गुपलापुर, लोधीपुरा और बाबूपुरा गांवों में भी नुकसान दर्ज किया गया है। ग्राम टीहर निवासी रविंद्र दीक्षित ने बताया कि उनके क्षेत्र में ओले मटर के दाने से बड़े थे, जिससे लगभग 15 प्रतिशत तक फसल प्रभावित हुई है।

# जब तक हर चौखट तक पक्की सड़क नहीं, तब तक नहीं रुकेगा संकल्प: राकेश सिंह





| | |
|---|---|
| – गांव–गांव पहुंच रहा इंटरलॉकिंग और डामरीकरण<br>– खीरों, हरचंदपुर और सतांव ब्लॉकों में<br>– दर्जनों गांवों में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण<br>– मंदिरों, स्कूलों, अंबेडकर बाउंड्री वॉल व इंटरलॉकिंग और बस्तियों तक पक्के मार्ग<br>– नहर पुल, संपर्क मार्ग और गांव की गलियों तक पहुंच रहा काम | – राज्य सड़क निधि से भी बड़े प्रोजेक्ट<br>– राज्य सड़क निधि योजना के तहत<br>– झमकोरिया, मटियन का पुरवा, बथुवाखास, नाथूखेड़ा, गौनामऊ समेत कई मार्ग<br>– छूटी कड़ियों को जोड़ने का अभियान<br>– गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ने की बड़ी पहल |

मेरा संकल्प तब तक नहीं रुकेगा, जब तक एससीएसटी और ओबीसी समाज के हर घर तक पक्की सड़क नहीं पहुंच जाती। मेरा सपना है कि हरचंदपुर विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाऊं, और इसे मैं पूरा करके रहूंगा। लगातार हो रहे विकास कार्यों से क्षेत्र की जनता में फिर उम्मीद जगी है। गांवों में लोग खुलकर कह रहे हैं कि विकास की असली तस्वीर अब दिख रही है चुनाव हारने के बाद भी जिस तरह राकेश सिंह ने विकास कार्यों को अपनी प्राथमिकता बनाया है, वह न सिर्फ राजनीतिक बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी एक बड़ा संदेश देता है। हरचंदपुर में सड़क निर्माण का यह अभियान आने वाले समय में क्षेत्र की तस्वीर बदल सकता है।

–पूर्व विधायक राकेश सिंह

**सुशील सिंह/आकाश प्रधान**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र में एक बार फिर विकास की रफ्तार तेज होती नजर आ रही है। क्षेत्र के पूर्व विधायक राकेश सिंह ने चुनाव हारने के बाद भी जनता के बीच अपनी सक्रियता और प्रतिबद्धता का ऐसा उदाहरण पेश किया है, जो आज चर्चा का विषय बना हुआ है। अपने कार्यकाल में डामर सड़कों का जाल बिछाने वाले राकेश सिंह को क्षेत्र की जनता अभूतपूर्व विधायक तक कहने लगी है। वो इस लिये की उन्होंने हरचंदपुर में डामर सड़कों का जाल बांध दिया है।

**तीन साल तक देखा, फिर खुद संभाली जिम्मेदारी:** 2022 में चुनाव हारने के बाद राकेश सिंह ने पहले मौजूदा विधायक को पूरे तीन साल का समय दिया। उन्होंने सोचा कि जनता द्वारा चुना गया प्रतिनिधि क्षेत्र के विकास में अपनी भूमिका निभाएगा। लेकिन जब तीन वर्षों में अपेक्षित विकास कार्य नहीं हुए, तो उन्होंने खुद ही विकास की बागडोर संभाल ली।

**सावन 2025 में लिया बड़ा संकल्प:** अगस्त 2025 (सावन माह) में राकेश सिंह ने एक बड़ा संकल्प लिया एससीएचटी और ओबीसी बस्तियों की हर गली को कीचड़ मुक्त किया जाएगा हर घर तक पक्की सड़क पहुंचेगी इसके बाद क्षेत्र में विकास कार्यों की मानो बाढ़ आ गई। 7 महीने में 500 से अधिक सड़कों पर काम, 200 से अधिक तैयार सत्र खत्म होने से पहले 40 सड़के और समर्पित यह आंकड़ा अपने आप में एक रिकॉर्ड माना जा रहा है।

**प्रमुख स्वीकृत सड़कें (लंबाई व लागत सहित):** रैली कल्यानपुर से टिकरा मार्ग (0.70 किमी) - 28.75 लाख पैडेपुर सेवठी से राजमाऊ राजबहा (0.70 किमी) - 30.31 लाखहरचंदपुर-अघौरा से सेवठी संपर्क मार्ग (0.68 किमी) - 28.26 लाख जोवह सर्की भखवारा मार्ग से पहली बाजार रोड अंबेडकर मूर्ति तक(0.19 किमी) - 12.81 लाख रामपुर-भखवारा छूटी कड़ी (0.85 किमी)- 55.25 लाख दतोली से पूरेगजा सिंह (1.05 किमी) -68.15 लाख पूरे दुलारा से पूरे लसोडहाई (1.90 किमी) - 85.83 लाख पूरे कोइली से कोरिहर (1.85 किमी) - 111.91 लाख कोरिहर से पूरे आशाराम (1.35 किमी) - 60.60 लाख जोहवा-सर्की से अघौरा मार्ग (2.05 किमी) - 90.51 लाख हरचंदपुर-सिरसाघाट से बरगदहा (0.50 किमी) - 29.46 लाख इसके अतिरिक्त कई संपर्क मार्ग और छूटी कड़ियों के नवनिर्माण कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं।

## नगरवासी बोले, विकास पुरुष है प्रभात साहू सीसी रोड बनवाकर मोहल्लेवासियों की समस्या की खत्म



**महराजगंज रायबरेली।** नगर वासियों ने चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू का किया जोरदार स्वागत। बताया विकास पुरुष कहां हमारा सौभाग्य है कि महराजगंज की धरती पर इस तरह का नेता पैदा हुआ है जो कि नगर मे विकास के सारे आयाम को छू चुका है और निरंतर विकास की नई गाथा लिख रहे हैं वही नगर वासियों ने फूलमाला पहनाकर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू का स्वागत किया अध्यक्ष प्रतिनिधि महराजगंज एवं मौजूदा भाजपा नेता ने महराजगंज के वार्ड नंबर आठ पैगंबर नगर और वार्ड नंबर 10 जाकिर हुसैन नगर का दौरा किया जिस पर मोहल्ले वासियों ने प्रभात साहू का जोरदार स्वागत करते हुए फूल मालाओं से लाद दिया नगर वासियों ने बताया दोनों वार्डो में रास्ते के लिए काफी समस्या थी और सीसी रोड बनवाकर प्रभात साहू ने इस समस्या को ही खत्म कर दिया । आज जैसे ही वार्ड में प्रभात साहू पहुंचे फूलमाला और मुंह मीठा करा कर उनका स्वागत किया गया और मोहल्ले वासियों ने उन्हें विकास पुरुष बताया। इस मौके पर सभासद हलीम रियाजुल गप्पू शब्बीर टिड्डा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** विधायक सरेनी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की उपस्थिति में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।

# सीएचसी बड़ागांव में जच्चा-बच्चा की मौत

▸ पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे एक महिला का प्रसव के बाद जच्चा बच्चा की मौत हो गयी परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना व कस्बा मसौली के मोहल्ला ब्लाक कालोनी निवासी इशरत अली की 32 वर्षीय पत्नी लैलातूननिशा को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे सुबह 10 बजे भर्ती कराया गया था तथा करीब 11 बजकर 30 मिनट पर प्रसव हुआ तथा पुत्र ने जन्म लिया प्रसव के बाद महिला की हालत सामान्य रही इसके बाद अचानक तबियत खराब होने लगी सीएचसी के चिकत्सक जब तक महिला का इलाज शुरु करते उससे पूर्व जच्चा बच्चा की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है महिला का यह तीसरा बच्चा था इससे पूर्व दो बच्चे है।

सीएचसी प्रभारी अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गौड़ ने बताया कि प्रसव के बाद महिला की स्थिति सामान्य थी कुछ देर दिल की धड़कन बढ़ गयी जिसके कारण जच्चा की मौत हो गयी इसके बाद बच्चे की भी मौत हो गयी।

## परिषदीय स्कूलों में वितरित हुई निःशुल्क पाठ्य पुस्तक

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कंपोजिट विद्यालय सिरौलीगौसपुर में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। शनिवार को ग्राम प्रधान मैकूलाल और प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार शुक्ला ने समस्त विद्यालय स्टाफ के साथ मिलकर बच्चों को किताबें सौंपी। प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार शुक्ला ने बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाध्यापक ने बच्चों से कहा कि शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करती है।आज के बच्चे ही देश का स्वर्णिम भविष्य हैं। प्रधानाध्यापक ने छात्रों से नियमित रूप से विद्यालय आने, पढ़ाई पर ध्यान देने और पढ़-लिखकर देश को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।इस कार्यक्रम में रुद्र प्रताप पांडेय, अमित कुमार मिश्रा, अवनीश कुमार सिंह, सुनील कुमार यादव, इंद्रेश कुमार यादव, गीत और कुमकुम सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

## बिजली संविदा कर्मियों ने किया प्रदर्शन शोषण के विरुद्ध उठाई आवाज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** विद्युत वितरण खण्ड हैदरगढ़ में कार्यरत संविदा कर्मियों ने अपनी ही कंपनी के सुपरवाइजरों के विरुद्ध शनिवार को मोर्चा खोल दिया।बड़ी संख्या में संविदा कर्मियों ने उपखण्ड कार्यालय परिसर में प्रदर्शन एवं एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया।

आन्दोलित कर्मियों ने बताया कि वर्तमान में कंपनी व सुपरवाइजरों द्वारा उनका शोषण व मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। कंपनी द्वारा फील्ड पर कार्य के दौरान उनके उपकरण व सेफ्टी संबंधित यंत्र मुहैया नहीं कराए गए हैं।इससे कार्य के दौरान असुविधा उत्पन्न होती है। कार्मिक को अपने पैसों से उपकरण खरीदने पर विवश होना पड़ रहा है। तथा कार्मिकों को डग्गामार वाहन दिए गए हैं।धूप एवं बारिश में कार्य के दौरान कम्पनी सुपरवाइजर द्वारा न बैठने दिया जाता है।न ही पानी की व्यवस्था की जाती हैं। विरोध जताने पर कंपनी व सुपरवाइजर द्वारा वेतन काटने ट्रांसफर करने व बाहर निकालने की धमकी दी जाती है। कार्मिकों में भय का माहौल बना हुआ है। 8 घंटे के स्थान पर 12 व 18 घंटे कार्य करने पर विवश होना पड़ता है। प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से अजमत अली, सुजीत, प्रेमकुमार,देव कुमार, किशोर, चन्दन, रामफल, पवन,राजकुमार, श्रवन,इरशाद व रामकुमार आदि शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### 37 शिकायती पत्रों में एक हुआ निस्तारण



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** गेहूं कटाई की वजह से संपूर्ण समाधान दिवस में दिखा फरियादियों का टोटा। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम गौतम सिंह के द्वारा की गई संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 37 शिकायती पत्र आए जिनमें केवल एक शिकायती पत्र का निस्तारण हो पाया। राजस्व विभाग के 14 पुलिस विभाग के सात विकास संबंधित 6 अन्य दस शिकायती पत्र संपूर्ण समाधान दिवस पर आए। इस मौके पर तहसीलदार मंजुला मिश्रा बछरावां खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### रंजिश में ससुरालियों ने युवक सहित पत्नी को भी पीटा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ के मिश्रन पुरवा गांव स्थित ससुराल आये युवक की भाई से रंजिश मानने वाले ससुरालियों द्वारा पिटाई कर दी गई। बचाने दौड़ी पत्नी की पिटाई कर दी गई। थाना रामसनेही घाट के सकौली गांव निवासी संदीप कुमार ने दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार की देर शाम अपनी पत्नी के साथ ससुराल गए थे। इसी गांव निवासी रवि मिश्र जो कि उनके सगे भाई के साले है ,का विवाद उनके भाई व भाभी से चल रहा था।आरोप लगाया कि विपक्षी रवि मिश्र,मुकेश व सलोनी ने रंजिश के चलते उसपर हमला बोल दिया।बचाने दौड़ी गर्भवती पत्नी की भी पिटाई कर दी गई। ससुरालियों के आ जाने से आरोपी धमकी देकर निकल गए।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

### जल जीवन मिशन में मानक विहीन कार्यों का आरोप, उठी जांच की मांग

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी।** विकास खंड बनीकोडर क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्यों में भारी अनियमितताओं और मानक विहीन निर्माण का मामला सामने आया है। इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन (धर्मेंद्र) के प्रदेश प्रभारी मायाराम यादव द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांवों में पानी की टंकियों से जुड़े निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी जल निगम (ग्रामीण) के पास थी, लेकिन कार्यों में मानकों की खुलेआम अनदेखी की गई। कई स्थानों पर घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जबकि जांच अधिकारियों द्वारा भी इन खामियों को नजरअंदाज कर भुगतान कर दिया गया। बताया गया कि इब्राहिमाबाद में तो बाउंड्री बाल की नई में तीन रेड चुने ही काम कराई गई तथा जमोली, कध ई पुर , शाहपुर मुरारपुर किठैयाऔर दुल्लापुर समेत कई गांवों में घटिया ईंट, अधूरा प्लास्टर और कम गुणवत्ता के निर्माण कार्य किए गए। संगठन ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए टीम गठित की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। स्थानीय ग्रामीणों में इस मामले को लेकर रोष व्याप्त है और लोगों ने जल्द से जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### प्रदूषण का दंश झेल रहा 'अमृत कुंड' सगरा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील अमेठी के विकास खंड संग्रामपुर स्थित कालिकन धाम में 'अमृत कुंड' माने जाने वाला सगरा इन दिनों गंभीर गंदगी की चपेट में है। धाम में आने वाले श्रद्धालु अमृत कुंड सगरे के जल को चरणामृत मानकर स्नान और पान करते हैं। लेकिन इन दिनों सगरे में प्लास्टिक की पन्नियां, जूठी पत्तल, बिस्कुट के रैपर सहित अन्य कचरा अमृत कुंड के जल को दूषित कर रहा है। बताया जाता है कि 'नमामि गंगे' योजना के अंतर्गत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा कई बार सफाई अभियान चलाया गया। किन्तु सगरा अधिक गहरा होने के कारण समुचित सफाई संभव नहीं हो पा रही है। धाम में आने वाले श्रद्धालु मछलियों को बिस्कुट खिलाते हैं, जिनकी पन्नियां और कागज हवा से उड़कर पानी में गिर जाते हैं, जिससे प्रदूषण और बढ़ता है।

## पति से विवाद कर कुंए में कूदी महिला, पुलिस ने निकाला बाहर

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली अमेठी के परसौली गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार ने यूपी 112 को सूचना दी गई कि मेरी पत्नी कुंए में कूद गई है, पुलिस सहायता चाहिये। कॉलर की सूचना पर पीआरवी 6904 थाना अमेठी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तो ज्ञात हुआ कि कॉलर धर्मेन्द्र कुमार का उसकी पत्नी से विवाद हुआ था। दोनो लोगों में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई तो उनकी पत्नी मीना आवेश में आकर पास के एक कुंए में कूद गई। पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल फायरसर्विस को मौके पर बुलाया गया। फायर सर्विस व पीआरवी कर्मियों द्वारा सूझबूझ से मीना को सुरक्षित कुंए से बाहर निकाल लिया गया। उसकी हालत सामान्य व स्थिर रही। महिला के परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा यूपी-112 स्टाफ व पुलिस की सराहना की गयी।

# मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, गर्भवती समेत चार घायल



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

इन्हौना थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूरे गोसाई मजरे चिलौली गांव में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गिरे सफेदा के पेड़ को हटाने को लेकर हुए झगड़े में एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना में एक आठ माह की गर्भवती महिला सहित चार लोग घायल हो गए हैं। पीड़ित राम नरेश द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, हमलावरों ने उनकी पत्नी उर्मिला, बेटों सोनू और मोनू तथा बहू संगीता को लाठी-डंडों और बेल्ट से मारा-पीटा है। संगीता आठ माह की गर्भवती बताई जा रही हैं, जिन्हें पेट में चोट लगने से दर्द की शिकायत है। अन्य घायलों को भी चोटें आई हैं। बताया जाता है कि राम नरेश का सफेदा का पेड़ पड़ोसी राम किशोर के खेत में गिर गया था।

पेड़ हटाने को लेकर हुए विवाद के बाद कहासुनी बढ़ गई। तहरीर के अनुसार, इसी के बाद राम किशोर तथा कुछ अन्य अज्ञात लोग उनके घर पहुंचे और मारपीट करने लगे। थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# युवक की सिर कूचकर हत्या,सूखे नाले से बरामद हुआ शव

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर कटरा निवासी एक 18 वर्षीय युवक का शव गाँव से करीब एक किमी0 दूर ग्राम चौखंडी के निकट एक सूखे जल निकासी के नाले मे पड़ा मिला युवक की ईट से कुचल कर हत्या की गयी है घटना की जानकारी मिलते ही इलाके सनसनी फैल गयी। बताते चले कि शुक्रवार की देर शाम रामपुर कटरा निवासी 18 वर्षीय मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद का गांव के ही कुछ लोगो से विवाद हुआ था गांव मे रात्रि करीब 10 बजे तक देखा गया जिसके बाद वह लापता हो गया। पूरी रात तलाश के बाद शनिवार सुबह उसका शव ग्राम चौखण्डी स्थित ईदगाह के पीछे कल्याणी नदी को आने वाले जल निकासी के सूखे नाले मे पड़ी मिली उसका सिर बुरी तरह कुचला हुआ था। आसिफ अपने माता-पिता का जवान बेटा था। परिवार में दो भाई वसीम और सलीम तथा तीन बहनें हैं। घर की चौखट पर हर रोज हंसने-बोलने वाला बेटा अब खामोश पड़ा था। मां की आंखों के सामने जब बेटे का खून से लथपथ शव पहुंचा तो वह बेसुध होकर रो पड़ी। वह चीख-चीख कर कहती रही कि पड़ोसी युवक ने उसके बेटे की हत्या की है। मां की सिसकियां सुनकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं।

मृतक की मां मेहशर जहां ने आरोप लगाया कि घटना से पूर्व आसिफ के पास चांदी की चेन, अंगूठी, ब्रेसलेट तथा करीब 12 हजार रुपये नकद थे जो अब गायब हैं। परिजनों का आरोप है कि हत्या के बाद अंगूठी ,चेन, ब्रेसलेट और नकदी लूट ली गई। पिता मोहम्मद वैस जो गांव-गांव में फेरी लगाकर कपड़े बेचते हैं उन्होंने बताया कि बेटे का गांव के कुछ लोगों से विवाद हुआ था और उसी रंजिश में घटना की आशंका है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाया और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और लूट तथा रंजिश दोनों पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीण इस वारदात से स्तब्ध हैं और जल्द खुलासे की मांग कर रहे हैं।

# सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील लहरपुर में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर.एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो।

उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, तहसीलदार लहरपुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील लहरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 83 शिकायतों में से 11 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान (हरगांव) का समापन सत्र आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में संगठन के निर्देशानुसार समस्त विधानसभाओं में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान किया जा रहा है। इसी क्रम में हरगांव विधानसभा के सभी मंडलों क्रमशः शाहपुर, नवीनगर, झरेखापुर, हरगांव मे महा प्रशिक्षण संपन्न हुआ इसी क्रम में समापन सत्र में हरगांव मंडल में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहकर अपना उद्बोधन दिया गया उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा अपने इतिहास काल से लेकर और वर्तमान विकास तक किस तरह से सफर तय किया है उन्होंने इतिहास काल के उन तमाम संघर्षों एवं कठिनाइयां का विस्तार से विवरण दिया जिस पर चलकर भारतीय जनता पार्टी के महापुरुषों ने पार्टी के ध्वज को हमेशा सम्मान के साथ फहराया और आज पार्टी को सफलतम मुकाम पर पहुंचाया। साथ ही उन्होंने बताया कि हम सब भाग्यशाली हैं कि हम एक ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता है जो समय-समय पर प्रशिक्षण अभियान चलाकर पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को अनुशासन से बांधती है और पार्टी की सेवा के साथ-साथ राष्ट्र सेवा के लिए उसका संगठनात्मक ढांचा तैयार करती है जिससे भारत माता का गौरव संपूर्ण विश्व में चमत्कृत हो। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया की 2027 में सीतापुर की सभी नौ विधानसभाओं में कमल का फूल खिलाना है इसके लिए सभी पदाधिकारी आज और अभी से अपने कार्य में लग जाए और इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का प्रयोग कर अपनी पार्टी को जिले की सभी सीटों पर विजय दिलाकर अपने प्रशिक्षण की सिद्धि को सफल करें। हरगांव विधायक व कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही ने भी प्रशिक्षण महाअभियान मे पार्टी के पदाधिकारीगणो एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** माह के प्रथम शनिवार को चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान ने तहसील तिलोई में अध्यक्षता की। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील तिलोई में कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 6 का मौके पर निस्तारण कराया गया, अमेठी में 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का, मुसाफिरखाना में 16 शिकायतें प्राप्त हुई


**कार्यालय ग्राम पंचायत केशवपुर पहड़वा विकास खण्ड झंझरी जिला गोण्डा**

पत्रांक मेमो,राज्य वित्त आयोग, पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग, 14 वा,15 वा 16 वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज टू आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27

(निविदा सूचना) दिनांक 5.05.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत केशवपुर पहड़वा विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ वित्त, सोलहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईंट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग ब्रिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कम्प्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

नरेंद्र कुमार गिरी, ग्राम प्रधान — अरुण कुमार सिंह, सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत ठेरहँह विकास खण्ड . झंझरी. जिला गोण्डा।**

पत्रांक मेमो,राज्य वित्त आयोग, पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग, 14 वा,15 वा 16 वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज टू आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27

(निविदा सूचना) दिनांक 5.05.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ठेरहँह विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ वित्त, सोलहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईंट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग ब्रिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कम्प्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

रामानुज, ग्राम प्रधान — रमेश कुमार कनौजिया, सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत फिरोजपुर तरहर विकास खण्ड झंझरी, जिला गोण्डा।**

पत्रांक मेमो,राज्य वित्त आयोग, पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग, 14 वा,15 वा 16 वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज टू आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27

(निविदा सूचना) दिनांक 5.05.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फिरोजपुर तरहर विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ वित्त, सोलहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईंट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग ब्रिक्र ,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कम्प्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

सूर्यभान तिवारी, ग्राम प्रधान — रमेश कुमार कनौजिया, सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर हरिवंश विकास खण्ड झंझरी, जिला गोण्डा।**

पत्रांक मेमो,राज्य वित्त आयोग, पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग, 14 वा,15 वा 16 वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज टू आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27

(निविदा सूचना) दिनांक 5.05.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर हरिवंश विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ वित्त, सोलहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईंट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग ब्रिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कम्प्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

श्रीमती अंजू यादव, ग्राम प्रधान — खेमराज वर्मा, सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत बेहड़ा चौबे विकास खण्ड झंझरी, जिला गोण्डा।**

पत्रांक मेमो,राज्य वित्त आयोग, पंचम वित्त आयोग, छठवां वित्त आयोग, 14 वा,15 वा 16 वां वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त,स्वच्छ भारत मिशन/ ओडीएफ प्लस फेज टू आरजीएसए, वीबी-जी राम जी योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र,टीन शेड, निविदा वर्ष 2026 -27

(निविदा सूचना) दिनांक 5.05.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बेहड़ा चौबे विकासखंड झंझरी में वर्ष 2026-27 ग्राम निधि, राज्य वित्त,केंद्रीय वित्त,चौदहवाँ वित्त,पंद्रहवाँ वित्त, सोलहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन,ओडीएफ प्लस, वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत ईंट प्रथम श्रेणी, ईट सीधा, खंजड, ईट गिट्टी 40एम एम, पत्थर गिट्टी 20 एम एम, सीमेंट, सरिया, बालू,लाल मोरंग,तालाब में पानी भराई,ह्यूम पाइप, इंटरलॉकिंग ब्रिक्र,एलईडी लाइट, सोलर लाइट, स्टेशनरी, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण, पशु शेड निर्माण,सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फॉगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण,कायाकल्प, खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय निर्माण, शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण,पंचायत भवन निर्माण,पंचायत भवन संषाधन तथा फर्नीचर,सी.सी कैमरा,कम्प्यूटर आदि, टाइल, बाउंड्री वाल निर्माण, ग्राम पंचायत में साफ सफाई पर कार्य, गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य, गोशाला गेट निर्माण, गोशाला में कटीला तार , प्राथमिक विद्यालय में मिट्टी भराई कार्य,सेनिटाइजर का छिड़काव, गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 10/04/2026 को पूर्वाहन 3:00 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है उसी दिन अपराहन में निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान व सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

श्रीमती प्रतिमा, ग्राम प्रधान — खेमराज वर्मा, सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी

# आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित वृहद गौशाला बनकर तैयार

- 500 गोवंश रखने की क्षमता वाली गौशाला का निर्माण
- ठंडक के लिए फव्वारों की व्यवस्था, गौशाला में 5 किलोवाट क्षमता का लगाया गया गोबर गैस प्लांट



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नगर पालिका परिषद द्वारा आधुनिक सुविधाओं से युक्त वृहद गौशाला बनवाई जा रही है। इसमें करीब 500 गोवंश को रखने की व्यवस्था की गई है। काफी समय से लंबित इस योजना को नगर पालिका अध्यक्ष की पहल से गति मिली और अब निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। पंखे, फव्वारे और गोबर गैस प्लांट की व्यवस्था सहित कई अन्य आधुनिक सुविधाओं से गौशाला को लैस किया गया है। परिसर की 5 शेड में कुल 130 पंखे लगाए जाएंगे, जिससे गर्मी के मौसम में गायों को राहत मिल सके। इसके अलावा ठंडक के लिए पानी के फव्वारों की भी व्यवस्था की गई है। गौशाला में 5 किलोवाट क्षमता का गोबर गैस प्लांट स्थापित किया गया है, जिससे निकलने वाली गैस से गौशाला परिसर को रोशन किया जाएगा। हरा चारा काटने के लिए इलेक्ट्रिक मशीन की भी व्यवस्था की गई है। गौशाला परिसर को आकर्षक बनाने के लिए यहां भगवान शंकर की मूर्ति के साथ विशेष झरना बनाया जाएगा। मुख्य द्वार पर भगवान कृष्ण और गाय की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके अलावा गाय का दूध पीते हुए बछड़े की मूर्ति भी लगाई जाएगी, जिससे गौशाला परिसर धार्मिक और आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा।

### बच्चों के लिए लगाए जाएंगे विभिन्न झूले

गौशाला परिसर को सिर्फ गोवंश के संरक्षण तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि इसे दर्शनीय स्थल के रूप में भी विकसित करने की योजना है। इसके तहत बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए जाएंगे, जिससे आने वाले लोग और बच्चे यहां समय बिता सकेंगे।

### बढ़ती महंगाई की वजह से कई वर्षों तक लटका रहा निर्माण

इस गौशाला का निर्माण वर्ष 2017 में स्वीकृत हुआ था और वर्ष 2019 में इसका एस्टीमेट पास किया गया था। निर्माण की जिम्मेदारी सीएनडीएस को दी गई थी, लेकिन निर्माण सामग्री के दामों में भारी वृद्धि होने के कारण संस्था ने कार्य करने से मना कर दिया। उस समय ईंट की कीमत चार हजार रुपये प्रति हजार और लोहे का भाव 57 रुपये प्रति किलो स्वीकृत था, जो अब बढ़कर करीब साढ़े सात हजार रुपये प्रति हजार ईंट और 75 रुपये प्रति किलो लोहा हो गया है। निर्माण कार्य ठप होने के बाद तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ. शुभ्रांत शुक्ला की पहल पर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने स्वयं के संसाधनों और स्थानीय ठेकेदारों के सहयोग से काम शुरू कराया। करीब 1.62 करोड़ रुपये की स्वीकृत लागत से तैयार हो रही यह वृहद गौशाला जल्द ही क्षेत्र के गोवंश संरक्षण का प्रमुख केंद्र बनेगी।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम में मेधावी छात्र हुए पुरस्कृत





- प्रधानाचार्य ने छात्रों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर किया सम्मानित

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर स्थित मोतीलाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम सत्र 2025-26 घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य एडवोकेट आर. के. सिंह ने की। उनके साथ शिक्षकगण किरण देवी, रेखा देवी, राहुल कुमार सहित अन्य शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में रेयांश, सूर्यांश, कनिष्का, अमीरा, कायनात, शिवांश, आयुषराज, सौम्या, सत्यम, अंश, अलंकृता सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। इन विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर मेधावी छात्रों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अपने बच्चों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी इसी तरह मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

# किशनी सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों को अखिलेश ने फोन पर बंधाया ढांढस



- आरोपी पर कार्रवाई के साथ आर्थिक सहायता का दिया भरोसा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जनपद मैनपुरी के किशनी क्षेत्र में गुरुवार रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में यहां के तीन युवकों की मौत हो गई थी। इस घटना में मृतकों के परिजनों से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज सांसद अखिलेश यादव ने शनिवार सुबह जोन प्रभारी राशिद फारूकी के माध्यम से फोन पर बात की और उन्हें ढांढस बंधाया। हादसे में मोहल्ला गणेश चौधरी निवासी मो. वसीम पुत्र मो. मतीन, सत्तार पुत्र अब्दुल रज्जाक तथा मोहल्ला ग्रेसीगंज निवासी अल्ताफ पुत्र इकबाल की मौत हो गई। तीनों शादी समारोह से लौट रहे थे, जब अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक की सेफई मिनी पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई। अखिलेश यादव ने परिवारों से बात कर गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि समाजवादी पार्टी इन परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्होंने तीनों परिवारों को पार्टी की ओर से आर्थिक सहायता देने का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि जब भी वे छिबरामऊ आएंगे, स्वयं परिवारों से मिलने उनके घर जाएंगे। दोषी वाहन चालक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई कर न्याय दिलाने का भी उन्होंने पूरा भरोसा दिया। जोन प्रभारी राशिद फारूकी लगातार परिवारों के संपर्क में हैं और स्थानीय सपा इकाई परिवारों की हर संभव मदद कर रही है।

# तहसीलदार के निरीक्षण में नदारद मिले कुछ चिकित्सक



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के निरीक्षण के ठीक दूसरे दिन उप जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर सौ शैया अस्पताल पहुंचे। निरीक्षण के दौरान कई डॉक्टर उपलब्ध नहीं मिले। वहीं सीएमएस कार्यालय का भी जायजा लिया गया, लेकिन करीब 11 बजे तक सीएमएस भी अपने कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए। नायब तहसीलदार ने पूरे अस्पताल का निरीक्षण कर स्थिति का आकलन किया और वापस लौट आए। जिलाधिकारी ने पहले ही डॉक्टरों को नियमित रूप से समय पर ड्यूटी पर आने के सख्त निर्देश दिए थे, फिर भी कुछ डॉक्टर समय पर अस्पताल नहीं पहुंचे। इस घटना से स्वास्थ्य सेवाओं की अनियमितता एक बार फिर उजागर हो गई है।

# 46 करोड़ की लागत से मिघौली में बनेगा आश्रम पद्धति विद्यालय



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड क्षेत्र के युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए 46 करोड़ रुपये की लागत से आश्रम पद्धति विद्यालय का निर्माण किया जाएगा। यह विद्यालय करीब 5 एकड़ क्षेत्र में मिघौली गांव में बनेगा। निर्माण कार्य तीन वर्ष में पूरा हो जाएगा।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि इस विद्यालय से ग्रामीण बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ आवासीय सुविधा मिलेगी। यहां पढ़ाई के साथ खेलकूद की भी उत्तम व्यवस्था रहेगी, जिससे बच्चे सर्वांगीण विकास कर सकेंगे। इस आवासीय विद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के कुल 490 छात्र-छात्राओं को निशुल्क आवासीय सुविधा के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। विद्यालय कक्षा 6 से इंटरमीडिएट तक सीबीएसई पैटर्न पर आधारित होगा। विद्यालय परिसर में मुख्य भवन के अलावा छात्रावास, कैंटीन, प्रधानाध्यापक कक्ष, शिक्षकों के आवास आदि सुविधाएं होंगी। प्रवेश में 85 प्रतिशत छात्र ग्रामीण क्षेत्रों से और 15 प्रतिशत शहरी क्षेत्र से लिए जाएंगे। आरक्षण के अनुसार 50 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए तथा शेष 50 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग व सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए रखी गई हैं। प्रधान मनोज यादव ने बताया कि गतं पंचायत की ओर से 5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। भूमि की सफाई एवं समतलीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### मेधावी बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गंगा एजुकेशन सेंटर विशुनगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्ले ग्रुप में अनन्या तिवारी, एलकेजी में अभि सविता, यूकेजी में रिया सक्सेना, कक्षा एक में अभिनंदन राजपूत, कक्षा दो में कनक राठौर, कक्षा तीन में वैभव चतुर्वेदी, कक्षा चार में दीपक शाक्य, कक्षा पांच में लवी यादव, कक्षा छह में अर्चिता कश्यप, कक्षा सात में ओम तथा कक्षा आठ में लक्ष्मी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह यादव ने मेधावियों को सम्मानित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त होती है। प्रधानाचार्य शिववीर सिंह ने छात्रों को अनुशासन का महत्व बताते हुए कहा कि अनुशासित जीवन ही लक्ष्य तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करता है। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

### पूर्व सपा विधायक ने शोक संतप्त परिवारों को बंधाया ढांढस



**छिबरामऊ, कन्नौज।** मैनपुरी जनपद के क्षेत्र किशनी में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में यहां के तीन युवकों की असमय मृत्यु हो जाने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। इस दुखद घटना से पीड़ित परिवारों में गहरा मातम छाया हुआ है। पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने तीनों शोक संतप्त परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा यह भरोसा दिलाया कि हर संभव आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। पूर्व विधायक सरकार से पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपये देने की मांग की। इस मौके पर राशिद फारुकी, डॉ मतीन हुसैन, सलमान, लालू ठेकेदार, अंकुर सिंह यादव, सतेन्द्र सिंह व मुकेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### पत्नी व कथित प्रेमी पर युवक की हत्या का लगाया मां ने आरोप



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सौरिख थाना क्षेत्र में युवक की संदिग्ध मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मृतक धर्मेन्द्र सिंह की मां चन्द्रकली ने हत्या का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि उनके बेटे की पत्नी शिवानी ने अपने कथित प्रेमी सोनू शाक्य व अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश के तहत हत्या की और घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को कमरे में लटका दिया। उन्होंने बताया कि घटना के समय घर का दरवाजा अंदर से बंद नहीं था और बच्चों द्वारा शोर मचाने पर पड़ोसियों को सूचना मिली, तब मामला उजागर हुआ। चन्द्रकली ने आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले में गंभीर धाराएं न लगाकर हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और मुख्य आरोपी को हिरासत में लेने के बाद छोड़ दिया। पीड़ित परिवार ने तहसील दिवस में प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी और हत्या की धाराएं बढ़ाने की मांग की है, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

### जन-जन तक पहुंच बनाकर संगठन सशक्त करने का अभियान तेज

**कन्नौज।** जन-जन तक पहुंच बनाकर समाज को जोड़ने और संगठन को मजबूत करने का अभियान तेज किया जा रहा है। 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' के तहत समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच बनाकर 'अंत्योदय' के संकल्प को साकार करने पर जोर दिया जा रहा है।
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग असीम अरुण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना लक्ष्य है। संगठन की मजबूती जन-जन के विश्वास पर आधारित है और इसी दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है।

# स्कूल चलो अभियान रैली से नामांकन के लिए किया प्रेरित

## बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर अभिभावकों को किया जागरूकता




**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 के तहत 6 से 14 वर्ष तक के शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्र के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जसपुरापुर सरैया प्रथम और प्राथमिक विद्यालय अलीनगर में ÷स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर जागरूकता फैलाई। रैली में बच्चों ने मम्मी-पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ, पढ़ेगा कन्नौज, बढ़ेगा कन्नौज और पढ़ेंगे-पढ़ाएंगे, उन्नत देश बनाएंगे जैसे नारों के माध्यम से अभिभावकों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवधनारायण ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का अधिकार है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का शीघ्र नामांकन कराकर नियमित रूप से विद्यालय भेजें, ताकि उनकी शैक्षिक नींव मजबूत हो सके। प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों के लिए डीबीटी, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण और मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

### हौदिया में गिरने से युवक की मौत

**कन्नौज।** अशोक नगर मोहल्ले में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में हौदिया में गिरने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राज गुप्ता के रूप में हुई है, जो एक इत्र कारखाने में कार्यरत था। परिजनों के मुताबिक, घटना कारखाने परिसर में हुई, जहां लगे सीसीटीवी कैमरे में युवक हौदिया में झुककर कुछ देखते हुए दिखाई दे रहा है। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह हौदिया के अंदर गिर गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकालकर आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसा पैर फिसलने से होने की बात सामने आ रही है। पुलिस का कहना है कि अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।



### अधिशासी अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस में 162 शिकायतों में 22 का हुआ निस्तारण

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 162 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) रामकृपाल चौधरी और उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने की। निस्तारण के लिए पुलिस और लेखपालों की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजी गईं, जिसमें सिर्फ राजस्व विभाग की 22 शिकायतों का समाधान कराया जा सका। अधिकारियों ने भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के लिए राजस्व और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को तुरंत संबंधित रजिस्टर में अंकित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा जाए।

### अद्भुत प्रतिभा के धनी थे स्वर्गीय पंडित रामसेवक मिश्र, विजय मिश्र

**गुरसहायगंज कन्नौज।** गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज रामगंज के संस्थापक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामसेवक मिश्र ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कई वर्षों तक अंग्रेजों द्वारा उन्हें जेल मे यात्राएं दी गई वह अद्भुत प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहा हूं। यह विचार विद्यालय के प्रबंधक विजय मिश्र ने प्रकट किये। शनिवार को गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज रामगंज में विद्यालय के संस्थापक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित रामसेवक मिश्र की 22 वी पुण्यतिथि मनाई गई इस दौरान सर्वप्रथम विद्यालय में स्थापित उनकी प्रतिमा पर विद्यालय के प्रबन्धक विजय मिश्र एवम सभी प्रबुद्धजनों ने माल्यार्पण एवम पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस मौके पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉक्टर आर पी सैनी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित राम सेवक मिश्रा चाचा जी ने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया कई वर्षों तक अंग्रेजो द्वारा उन्हें जेल की यातनाएं दी गई। नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव दुबे मुन्ना ने कहा कि वह अदभुत प्रतिभा के धनी थे उनसे जो भी व्यक्ति एक बार मिलता था उनका मुरीद हो जाता था। पूर्व नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने कहा कि चाचा जी ने क्षेत्र की जनता को शिक्षित करने के उद्देश्य से विद्यालय की स्थापना की उनके अंदर किसी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं था सहकारिता के क्षेत्र में उनका नाम प्रदेश में नहीं अपितु पूरे देश में था। विद्यालय प्रबन्धक उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्र ने कहा कि उन्होंने सदैव सत्य और अनुशासन का पाठ पढ़ाया वह सहकारिता के साथ साथ रेडक्रास सोसाइटी के सदस्य भारत भक्त समाज भारत सेवक समाज जिला परिषद फर्रुखाबाद के उपाध्यक्ष नेफेड दिल्ली के डायरेक्टर बहुत सारे पदों पर रहकर सेवा की।

# आदि शक्ति महामाई मंदिर में मेले का शुभारंभ



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** आदि शक्ति मंदिर समिति ऊंचा के तत्वावधान में आयोजित भव्य मेले का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। मेले का उद्घाटन क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति भूरा यादव द्वारा किया गया, जिससे पूरे गांव में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।

गांव की मिट्टी की खुशबू, अपनों का प्यार और पुरानी परंपराओं की झलक इस मेले में साफ तौर पर दिखाई दी। मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और पारंपरिक झूले, दुकानों व सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद उठाया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी में खास उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर गांव के कई प्रमुख लोग और सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें रामनिवास मिश्रा, संतोष दुबे, गुड्डू खान, राजीव मिश्रा, महेंद्र कुशवाहा, सुरेंद्र कुशवाहा, बबलू तिवारी, विपिन यादव, शेरसिंह यादव अमर तिवारी, गुलफान खान, रानू, संकेत कुशवाहा, अभिषेक कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा, सुनील सविता, रामू सैनी, रामपाल पाल, दुर्गेश कुशवाहा, ताबिश खान और मोनू यादव सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं गांव के कई बुजुर्ग भी शामिल रहे। उपस्थित लोगों ने मेले के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन गांव की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। यह मेला न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि गांव की एकता और परंपरा का प्रतीक भी है। आयोजकों ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जारी रखे जाएंगे, ताकि नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ा जा सके।

### गीता इंटर कॉलेज में वीरांगना झलकारी बाई की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**गुरसहायगंज कन्नौज।** नगर के गीता इंटर कॉलेज रामकृष्ण नगर में वीरांगना झलकारी बाई की पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रामनाथ प्रजापति व प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह शिक्षकगण रविकांत श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र पाल, विजय सिंह, दीपचंद, विशाल प्रजापति, सौरभ प्रजापति, प्रियंका प्रजापति सीमा दुबे, इंद्रवती, जाग्रति प्रजापति, प्राची, सौम्या, उन्नति एवं छात्र-छात्राएं व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और वीरांगना को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जिसके बाद वक्ताओं ने झलकारी बाई के जीवन और उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि झलकारी बाई अद्भुत साहस, पराक्रम और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण की प्रतीक थीं।
विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई की सेना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अपने रणकौशल और वीरता से उन्होंने अंग्रेजी सत्ता को कड़ी चुनौती दी और देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।
विद्यालय प्रबंधक ने कहा कि झलकारी बाई का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनका त्याग और बलिदान भारतीय नारी शक्ति, आत्मसम्मान और देशभक्ति का अमिट प्रतीक है।

# ठठिया में शराबी का सड़क पर उत्पात, पैसे मिलने पर छोड़ा रास्ता

- 20 मिनट तक रोड पर लगा जाम जैसा हाल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ठठिया कस्बे में शनिवार शाम एक शराबी ने मुख्य बाजार मार्ग पर जमकर उत्पात मचाया। नशे में धुत युवक डंडा लेकर बीच सड़क पर गमछा बिछाकर लेट गया, जिससे वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक को हटाने का प्रयास करने वाले लोगों को वह डंडा दिखाकर धमकाता रहा और हर राहगीर से शराब के लिए पैसे मांगता रहा। करीब 20 मिनट तक तिर्वा-मकनपुर रोड पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। इसी दौरान एक स्कॉर्पियो सवार युवक ने उसे हटाने का प्रयास किया, लेकिन शराबी पैसे की मांग पर अड़ा रहा। अंततः 100 रुपये मिलने के बाद वह सड़क से हटने को राजी हुआ, तब जाकर यातायात सुचारु हो सका।

घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पास में स्थित देशी शराब के ठेके के कारण अक्सर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। आरोप है कि शराबी ठेके के पास ही बैठकर शराब पीते हैं और फिर नशे में सड़क पर उत्पात मचाते हैं।

# तुबा फातिमा को मिला ईमानदार छवि का सम्मान




**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर में स्थित तैवा एजुकेशन स्कूल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मुकीम खान ने स्कूल की ओर से तुबा फातिमा होनहार छात्रा को उसकी उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता और सबसे ईमानदार छवि के लिए सम्मानित किया। छात्रा की इस उपलब्धि से उसके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस अवसर पर छात्रा के पिता नफीस खान ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी बेटी पढ़ाई में शुरू से ही बहुत होशियार और समर्पित रही है। स्कूल प्रशासन और नगर अध्यक्ष द्वारा मिले इस प्रोत्साहन ने छात्रा का मनोबल बढ़ाया है। नगर की छात्रा तूबा फातिमा को तैबा एजुकेशनल एकेडमी द्वारा वर्ष की सबसे ईमानदार छात्रा के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के मिलने से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है और इसे एक गर्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर छात्रा के अभिभावक ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके जीवन का एक बेहद खास और यादगार क्षण है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की इस सफलता ने पूरे परिवार का मान बढ़ाया है और उन्हें उस पर गर्व है। उन्होंने अल्हम्दुलिल्लाह कहते हुए ईश्वर का शुक्रिया अदा किया और बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व सभासद मोहम्मद नफीस खान ने विद्यालय के सभी शिक्षकों, स्टाफ और प्रबंधन का तहे दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तैबा एजुकेशनल एकेडमी केवल शिक्षा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संस्था बच्चों में अच्छे संस्कार, ईमानदारी, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का भी विकास करती है। यही कारण है कि यहां पढ़ने वाले छात्र न केवल पढ़ाई में आगे रहते हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 443 शिकायतें, 46 का निस्तारण

**कन्नौज, तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सदर कन्नौज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 153 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 16 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए गए। इस दौरान 8 लोगों के नाम खतौनी में संशोधित कर उन्हें तत्काल उपलब्ध कराई गई। इसी क्रम में तहसील तिर्वा में 128 शिकायतों में से 8 तथा छिबरामऊ में 162 शिकायतों में से 22 का मौके पर निस्तारण किया गया। तीनों तहसीलों में कुल 443 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 46 का तत्काल समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि चकमार्ग, विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजा निर्माण जैसी समस्याओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण करें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि वृद्धावस्था, दिव्यांग और निराश्रित महिला पेंशन योजनाओं से कोई पात्र वंचित न रहे।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र मोनू पाल को गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए है। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। विजयपाल पुत्र सोबरन सिंह निवासी मो. रानी अवंती बाई नगर थाना व तहसील तिर्वा जिला कन्नौज

# महात्मा रामचन्द्र के जलसे में दूसरे दिन उमड़ा भक्तों का सैलाब, पेश की अकीदत

▸ ध्यान, प्रवचन व शांति पाठ की त्रिवेणी में श्रद्धालुओं ने लगाये गोते

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


सूफी संत की समाधि पर सजदा करते लोग


आंतरिक अभ्यास एवं शांति पाठ में मौजूद अनुयायी

सूफी संत महात्मा रामचन्द्र जी के सालाना जलसे में दूसरे दिन उनके अनुयायियों की भारी भीड़ उमड़ी। बड़ी तादात में देश भर से आये श्रद्धालुओं ने समाधि पर आंतरिक अभ्यास (ध्यान) एवं शांति पाठ किया। नक्सबंदियों के सूफियान ज्ञान की खुशबू से महात्मा की समाधि महक रही है। सजदा करने वालों में पूर्व जिला जज अलका श्रीवास्तव एवं पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. अशोक चन्द्रा भी शामिल रहे।

फतेहगढ़ नवदिया में चल रहे महात्मा रामचन्द्र के सालाना जलसे को संबोधित करते हुए उनके प्रपौत्र सूफी संत विनय सक्सेना ने कहा कि आशा और वासना का त्याग करके ही असजी आनंद मिलता है। सत्संग में तभी मन लगेगा जब भौतिक का त्याग होगा। उन्होंने कहा कि जब तक ख्वाहिशे (इच्छा) है तब तक खुशी नहीं आयेगी। ख्वाहिश एक रहना चाहिए सिर्फ ईश्वर से जुड़ने की। लखनऊ से आये आयु बुजुर्ग सूफी संत प्रभात मोहन ने इंसानियत और नेकी को सबसे बड़ा धर्म बताया और उस पर चलने का आवाह्न किया। जलसे में हर कोई महात्मा जी की याद में दूबकर रुहानी ताकत से जुड़ने हेतु ध्यान मग्न नजर आया। यहां पहुंचने वालों में मजहब की कोई दीवार नहीं है। सबका सिर्फ एक ही लक्ष्य है रुहानी ताकत से खुद को जोड़ना। किसी से किसी की नजर मिली भी तो खामोशी से अभिवादन के बाद फिस तसुव्वुफ के समंदर में गोता लगा दिया। महात्मा जी व्यक्तित्व पर पुस्तकों की लगी प्रदर्शनी में श्रद्धालुओं ने खरीददारी की। सामूहिक भण्डारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। महात्मा रामचन्द्र की पौत्रवधू माधुरी सक्सेना से अनुयायियों ने आशीर्वाद लिया। जलसे में समीर सक्सेना, राजीव भगौलीवाल, सौम्या सक्सेना, प्रदीप विसारिया, राकेश सक्सेना, अवधेश दुबे, मुन्नू सिंह तोमर, अरविन्द गुप्ता आदि ने व्यवस्था संभाली।

# ओमवीर हत्याकांड का मास्टरमाइंड देवेन्द्र यादव गिरफ्तार

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।


पुलिस हिरासत में आरोपी

बहुचर्चित ओमवीर हत्याकांड में थाना अमृतपुर अध्यक्ष रक्षा सिंह के कुशल नेतृत्व और सक्रिय रणनीति के चलते हत्याकांड का खुलासा हुआ। पुलिस ने मामले के मास्टरमाइंड देवेंद्र यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। करीब आठ माह पूर्व ओमवीर पुत्र पेशकार का अपहरण कर लिया गया था। परिजनों का आरोप है कि अपहरण के बाद आरोपियों ने उसे बेरहमी से मारकर जमीन में दफना दिया था। लंबे समय तक उसका कोई सुराग नहीं लगने से परिजन न्याय के लिए भटकते रहे और विभिन्न अधिकारियों से गुहार लगाते रहे। एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष रक्षा सिंह ने स्वयं इस केस की मॉनिटरिंग की और पुलिस टीम का गठन कर लगातार कार्रवाई शुरू की। रक्षा सिंह ने सर्विलांस टीम और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर सूचनाओं का जाल बिछाया, साथ ही संदिग्धों पर कड़ी नजर रखते हुए कई स्थानों पर दबिश दिलाई। पुलिस ने आरोपियों के खेत से ओमवीर का शव बरामद कर लिया। जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता देवेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया। देवेंद्र यादव ने सुनियोजित तरीके से इस पूरे हत्याकांड को अंजाम दिलाया था। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में हत्या, मारपीट, धमकी समेत एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं पीड़ित परिवार ने आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की मांग की है। पुलिस टीम अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

# लूट के आरोपी को पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित किया गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


पुलिस की गिरफ्त में लूट का आरोपी

लूट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, 24 दिसम्बर 2025 को सुमन प्रकाश दुबे पुत्र स्व0 दलजीत दुबे निवासी काशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया थाना मऊदरवाजा ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि 23 दिसम्बर की शाम समय करीब 18:45 बजे दुकान से घर वापस जाते समय अज्ञात मोटर साइकिल सवारों ने टक्कर मारकर गिरा दिया तथा तमंचा तान कर झोले में रखे रुपये छीनकर भाग गये थे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 309(4) बीएनएस के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये 04 अभियुक्तो में से 02 अभियुक्तों को 21 मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस ने अभियुक्त प्रवेश राजपूत पुत्र मकरन्द निवासी आकलगंज थाना मऊदरवाजा को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 कारतूस 315 बोर लूट गये रुपयों में से 1800 रुपये बरामद हुए।


मोहल्ले में भरा तालाब का पानी

## जल भराव से त्रस्त ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत क्षेत्र में तालाब से हुए जल भराव से त्रस्त ग्रामीणों ने निजात पाने के लिए विधायक को मांग पत्र सौंपा है। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 8 शास्त्री नगर के निवासियों ने अमृतपुर के विधायक सुशील शाक्य को मांग पत्र सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके मोहल्ले में तालाब में जल भराव की स्थिति बहुत ज्यादा है। जिसके चलते पूरे मोहल्ले में पानी भरा रहता है। तालाब के जल भराव के लिए कोई भी रास्ता नहीं है। जिसके चलते वहां के मौजूद ग्रामीण दयनीय जीवन जीने को मजबूर हैं। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य से ग्रामीणों ने दलदल तथा जल भराव से निजात दिलाने की मांग की है। इस मौके पर ग्रामीण राजेंद्र सिंह, राजीव कुमार, सोनू कुमार सहित लगभग एक दर्जन अधिक ग्रामीण मौजूद रहे।

# एसडीएम व विधायक ने सुनीं जनता की समस्यायें

▸ आयी 113 शिकायतों में से 6 का मौके पर किया निस्तारण

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।



शिकायतें सुनते एसडीएम व विधायक

तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह व विधायक डॉ. सुरभि ने पीड़ितों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण का प्रयास किया। उपजिलाजिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को एक-एक कर सुना और उनके निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता की शिकायतों को गम्भीरता से सुने और निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत उसका निस्तरण करें। एसडीएम ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 113 मामले प्राप्त हुए। जिसमे से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, तहसीलदार विक्रम सिंह, नायव तहसीलदार अनवर हुसैन, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाशपाल, रजिस्टार प्रीतम सिंह, खण्ड विकास अधिकारी, मण्डी सचिव शैलेन्द्र कुमार वर्मा, राजेंद्र सिह, चिकित्सा प्रभारी विपिन कुमार, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कम्पिल थाना प्रभारी नितिन चौधरी, शमसाबाद थाना प्रभारी, नवावगंज प्रभारी, मेरापुर थाना प्रभारी सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।

# बालिका मुक्केबाजी प्रतियोगिता में अन्नू व अनन्या पहुंची सेमीफाइनल में


रेफरी के साथ अन्नू राजपूत

हापुड़ में आयोजित दो दिवसीय अंडर-19 मुक्केबाजी प्रतियोगिता का सेमीफानल आज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जनपद हापुड़ में 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक आयोजित की जा रही अंडर-19 आयु वर्ग की राज्य स्तरीय बालिका मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जनपद की अन्नू राजपूत 48 किलोग्राम भार वर्ग में गौतम बुद्ध नगर की अंबिका सिंह को हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। इसी के साथ जनपद की अनन्या माथुर 65 किलो ग्राम भारवर्ग में वैष्णवी गुप्ता कानपुर नगर को हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। सेमीफाइनल मुकाबले 5 अप्रैल को खेले जाएंगे। दोनों मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में पहुंचकर अपना पदक पक्का किया। टीम कोच निशा परिहार टीम के साथ हापुड़ में हैं।

# फर्जी बोगम फर्म बनाकर जीएसटी का अपवंचन करने वाला गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


पुलिस हिरासत में आरोपी

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करके फर्जी बोगम फर्म बनाकर जीएसटी का अपवंचन करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार ताहर सिंह पुत्र अन्तराम निवासी ग्राम करनपुर थाना कम्पिल ने स्थानीय पर सूचना दी कि अभियुक्तों द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर, धोखाधड़ी करके फर्जी बोगस फर्म बनाकर जीएसटी का अपवंचन किया जा रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 318(4), 338, 336 (3), 340(2), 61 (2), 352, 351(3) बी.एन.एस. तथा धारा 318(4), 319(2), 338, 336(3), 340(2), 61(2) बी.एन.एस. के तहत सैय्यद अरवाज अली उर्फसद्दाम पुत्र आफाक अली आदि 03 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के क्रम में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर राजीव तिवारी पुत्र रामविलास तिवारी निवासी ग्राम नुनवारा कोतवाली कायमगंज का नाम प्रकाश में आया। 22 मार्च को अभियोग उपरोक्त में 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राजीव तिवारी उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त नें पूछताछ में बताया कि में जय सनी ट्रान्सपोर्ट कम्पनी का मालिक हूं और तम्बाकू व्यापारियों व अन्य व्यापारियों को ट्रांसपोर्ट वाहन उपलब्ध कराता हूं। जुबैर और अरवाज के द्वारा उपलब्ध कराये गये ई-वे बिल के आधार पर जुबैर के साथी सुखवीर व अन्य लोगों के वाहनों के नाम से उनके द्वारा बताये हुए पते की बिल्टी काट कर वाहन उपलब्ध कराता हूं।

जुबैर व हम लोगों ने एक गैंग बना रखी है। जिसमें फर्जी फर्मो के नाम से जी.एस.टी. चोरी करने के इरादे से व्यापारियों का माल फर्जी फर्मों के नाम से फर्जी ई-वे बिल तथा उसी पते की फर्जी बिल्टी काटने व अरवाज, अमन व फैसल सुखवीर आदि के साथ मिलकर मोटा मुनाफा कमाते थे।

# लूट के मोबाइल सहित दो गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लूट के मोबाइन व पैसों सहित दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना कादरीगे उपनिरीक्षक विशेष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 03 अप्रैल को सरबजीत कश्यप पुत्र नरेश कश्यप निवासी ग्राम सिमरिया देंदु थाना हजरतपुर जनद बदायूं ने तहरीर दी कि दो अज्ञात युवकों द्वारा उसको अपने साथ ई-रिक्शा में बैठाकर सूनसान स्थान पर लेकर उसका मोबाइल व 1100 रुपये लूट लिये है। वादी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 309(4) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। विवेचना के क्रम में ऑपरेशन दृष्टि के तहत थाना क्षेत्र में लगवाये गये सीसीटीवी कैमरों व मुखिबरों की सूचना पर प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों को अनिकेत पुत्र भल्लू उर्फविजय कश्यप उर्फराजा निवासी काशीराम कॉलोनी हैबतपुर गढ़िया थाना मऊदरवाजा, प्रेम कश्यप पुत्र श्याम कश्यप निवासी काशीराम कॉलोनी हैबतपुर गढ़िया थाना मऊदरवाजा को गिरफ्तार कर अभियुक्तों के कब्जे से अभियोग से सम्बन्धित मोबाइल व 1100 रूपये बरामद कर गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# तेज आंधी से पीपल का पेड़ टूटकर घर पर गिरा, तीन घायल


क्षतिग्रस्त मकान

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

देर रात आयी तेज आंधी के कारण एक पीपल का पेड़ घर पर गिर गया। इस घटना में सलेमपुर निवासी राज कुमार, उनकी पत्नी कजल और पुत्री सृष्टि दब गए। तीनों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे अचानक तेज आंधी आई। आंधी के कारण राजकुमार के घर के पास खड़ा एक विशाल पीपल का पेड़ उनके मकान पर गिर गया। पेड़ गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने तुरंत सभासद ललित कुमार श्रीवास्तव को सूचना दी।

सभी ने मिलकर मलबे में दबे परिवार के तीनों सदस्यों को बाहर निकाला। राज कुमार और उनकी पुत्री सृष्टि को चोटें आईं। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। कजल को भी चोटें आई हैं। सभासद ललित श्रीवास्तव ने बताया कि राज कुमार टीन शेड डालकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। पेड़ गिरने से उनका पूरा घर का सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

## आंधी के कारण बिजली रही आपूर्ति

नवाबगंज। क्षेत्र में बीती रात आई तेज आंधी के कारण बिजली आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई। नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र से जुड़े तीन फीडरों पर घंटों तक बिजली गुल रही। जिससे स्थानीय निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अठसेनी ग्रामीण फीडर जो रात 2 बजे बंद हुआ था, सुबह 7 बजे बहाल हो सका। जगदीशपुर ग्रामीण फीडर रात 12 बजे बंद होने के बाद सुबह 8 बजे चालू हो पाया। गांव त्यौरी के पास एक लाइन पर पेड़ की डाली गिरने से उसके बाद उसे काटकर हटाया गया। नवाबगंज नगर के बाईपास मार्ग पर जम्फर टूट गया था और नगला दमू के पास भी पेड़ों की डालियां गिरने से समस्या हुई। सुबह लाइनमैन मंजेश कुमार, वीरसिंह और हकूम सिंह ने पेट्रोलिंग कर फॉल्ट का पता लगाया और मरम्मत कार्य में जुटे, जिसके बाद धीर-धीरे आपूर्ति बहाल की जा सकी।

## युवक को उसकी पत्नी व बच्चों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के दनियामानपुर गांव में घरेलू विवाद के चलते युवक को उसकी पत्नी व बच्चों ने लाठी-डंडों से पीट दिया। पीड़ित विमलेश पुत्र पतिराम ने पुलिस को तहरीर दीहै। बुधवार शाम लगभग सात बजे जब विमलेश मजदूरी कर घर लौटा था। घर आते ही उसकी पत्नी ने घरेलू बातों को लेकर उसे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विमलेश ने जब गाली-गलौज का विरोध किया, तो उसकी पत्नी और बच्चों ने मिलकर उसे लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। विमलेश ने आरोप लगाया है कि उसे चारपाई से बांधकर मारा गया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# शहर कोतवाली प्रभारी को सात दिन का कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शहर कोतवाली प्रभारी को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र कुमार ने सात दिन की साधारण कारावास की सजा से दंडित करते हुए पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया है कि दोषसिद्ध दर्शन सिंह सोलंकी के विरुद्ध जारी गैर जमानतीय अधिपत्र का तामीला अविलंब कराना सुनिश्चित करें और दोष सिद्ध को गिरफ्तार कर 6 अप्रैल को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।

राज्य बनाम इरफान आदि मुकदमा धारा 3/11 पशु क्रूरता अधिनियम व 3/8 गौवध अधिनियम कोतवाली की पत्रावली न्यायालय में लंबित है तथा पत्रावली में अभियुक्त के विरुद्ध गैर जमानीय अधिपत्र धारा 82/83 की आदेशिकाएं निर्गत की गई, परन्तु आज तक उक्त वारंट की तामीला अभियुक्त दर्शन सिंह सोलंकी द्वारा कराया गया और न ही आख्या न्यायालय में प्रस्तुत की गई। न्यायालय की उपस्थिति हेतु 1 अप्रैल को नोटिस जारी किया गया और उपस्थिति एवं स्पष्टीकरण हेतु 3 अप्रैल को 11 बजे तक का समय नियत किया गया। उसके बावजूद न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण अभियुक्त के विरुद्ध प्रकीर्णवाद अन्तर्गत धारा 388 बीएनएसएस की धारा 349 संस्थित किया गया।

इसी मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेन्द्र कुमार ने दर्शन सिंह सोलंकी थाना प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फर्रुखाबाद को सात दिवस के साधारण कारावास की सजा से दंडित किया है।

## जानलेवा हमले में दो को सात-सात वर्ष का कारावास

▸ पांच-पांच हजार रुपए के लगाया गया अर्थदंड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जानलेवा हमले के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या 7 न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त महेंद्र सिंह पुत्र स्व0 सूबेदार, हिंदराज पुत्र सुरेशचंद्र निवासीगण महमदपुर करसान मऊदरवाजा को दोषी करार देते हुए सात-सात वर्ष का कारावास व पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत 16 वर्ष पूर्व थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम महमदपुर करसान निवासी वरुण कुमार पुत्र जागेश्वर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसके गांव में पिछली बार प्रधानी चुनाव में गांव के प्रदीप चुनाव लड़े थे, लेकिन वह हार गए थे। प्रदीप ने मुझे से पूंछा कि इस बार पिछली तरह वोट दोगे, तो मैने कहा जिसे परिवार के लोग चाहेगें, उसे वोट देंगे। इसी बात पर प्रदीप नाराज हो गये। 5 अगस्त 2010 को बीए सेकेंड का फॉर्म जमा करने नवाबगंज साइकिल से जा रहा था। रास्ते में ग्राम महलई निवासी श्रीपाल साइकिल पर बैठ गए। जैसे ही बघोना व बेग के बीच पहुंचा। पीछे से एक मोटरसाइकिल आई, जिसमें गांव के विक्रम, देशराज, प्रदीप बैठे हुए थे, तभी प्रदीप ने रोक लिया और कहा वोट दोगे या नहीं। मैने कहा जिसे चाहेगे उसे देंगे, इतने में प्रदीप व भारत ने तमंचा लेकर फायर कर दिया। मैं झुक गया गोली श्रीपाल के लग गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग खेतों में काम कर रहे थे के ललकारने पर वह लोग भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्रा की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त महेंद्र, हिंदराज को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# किसान बचाओ यात्रा के लिए 7 अप्रैल को कूच करेंगे अन्नदाता

▸ प्रतिनिधि मंडल के सदस्य 8 अप्रैल को राज्यपाल को ज्ञापन देकर आलू की दयनीय स्थिति पर करेंगे वार्ता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

सातनपुर मंडी में किसानों व आलू कारोबार से जुड़े लोगों से आगामी 7 अप्रैल को आलू किसान बचाओ यात्रा के लिए विचार विमर्श किया गया। जिसके लिए निर्णय लिया गया कि हमेशा किसानों व मंडी हित की बात करने वाले स्व0 सतीश वर्मा नेताजी की याद में किसान नेता अशोक कटियार के नेतृत्व में आलू किसान बचाओ यात्रा नेता के ही प्रतिष्ठान से 7 अप्रैल को 11 बजे हरी झंडी दिखाकर लखनऊ राजभवन के लिए रवाना होगी। जो कमालगंज, गुरसहायगंज, कन्नौज, मानीमऊ, बिल्हौर होती हुई लखनऊ राजभवन पहुंचेगी। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों के द्वारा 8 अप्रैल को राज्यपाल को ज्ञापन देकर आलू की दयनीय स्थिति पर वार्ता होगी। प्रमुख रूप से आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्पित राजपूत, पूर्व अध्यक्ष सुधीर वर्मा, रिंकू, प्रदीप गुप्ता मोनी, आलू निर्यातक सुधीर शुक्ला, मुन्ना राजपूत, परसोत्तम वर्मा, राजीव चतुर्वेदी, रामलड़ैते राजपूत, रतीराम शाक्य, विकास दुबे, अरविन्द राजपूत, अन्नू गुप्ता, हरिश्चंद्र वर्मा, प्रदीप राजपूत आदि मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम ने आसुरी शक्तियों का किया दमन



**परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशेष**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान विष्णु ने परशुराम अंश के रूप में उस भूगु कुल में अवतार लिया। जिस भृगु के पाद-प्रहार को अपने वक्षः स्थल पर सहा। भगवान परशुराम सर्व समाज के भगवान थे। उन्होंने पृथ्वी पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाकर दृष्ट प्रवृत्ति के आताताइयों का संहार कर पृथ्वी पर गलत आचरण के कार्य करने वालों से मुक्त कराया।


अंकुर मिश्रा एड.

**अंकुर मिश्रा एड.** ने बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया (अक्षय तृतीया) को भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी का जन्मोत्सव है। परशुराम की यात्रा इस वर्ष धूमधाम निकाली जायेगी। इस बार जगह-जगह भगवा ध्वज व स्वागत द्वार बनाये जायेंगे। शोभायात्रा में भगवान परशुराम के स्वरुप की झांकी होगी। भक्तगण माथे पर चंदन लगाकर पीला गमछा डालकर शामिल होंगे और हवन पूजन कर जन्मोत्सव मनायेंगे।


डॉ. दीपक द्विवेदी एड.

**डॉ. दीपक द्विवेदी एड.** ने बताया कि परशुराम जाति विशेष नहीं, सभी के भगवान है। उन्होंने हमेशा गलत लोगों का विरोध किया। जैसे हम लोग भगवान राम को पूजते है उसी तरह भगवान परशुराम को पूजते है। उन्होंने धरती से 21 बार आताताइयों का संहार कर मनुष्य वर्ग को नई दिशा दी। हम सब मिलकर 19 अप्रैल को उनका जन्मोत्सव धूमधाम से मनायेंगे। भव्य शोभायात्रा, झांकियां और भजन-कीर्तन आयोजित किए जाते हैं।


डॉ. वैभव पाठक

**डॉ. वैभव पाठक** ने बताया कि भगवान परशुराम पराक्रम के धारक और शस्त्र व शास्त्र के ज्ञाता थे। उन्होंने त्रेता व द्वापर युग में रामायण व महाभारत को अपनी आंखों से देखा। उन्होंने भूगु कुल में अवतार लेकर असुरी शक्तियों को रोका। इसलिए वह शस्त्र गुरु कहलाये। वह हमारे समाज के पुरोधा है वह हमारे समाज के गौरव है। यह पर्व अन्याय के खिलाफ धर्म, शक्ति और न्याय की स्थापना के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

# सपा जिला कार्यकारिणी की बैठक में निष्क्रिय पदाधिकारियों की गई छुट्टी

- सेक्टर स्तर पर मनाई जाएगी बाबा साहब अंबेडकर की जयंती
- पदाधिकारी किसी भी नेता के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनर्गल पोस्ट नहीं करेगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। संचालन जिला उपाध्यक्ष मुन्ना यादव ने किया तथा प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव रहे।

जिला प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता ने बताया कि जिला कार्यकारिणी की बैठक में संगठन को दुरस्त करने पर विचार हुआ। निष्क्रिय पदाधिकारी जो लगातार तीन बैठकों से दूर रहेंगे उन्हें जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला कार्यकारिणी से पद मुक्त करते उनकी छुट्टी की जाएगी, उनके स्थान पर सक्रिय कार्यकर्ता पदाधिकारी बनाए जाएंगे। फ्रंटल संगठनों को निर्देश दिए गए कि जिन फ्रंटल अध्यक्षों ने अभी तक विधानसभा और नगर कमेटी नहीं बनाई है वह लोग 8 दिनों के अंदर अपनी कमेटियां बूथ सहित बनाकर जिला कार्यालय को प्रेषित करें अन्यथा संबंधित प्रदेश अध्यक्ष से कहकर उनकी छुट्टी करवाई जाएगी। बूथ लेवल पर पार्टी को मजबूत किया जाएगा, जो पदाधिकारी लम्बे समय से पार्टी से दूरी बनाए हुए लोगों को मनाने के लिए पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कमेटी बनाई जाएगी। कोई भी पार्टी पदाधिकारी पार्टी के किसी भी नेता के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कोई अनर्गल पोस्ट नहीं करेगा उसे कोई समस्या है तो व्यक्तिगत रूप से बात करें। अथवा जिला संगठन को सूचित करे, नौजवान पदाधिकारी बुजुर्गों का सम्मान करते हुए अपनी ऊर्जा और बुजुर्गों के अनुभव से 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से आगामी कार्यक्रम 14 अप्रैल बाबा साहब अंबेडकर की जयंती कार्यक्रम को लेकर विचार हुआ। सपा सेक्टर स्तर पर बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मनाएगी।



बैठक में मौजूद सपा नेता

इस मौके पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, बृजेश पाल, अरविंद यादव, सांची लाल कठेरिया, साजिद अली, सत्यभान, शिवम पटेल, अनुराग यादव, अश्वनी यादव, मनोज यादव, राम सिंह यादव, बीपी सिंह चौहान, विजय अनुरागी, समरदीप सिंह, प्रमोद कुमार, सुभाष चंद्र शाक्य, नरेंद्र सिंह यादव, अजीत यादव, शिव शंकर शर्मा, विनीत परमार, मोहम्मद चांद खां, चक्र सिंह यादव, मुन्ना यादव, हरीश कुमार यादव, सर्वेश अंबेडकर, डॉ0 जेपी सिंह वर्मा, रामपाल सिंह यादव, रमेश चंद कठेरिया, सुलक्षणा सिंह, उदय प्रताप सिंह भोला यादव, अरविंद यादव, शैलेश कुमार अवस्थी, बीके गंगवार, आशुतोष अवस्थी, रामू गुप्ता, शिवम दिवाकर, रवि यादव, राजन यादव, आयुष यादव, सौरभ राजपूत, इजहार खां, इकरार मंसूरी, बंटी यादव, शिवम यादव, पवन गौतम, दिव्यांशु अवस्थी आदि मौजूद रहे।

## डीएन कालेज में तीन दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को दुर्गा नारायण महाविद्यालय में तीन दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के समापन दिवस का शुभारम्भ सर्व धर्म प्रार्थना से हुआ। रेंजर्स द्वारा ध्वज शिष्टाचार किया गया। मुख्य प्रशिक्षक योगेश कुमार उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अजहर जुनैद आलम के निदेशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन रोवर प्रभारी डॉ0 पंचम कुमार ने किया। रोवर्स/रेंजर्स के द्वारा बनाये गये तम्बू निर्माण, गैजेट्स फूड प्लाजा आदि का महाविद्यालय के प्राध्यापकगण के साथ निरीक्षण किया। रोवर प्रभारी उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। स्वागत संस्कार, सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्राध्यापक सरस पाठक, वीरभान सिंह, रणबीर सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में 13 अप्रैल को निकाली जायेगी बाइक रैली


ज्ञापन सौंपते शिक्षकगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुराने शिक्षकों पर भी टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में 13 अप्रैल को बाइक रैली निकाले जाने के सम्बन्ध में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ ने जिलाधिकारी संबोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारी को सौंपा है। जिसमें कहा कि 13 अप्रैल को पूरे देश में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आवाह्न पर पुराने शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता के सम्बन्ध में विरोध प्रदर्शन किया जा जायेगा। प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर जनपद में भी 13 अप्रैल को समय अपराहन 02:30 बजे बी.एस.ए. ऑफिस पर समस्त शिक्षक एकत्रित होकर शान्तिपूर्वक विशाल बाइक रैली निकाली जायेगी जो बीएसए आफिस से जिला जेल चौराहा होती हुई फतेहगढ़ चौराहे से जिलाधिकारी कार्यालय होती हुई पुनः बीएसए आफिस पर समाप्त होगी।

जिसमे हजारों शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। ज्ञापन देने के दौरान शिक्षक भूपेश प्रकाश पाठक, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, नरेन्द्र सिंह जाटव, प्रवेश कुमार, आलोक, विवेक यादव, सुजीत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


शोकसभा में मौजूद आढ़ती

## आलू आढ़ती एसोसिएशन ने नगर मजिस्ट्रेट को दी श्रद्धांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर मजिस्ट्रेट के आकस्मिक निधन पर सातनपुर आलू मण्डी में आलू आढ़तियों ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि दी गई। शनिवार को नवीन मंडी स्थल सातनपुर के सभापति सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल के आकस्मिक निधन होने पर मंडी कार्यालय परिसर में शोक सभा की गई। जिसमें आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्पित राजपूत, पूर्व अध्यक्ष सुधीर वर्मा रिंकू के नेतृत्व में आलू आढ़तियों ने सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रदीप गुप्ता मोनू, परशुराम वर्मा, राजीव चतुर्वेदी, सुरेश वर्मा, विकास दुबे, सतीश पाल, अन्नू गुप्ता, सुधीर शुक्ला, हरिश्चंद्र राजपूत, राजेश वर्मा, ओमप्रकाश सेतिया, श्रीचंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 75 शिकायतों में से दो को मौके पर निस्तारण

**डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के दिये निर्देश**


शिकायतें सुनते डीएम एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में ऑफीसर्स क्लब फतेहगढ़ में तहसील सदर के सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें राजस्व विभाग की 39, पुलिस विभाग की 16, विद्युत विभाग की 05, विकास विभाग की 03 तथा अन्य विभागों की 12 शिकायतें शामिल रहीं। प्राप्त शिकायतों में से 02 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाते से रुपये निकाल लेने पर बाबा के खिलाफ तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सामूहिक विवाह में मिले सरकारी अनुदान में 60 रुपये रिश्ते के बाबा ने निकाल लिये। पीड़िता ने घटना के संबंध में थाने में शिकायत की है।

ग्राम पंचायत भटासा निवासी रंजन पत्नी रामजीलाल कठेरिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया उसकी शादी दिसंबर 2025 में शादी सम्मेलन में हुई थी। जिस पर उसको सरकार की तरफसे शादी में अनुदान मिला था। अनुदान में मिलने पर जेवर गहने तथा अन्य वस्तुएं पीड़िता अपने ससुराल ले गई थी, लेकिन उसका मायका नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बराकेशव जोकि सरकारी अनुदान के 60 हजार रुपये पीड़िता के खाते में पड़े थे, जिनका किसी प्रकार रिश्ते के बाबा चंगेलाल पुत्र मसली कठेरिया ने पिता के अकाउंट से निकाल लिये। जब पिता ने रुपये मांगें तो बाबा ने गाली-गलौज की। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ, मुख्यमंत्री का देखा गया लाइव प्रसारण

- डीएम ने बच्चों को पुस्तकें व स्कूल बैग किये वितरित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्कूल चलो अभियान 2026-27 का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद वाराणसी से किया। सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

जिसमें जनपद के विभिन्न अधिकारियों, शिक्षकों एवं गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री के संबोधन एवं अभियान के सजीव प्रसारण के अवलोकन से हुआ। डीएम ने कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं को प्रतीकात्मक रूप से



बच्चों को सम्मानित करते डीएम

निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं स्कूल बैग वितरित किए गए। जिससे बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह एवं प्रेरणा का संचार हुआ। इसी क्रम में कक्षा 1 में नव प्रवेशित 10 बच्चों का जिलाधिकारी एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा विधिवत दीक्षारंभ संस्कार संपन्न कराया गया, जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। इसके अतिरिक्त, गत शैक्षिक सत्र 2026-27 में सर्वाधिक छात्र नामांकन करने वाले 5 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर डीएम ने सम्मानित किया। इस सम्मान से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का उत्साहवर्धन हुआ। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी बढ़पुर एवं खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के संकल्प के साथ हुआ।


## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः-19/ न0पं0 टेण्डर नोटिस/2026-27/शमसाबाद दिनांकः-04 अप्रैल 2026

### अति अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि 15वाँ वित्त आयोग (बुनियादी अनुदान-Tied Basic Grant) एवं (निर्दिष्ट अनुदान-Untied Basic Grant) द्वारा प्राप्त वर्ष 2025-26 की धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांकः 07/4/2026 से 27/4/2026 को अपरान्ह 2: 00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि बेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 27/4/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमा करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 07/4/2026 12:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 27/4/2026 2:00 बजे | |

श्रीकिशन अवर अभियंता सिविल न0पं0 शमशबाद (फर्रुखाबाद) — अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद — अध्यक्ष नगर पंचायत शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद


# 6 अप्रैल से नीबकरोरी रेल खंड 25 दिनों तक अस्थाई रूप से रहेगा बंद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वियरिंग कोट कार्य होने के कारण 6 अप्रैल से नीबकरोरी रेल खंड 25 दिनों तक के लिए अस्थाई रूप से बंद रहेगा। उत्तर मध्य रेलवे फिरोजाबाद के वरिष्ठ खंड इंजीनियर कर महेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नीबकरोरी फर्रुखाबाद रेल खंड के रेलवे किलोमीटर 1303/8-9 पर स्थित आरयूपी नम्बर-74 जो कि टेरा गड़िया मार्ग को जोड़ता है। पर वियरिंग कोट का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। कार्य के दौरान पुराने वियरिंग कोट को तोड़ा जायेगा, जिसके कारण इस आरयूवी से आवागमन ग्रामीणों अथवा स्थानीय जनता के लिये असुरक्षित हो सकता है। यह कार्य रेलवे ट्रैक की सुरक्षा और सुगम आवागमन की सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह कार्य लगभग 25 दिनों के अन्दर पूर्ण कर लिया जायेगा। आरयूपी नम्बर-74 पर वियरिंग कोट निर्माण कार्य पूर्ण होने तक स्थानीय जनता रेलवे किलोमीटर 1302/1-2 आरयूपी-7बीसी जो कि सिरौली मार्ग को जोड़ता है से आवागमन कर सकती है। नीबकरोरी रेल खंड के रेलवे किलोमीटर 1303/8-9 पर स्थित आरयूवी-74 को वियरिंग कोट कार्य हेतु 6 अप्रैल से आगामी सूचना तक अस्थायी रूप से बंद कर दिया जायेगा।



नीब करोरी रेलवे स्टेशन

इससे होने वाली असुविधा के लिए हमें खेद है। शीघ्र पूर्ण करडेरा गड़िया मार्ग को जोड़ने वाले आरयूवी-74 को आम जनमानस के आवागमन हेतु पुनः खोल दिया जाएगा।

## पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर भाजपा की वर्चुअल बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संदर्भ में जिला पदाधिकारी की प्रातः सुबह 10 बजे वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने की। संचालन गोपाल राठौर ने किया। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 6 अप्रैल को पूरे जनपद में भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी जनप्रतिनिधि स्थापना दिवस के कार्यक्रम को पूरे उत्साह के साथ मनाएंगे। स्थापना दिवस के कार्यक्रम को लेकर 5 अप्रैल से ही सभी कार्यकर्ता अपन-अपने घरों में भाजपा का ध्वज लगाएंगे। इसके साथ ही अपने-अपने बूथ पर भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा समर्थित घरों में ध्वज लगवाएंगे, 6 अप्रैल को पार्टी मुख्यालय पर ध्वजारोहण होगा। संगोष्ठी का भी आयोजन होगा। जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को भाजपा की विकास यात्रा के बारे में जानकारी दी जाएगी। 9 अप्रैल को जनपद में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें पार्टी की विचारधारा वाले कार्यकर्ता वरिष्ठ नागरिक, प्राथमिक सदस्य एवं सक्रिय सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश से पदाधिकारी जनपद पहुंचेंगे। कार्यक्रम को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रचारित किया जाएगा। इस अवसर पर हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, रश्मि दुबे, मनोज गंगवार, अनुराग दुबे, सर्वेश कुशवाहा, अभिषेक बाजपेई, शिवांग रस्तोगी, रजनीश मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांकः- 20/ न0पं0 टेण्डर नोटिस/2026-27/शमसाबाद दिनांकः-4 अप्रैल 2026

### अति अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 की धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना हैं जिसके डाक्यूमेंट बेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांकः 07/4/2026 से 27/4/2026 को अपरान्ह 2: 00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि बेबसाइड से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 27/4/2026 को अपरान्ह 4:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमा करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 07/4/2026 12:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 27/4/2026 2:00 बजे | |

श्रीकिशन अवर अभियंता सिविल न0पं0 शमशबाद (फर्रुखाबाद) — अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद — अध्यक्ष नगर पंचायत शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद


# श्रीकृष्ण जन्म कथा सुन श्रोता हुए भावविभोर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

दरियागंज रोड पर गदनपुर आमिल में सचिवालय के पास भागवत कथा सप्ताहिक में कलश यात्रा निकालने के बाद कथा का प्रारंभ हो गयी। परीक्षित गंगा चरन पाल पत्नी सहित हवन पूजन किया।

कथा वाचक साध्वी पूजा मुस्कान ने कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। साध्वी पूजा मुस्कान ने कथा सुनाते हुए कहा कि जब कंस अपनी बहन देवकी और वासुदेव के विवाह के बाद उन्हें रथ में ले जा रहा था, तभी आकाशवाणी हुई कि देवकी की आठवीं संतान कंस का काल बनेगी। डर के मारे कंस ने देवकी और वासुदेव को कारागार में डाल दिया और उनके एक-एक करके सात बच्चों को मार डाला। भाद्रपद मास की कृष्ण अष्टमी को भारी बारिश और तूफानी रात में भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ। कृष्ण के जन्म लेते ही कारागार के पहरेदार सो गए, जेल के दरवाजे स्वतः खुल गए और वासुदेव जी की बेड़ियां टूट गईं।


कथा का श्रवण कराती साध्वी पूजा


कथा का रसपान करते भक्तगण

कंस से बचाने के लिए वासुदेव जी ने नवजात शिशु को सूप में रखा और यमुना नदी पार कर गोकुल में अपने मित्र नंद के घर ले गए। वासुदेव जी ने कृष्ण को यशोदा मैया के पास सुलाकर, वहां जन्मी कन्या को अपने साथ ले आए।

जब कंस ने उस कन्या को मारना चाहा, तो वह हाथ से छूटकर आकाश में चली गई और कंस को उसके अंत की याद दिलाई। जिससे पूरा पाण्डाल भक्तिमय हो गया। इस दौरान प्रधान रघुनन्दन पाल, रामरतन टेलर, सुरेश चन्द, राकेश कुमार पाल, भाजपा नेता गुरुचरन आजाद, श्रीकांत श्रीवास्तव, उमेश चन्द पाठक, नरेश शंखवार, निर्जेश शंखवार, विपिन कुमार पाल आदि ने व्यवस्था देखी।

# बाढ़, चीनी मिल भुगतान संकट और बदहाल परिवहन से जूझता पलिया

## 30 लाख आबादी प्रभावित, ठप व्यापार, बढ़ता पलायन

### गौरीफंटा-चंदन चौकी रेल सेवा बंद, मैलानी-पलिया-नानपारा ब्रॉडगेज पर अनिश्चितता

**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां (खीरी)।**

सीमावर्ती पलिया तहसील क्षेत्र में बाढ़, चीनी मिलों के भुगतान संकट और बदहाल परिवहन व्यवस्था के बीच अब रेल सेवाओं की अनिश्चितता ने हालात और गंभीर कर दिए हैं। मैलानी से पलिया होते हुए नानपारा तक के महत्वपूर्ण रेल मार्ग पर ब्रॉडगेज को लेकर स्पष्टता न होने और रेल सेवाओं की कमजोर स्थिति के चलते क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर सीधा असर पड़ रहा है। बाजारों की रफ्तार धीमी पड़ गई है और व्यापारी वर्ग आर्थिक मंदी से जूझते हुए पलायन तक को मजबूर हो रहा है। यह रेल



मार्ग लंबे समय से इस क्षेत्र की जीवनरेखा रहा है, जिससे हजारों लोग सस्ती और सुगम यात्रा करते थे। कुछ वर्ष पहले तक केवल पलिया रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन लगभग दो लाख रुपए की टिकट बिक्री होती थी, जो इसकी उपयोगिता को दर्शाता है। लेकिन वर्तमान में रेल सेवाओं की अनियमितता और भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति ने व्यापार और आमजन दोनों को प्रभावित किया है।

इतिहास बताता है कि वर्ष 1903 में इस रेल लाइन का विस्तार गौरीफंटा और चंदन चौकी तक किया गया था। उस समय यह मार्ग सीमावर्ती व्यापार, वन संपदा के परिवहन और ग्रामीण कनेक्टिविटी का प्रमुख माध्यम था। इस रेल सेवा के जरिए थारू जनजाति के गांव पहली बार सीधे मुख्यधारा से जुड़े और नेपाल सीमा से जुड़े इलाकों का संपर्क भी मजबूत हुआ। लकड़ी, गन्ना और कृषि उत्पादों का बड़े पैमाने पर परिवहन इसी मार्ग से होता था, जिससे पलिया, गौरीफंटा और चंदन चौकी व्यापारिक केंद्र के रूप में विकसित हुए। बाद में वर्ष 1993 में गौरीफंटा और चंदन चौकी तक चलने वाली रेल सेवा को बंद कर दिया गया, जिससे थारू क्षेत्र के कई गांवों की कनेक्टिविटी प्रभावित हो गई। रेल सेवा बंद होने के बाद इन गांवों का संपर्क मुख्य बाजारों, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा केंद्रों से कमजोर पड़ गया। सीमावर्ती क्षेत्रों में छोटे व्यापार पर भी इसका सीधा असर पड़ा, जो आज तक पूरी तरह उभर नहीं सका है।

**सीमावर्ती व थारू क्षेत्र की कनेक्टिविटी वर्षों से बाधित**

## एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न



**फरियादियों की उमड़ी भारी भीड़, त्वरित निस्तारण के निर्देश**

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।**

तहसील निघासन परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस इस बार आम जनता की समस्याओं के समाधान का प्रमुख मंच बन गया। दूर-दराज के गांवों से आए फरियादियों की भारी भीड़ ने प्रशासन के प्रति अपनी उम्मीदें जताईं। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम राजीव निगम ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, विद्युत आपूर्ति, पेंशन, आवास योजना सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी दर्जनों शिकायतें दर्ज की गईं। एसडीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि उसका असर धरातल पर भी दिखाई दे।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर के धक्के से घायल होमगार्ड की उपचार के दौरान मौत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बरी गांव में ट्रैक्टर के धक्के से बाइक चालक होमगार्ड की उपचार के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में उपचार के दौरान शुक्रवार की रात्रि में मौत हो गयी है। होमगार्ड के मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवां ग्राम पंचायत के टोकवा गांव निवासी 38 वर्षीय होमगार्ड हिमांशु सिंह बाइक से बरी गांव की ओर जा रहे थे। जैसे ही बरी गांव स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा के आगे पहुंचे तो अज्ञात ट्रैक्टर के धक्के से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलावस्था में होमागार्ड को सड़क पर पड़ा देखा तो एंबुलेंस से उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर विमल कुमार व डॉक्टर रीना सिंह ने होमगार्ड के सिर में आई गंभीर को चोट को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। होमगार्ड के परिजनों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर गए जहां पर उपचार के दौरान होमगार्ड हिमांशु सिंह की मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलने पर माता मालती व पत्नी रेशमा का रो रोकर बुरा हाल है। होमगार्ड को दो बेटियां व एक बेटा 12 वर्षीय यस सिंह है। होमगार्ड अपने माता पिता का एकलौता पुत्र था होमगार्ड हिमांशु सिंह की वर्तमान में हलिया थाने पर तैनात थे।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की ट्रैक्टर के धक्के से घायल होमगार्ड की उपचार के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में मौत हो गयी है। सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बाईक की टक्कर से वृद्ध घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग कोटा शिव प्रताप सिंह गांव में शुक्रवार की रात्रि में बाइक चालक ने पैदल जा रहे वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक चालक मोटर साइकिल छोड़ कर भाग निकला। वृद्ध के परिजनों द्वारा वृद्ध को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर गए जंहा पर चिकित्सक द्वारा हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। मंडलीय चिकित्सालय से ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। लालगंज थाना क्षेत्र के कोटा शिव प्रताप सिंह गांव निवासी 75 वर्षीय दीनानाथ सड़क किनारे पटरी से घर की तरफ आ रहे थे की लालगंज की तरफ से तेजगति से आ रहे बाइक चालक ने वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने वृद्ध को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भिजवाया जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया। वृद्ध के परिजनों द्वारा मंडलीय चिकित्सालय लेकर गए जहां से चिकित्सक द्वारा हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया है। वृद्ध के पुत्र बनारसी ने तिलाव चौकी में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग किया है।

### टोटो की टक्कर से दो घायल

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग रजई कटाई गांव में शनिवार की दोपहर टोटो की टक्कर से बाइक चालक व बाइक सवार महिला पंचायत सहायक घायल हो गयी। तहसील दिवस से लौट रहे थानाध्यक्ष व एडीओ पंचायत द्वारा दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भिजवाया है। हलिया थाना क्षेत्र के गौरवा गांव निवासी पंचायत सहायक 35 वर्षीय प्रमिला अपने पति अवधेश के साथ हलिया ब्लॉक से अपने मायका लालगंज जा रही थी की जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग रजई कटाई गांव में पहुंची की सामने से आ रहे टोटो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक चालक व बाइक सवार पंचायत सहायक घायल हो गयी। तहसील दिवस से वापस लौट रहे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने वाहन को रोककर दोनों घायलों को एम्बुलेंस वाहन से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भिजवाया है। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी तिलाव अनिल सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया है।

### विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लाक सभागार हलिया में शनिवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने ग्राम सचिवों के साथ बैठक कर विकास कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहां तीन दिनों के भीतर कार्य में सुधार सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान बीडीओ ने किसानों की लंबित फार्मर रजिस्ट्री को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने अन्य विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। बीडीओ ने कहा कि शासन की योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना सभी की जिम्मेदारी है। इसके साथ ही 'विंध्य स्वच्छता मिशन' के तहत क्षेत्र को स्वच्छ बनाने पर भी बल दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री आवास योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान सचिव कौशलेंद्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, बालकृष्ण, सौरभ यादव, अरविंद कुमार, शैलेन्द्र कुमार, विजय कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### घायल महिला की उपचार के दौरान मौत, मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव में गत 13 मार्च को बाइक के धक्के से गंभीर रूप से घायल महिला की उपचार के दौरान बीस दिन बाद प्रयागराज स्थित एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। दुर्जनीपुर गांव निवासी महिला के पुत्र अम्वेश कुमार वैश्य ने शुक्रवार को बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया।दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि बीते 13 मार्च की शाम को मां कुसुमलता वैश्य घर से पूजा करने के लिए मंदिर जा रही थी। भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र के भगवतीदासपुर निवासी भुआल सिंह ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए मां को धक्का मार दिया। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। उपचार हेतु मां को प्रयागराज स्थित पार्वती हास्पिटल में भर्ती कराया जहां 29 मार्च तक उपचार चला। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए यश हास्पिटल प्रयागराज में भर्ती कराया। जहां गुरुवार की रात उपचार के दौरान मां की मौत हो गई। बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष ड्रमडगंज भारत सुमन ने बताया कि मृतक महिला के पुत्र की तहरीर पर भदोही जिला निवासी बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

## बीएमएसपी टीम ने सिंगाही थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।**

भारतीय मानवाधिकार सुरक्षा परिषद (बीएमएसपी) की टीम ने सिंगाही थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार चौबे को संगठन की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। पदाधिकारियों ने उनके नेतृत्व में क्षेत्र में बेहतर कानून-व्यवस्था व मानवाधिकार संरक्षण के प्रयासों की सराहना की। जिला महासचिव अफजल के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में अब्दुल हसन, मीना गुप्ता, आदित्य जायसवाल सहित कई सदस्य मौजूद रहे। सभी ने समाज में न्याय व समानता के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत से व्यापार ठप होने के कगार पर

**व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन**



**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां खीरी।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरव गुप्ता के नेतृत्व में होटल, रेस्टोरेंट, मिष्ठान एवं अन्य खानपान से जुड़े व्यापारियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की भारी कमी को लेकर जिलाधिकारी खीरी दुर्गा शक्ति नागपाल को एक ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने अवगत कराया कि क्षेत्र में एलपीजी कमर्शियल गैस सिलेंडरों की उपलब्धता लगभग समाप्त हो चुकी है, जिसके कारण होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई भंडार एवं अन्य खानपान व्यवसाय गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि कई प्रतिष्ठान बंद होने की कगार पर पहुंच गए हैं, जिससे व्यापारियों के सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की सुचारु आपूर्ति के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, इसके बावजूद पलिया क्षेत्र में इन निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। व्यापार मंडल ने जिला प्रशासन से निवेदन किया कि शीघ्र ही कमर्शियल गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति बहाल कराई जाए। अन्यथा यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है, जिसका सीधा असर व्यापारियों के साथ-साथ आम जनता पर भी पड़ेगा, जिन्हें दैनिक भोजन एवं खानपान सेवाओं के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, आगामी विवाह सीजन को दृष्टिगत रखते हुए यह भी अनुरोध किया गया कि जिन घरों में शादियां निर्धारित हैं, उन्हें भी गैस सिलेंडर की सुचारु एवं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। इस मौके पर जिला महामंत्री अमित महाजन, जसवीर फ्लोरा नगर महामंत्री,श्याम आनंद कोषाध्यक्ष, राजेश गुप्ता तहसील महामंत्री, गौरव अग्रवाल युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष, आदित्य मौर्य युवा मंत्री रघुनाथ, राठौर नीरज गर्ग, राहुल गुप्ता,राजीव कुमार, सुखविंदर सिंह, पप्पू हलवाई, पंकज कुमार,सतीश गुप्ता, सुबोध गुप्ता, संतराम, अशोक, किशन, इकराम, रमाशंकर, सुखदेव सिंह, रामकृपाल गुप्ता, मुन्ना लाल साहू, रोहित, शिवमंगल, मनोज कुमार, हैप्पी गुप्ता, मनोहर चौधरी, मोहित, रामनिवास, आदेश वैश्य,संदीप कुमार, राजेश, मनोहर चौरसिया, आदि व्यापारीगढ़ मौजूद रहे।

## भटपुरवा पंचायत में 'जीजा-साला' कनेक्शन

**महिला प्रधान, फैसले पति के, साले को श्रमिक, ठेकेदार और मकान मालिक बनाकर लाखों का खेल**




**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

लखीमपुर खीरी के बांकेगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत भटपुरवा में पंचायत निधियों के उपयोग को लेकर उठे सवाल अब गंभीर रूप ले चुके हैं। आरोप है कि प्रधान के पद पर महिला होने के बावजूद पंचायत संचालन में उनके पति की भूमिका प्रमुख है और इसी प्रभाव में साले को अलग-अलग भूमिकाओं में दिखाकर सरकारी धन का लाभ पहुंचाया गया। सामने आए भुगतान रिकॉर्ड इस पूरे मामले को जीजा-साला गठजोड़ के जरिए लाखों रुपये के संभावित घोटाले की ओर इशारा कर रहे हैं। ग्राम पंचायत भटपुरवा के ऑनलाइन भुगतान विवरणों की जांच में एक चौंकाने वाला पैटर्न सामने आया है। अलग-अलग विकास कार्यों–जैसे इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण, आरसी सेंटर निर्माण और अन्य कार्यों–में एक ही व्यक्ति का नाम बार-बार सामने आता है। यह व्यक्ति प्रधान का साला बताया जा रहा है, जिसे कभी श्रमिक के रूप में भुगतान किया गया, तो कभी निर्माण कार्यों में ठेकेदार के तौर पर लाभ दिया गया। मामले की सबसे अहम कड़ी अस्थाई पंचायत भवन को लेकर सामने आती है। आरोप है कि प्रधान ने अपने निजी मकान को पंचायत भवन के रूप में संचालित किया और उसी के लिए अपने साले के नाम से एग्रीमेंट कराया गया। इसके बाद उसी व्यक्ति को मकान मालिक दिखाकर किराया, पेंटिंग और इंटरलॉकिंग जैसे कार्यों के नाम पर भुगतान किया गया। यानी एक ही व्यक्ति को अलग-अलग भूमिकाओं में प्रस्तुत कर पंचायत निधि से लगातार लाभ दिलाया गया। यह पूरा घटनाक्रम तब और संदेहास्पद हो जाता है जब यह सामने आता है कि जिस व्यक्ति को श्रमिक के रूप में भुगतान किया गया, वही व्यक्ति एक संपन्न मकान मालिक भी है और पंचायत भवन के नाम पर किराया भी प्राप्त कर रहा है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या रोजगार योजनाओं का उद्देश्य ऐसे लोगों को लाभ देना है या फिर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मामले को और तूल तब मिला जब प्रधान के संपर्क नंबर पर बात करने की कोशिश की गई। फोन उनके पति ने उठाया और पूरे मामले पर अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा, 'जब पंचायत भवन मेरे साले के घर में ही बना है तो किराया तो उन्हें देना ही होगा, इसीलिए दिया जाता है।

जब उनसे यह पूछा गया कि मकान मालिक होने के बावजूद उसी व्यक्ति को श्रमिक के रूप में भी भुगतान क्यों किया गया, तो उन्होंने जवाब दिया, '100 दिन का रोजगार तो सभी को देना है, इसलिए उन्हें भी दिया गया। यह बयान कई अहम सवाल खड़े करता है।

## संस्कृत संभाषण शिविर में छात्राओं का दमदार प्रदर्शन लखीमपुर खीरी महाविद्यालय का बढ़ा मान

**लखीमपुर खीरी।** भगवानदीन आर्यकन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं हेमकमल वर्मा एवं दीपामाला ने संस्कृत भाषा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। दोनों छात्राओं ने 10 मार्च 2026 से 19 मार्च 2026 तक उत्तरप्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित 10 दिवसीय आवासीय संस्कृत संभाषण प्रशिक्षण शिविर में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान छात्राओं ने संस्कृत भाषा में संवाद कौशल का गहन अभ्यास किया और विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना न केवल प्रशिक्षकों बल्कि अन्य प्रतिभागियों द्वारा भी की गई। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए छात्राओं को महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुरचना त्रिवेदी से विशेष प्रेरणा मिली। वहीं, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. गीता शुक्ला ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्राओं की यह सफलता संस्थान के शैक्षणिक वातावरण और मार्गदर्शन का परिणाम है। शिविर के दौरान हेमकमल वर्मा और दीपामाला ने न केवल भाषा कौशल को निखारा, बल्कि आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में भी उल्लेखनीय प्रगति की। प्रशिक्षणार्थी धीरज मैठाणी, अनिल गौतम, राधा एवं पूनम के सरल और प्रभावी शिक्षण से छात्राओं को विशेष लाभ मिला। समग्र रूप से यह प्रशिक्षण शिविर छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक साबित हुआ, जिसने उनके भाषायी कौशल और व्यक्तित्व विकास को नई दिशा दी।

## मिशन शक्ति फेस-5 के तहत करियर कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित, समिति का गठन

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

मिशन शक्ति फेस-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य की अध्यक्षता में करियर कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में कौशल विकास के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर महाविद्यालय स्तर पर करियर कौशल विकास समिति का गठन किया गया।

समिति में प्रभारी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अर्चना सिंह, सह प्रभारी शिवांगी सक्सेना, प्रभारी रेंजर्स तथा सदस्य के रूप में डॉ. राखी चौहान (सीटीओ, एनसीसी) को नामित किया गया।

प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि समिति के माध्यम से छात्राओं को समय-समय पर कैरियर निर्माण एवं कौशल विकास के लिए प्रेरित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इससे छात्राएं अपने अंतर्निहित कौशल को विकसित कर भविष्य में स्वावलंबी बन सकेंगी।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की शिक्षिकाएं प्रो. रेखा पाण्डेय, अर्चना सिंह, शिवांगी सक्सेना सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## चैती मेला में झलकी प्रतिभाओं की चमक, जूनियर गायन-नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने जीता दिल

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।**

छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में चल रहे ऐतिहासिक चैती मेला 2025 के सातवें दिन सांस्कृतिक मंच पर जूनियर वर्ग की गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आदर्श नगर पंचायत मैलानी की चेयरपर्सन कीर्ति महेश्वरी, कार्यक्रम अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य शिवनंदन वर्मा एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।



इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक नत्थूलाल अवस्थी, मा अन्नपूर्णा रसोई के कोषाध्यक्ष आदर्श सोनी, रोडवेज कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर, बेसिक हेल्थवर्कर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, सेवानिवृत्त पालिका कर्मी श्रीराम शुक्ला, समाजसेवी सुरेश प्रजापति, पूर्व प्रधान ललित वर्मा, समाजसेवी धनेश शुक्ला एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने अतिथियों का पुष्पमालाओं व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया और सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि कीर्ति महेश्वरी ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन एक परिवार की तरह कार्य कर रहा है, जिसके चलते चैती मेला निरंतर भव्यता प्राप्त कर रहा है। वहीं पालिकाध्यक्ष ने मेला आयोजन में सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और आमजन के सहयोग को सराहा।

कार्यक्रम की शुरुआत आर्यन गुप्ता के अभिनय गीत 'डांस का भूत' से हुई। इसके बाद उपास्ती डे, आकृति गुप्ता, कृतिका जायसवाल, परिधि गुप्ता, परी साहनी, आर्यमान दीक्षित, रसमीत कौर, सानविका अवस्थी, आकांक्षा वर्मा, उन्नति वर्मा सहित दर्जनों बाल कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। देशभक्ति, भक्ति गीतों और फिल्मी गीतों पर प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्साह से भर दिया।

**नृत्य प्रतियोगिता परिणाम**

निर्णायक विशाल और रुचि मिश्रा के संयुक्त निर्णय में दान्या ने प्रथम स्थान, अलीशा सोंधी ने द्वितीय एवं परी साहनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## शासन के मंशुानरूप जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया संपूर्ण समाधान दिवस

- **जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आए हुए फरियादियों की सुनी समस्याएं**
- **तहसील लालगंज में मण्डलायुक्त के समक्ष प्राप्त 60 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर 3 का निस्तारण**

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।**



शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज में मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रकाश, पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह एवं तहसील सदर में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियो की समस्याओ को सुना गया। तहसील लालगंज में मण्डलायुक्त के समक्ष प्राप्त 60 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर 03 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियो को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए अन्यथा कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। तहसील सदर में जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियो की समस्याओ सुना। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा 91 प्रार्थना पत्रो की सुनवाई की गई जिसमें मौके पर 15 प्रार्थना पत्रो का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियो को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई में किसी प्रकार की लापरवाही न बरते, मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जनसुनवाई का फीडबैक लिया जा रहा है अतएव गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र, भूमि विवाद एवं ग्राम सभाओं में अवैध कब्जे वाली जमीनो को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए निस्तारण कराएं इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियो पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। धारा-67 में अभियान चलाकर प्रकरणो का निस्तारण करें व उप जिलाधिकारी इसकी निगरानी करें। उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 में आने वाले सभी संदर्भो को अधिकारी गम्भीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा संचालित लाभीपरक योजनाओ से शत प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को योजना से आच्छादित किया जाए। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलो में यथा तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 के समक्ष प्राप्त 99 प्रार्थना पत्रो में से 10 का निस्तारण एवं चुनार में अपर जिलाधिकारी भू0ध्रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष प्राप्त 84 प्रार्थना पत्रो में से एक निस्तारण किया गया। तहसील सदर में उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सी0एल0 वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।